राष्ट्रीय दैनिक

प्रातः किरण

दिल्ली एवं पटना से प्रकाशित

हर खबर पर पकड़

/Pratahkiran /Pratahkiran /Pratahkiran

10 जियो फाइनेंशियल का हो रहा डीमर्जर, ईशा अंबानी और राजीव महर्षि को ...

भारत-वेस्टइंडीज-रिंकू-रुतुराज को टी20 टीम में जगह ना मिलने पर ... 11

वर्ष : 11 | अंक : 60 | पटना, सोमवार, 10 जुलाई, 2023 | विक्रम संवत् 2080 | पेज : 12 | मूल्य ₹ : 03.00 | www.pratahkiran.com

मौसम

अधिकतम तापमान 37°C

न्यूनतम तापमान 29.0°C

हां	30%
नहीं	50%
कह नहीं सकते	10%

बाजार

सोना	59,340
चांदी	55,350
सेंसेक्स	63,327
निफ्टी	18,816

बिहार विधान मंडल : मानसून सत्र का आगाज आज से, तैयारी पूरी

प्रात : किरण

पटना। बिहार विधान मंडल का मानसून सत्र आज यानी सोमवार से शुरू होने जा रहा है। सत्र को लेकर सत्ताधारी गठबंधन और सराकर पूरी तरह तैयार है। सत्र काफी हंगामेदार होने के आसार हैं। सत्र के पहले दिन बिहार विधान सभा में विधानसभा अध्यक्ष अवध बिहारी चौधरी व विधान परिषद में सभापति देवेश चंद्र ठाकुर का प्रारंभिक संबोधन होगा। दोनों सदनों में वर्तमान सत्र के लिए अध्यासीन सदस्यों की घोषणा होगी। अध्यादेशों को सदन के पटल पर रखा जाएगा। वित्तीय वर्ष 2023-24 की प्रथम अनुपूरक व्यय विवरणी की एक प्रति सदन के पटल पर रखा जाएगा। दोनों सदनों में शोक प्रकाश पढ़ा जाएगा। मानसून सत्र को सुरक्षा की चाक चौबंद व्यवस्था की गई है। संसदीय कार्य मंत्री विजय चौधरी ने कहा है कि मानसून सत्र को लेकर सत्ताधारी गठबंधन और सरकार दोनों पूरी तरह तैयार है। सोमवार को अधिकांश राजनीतिक दलों की बैठक होनी है। बैठक में सत्र को लेकर रणनीति बनेगी। सोमवार को भाजपा विधायक दल की बैठक प्रदेश कार्यालय में दिन के 12:30 बजे तय हुई है। महागठबंधन विधानमंडल दल की बैठक भी दोपहर को सेंट्रल हॉल में नीतीश कुमार की अध्यक्षता में

होगी। वहीं, शाम को संसदीय कार्य मंत्री मंत्री विजय कुमार चौधरी के आवास पर जदयू विधान मंडल की बैठक रखी गई है। श्री चौधरी ने कहा है कि सरकार जनहित के मुद्दे पर पूछे गए विपक्ष के हर सवाल का जवाब सदन में देगी। इधर, भाजपा विधानमंडल दल की बैठक में पार्टी के सभी विधायक व विधान पार्षदों को बुलाया गया है। बैठक में मानसून सत्र के दौरान पार्टी की ओर से अपनाई जा रही रणनीति पर चर्चा होगी। भाजपा विधानमंडल के नेता विजय कुमार सिन्हा ने कहा कि बैठक में सत्र के दौरान सरकार को जनहित मुद्दों पर घेरने की रणनीति बनाई जाएगी। कांग्रेस विधानमंडल दल की बैठक सोमवार को होगी। विधानसभा में विधायक दल के नेता शकील अहमद खान के आवास पर यह बैठक होगी। बैठक में पार्टी के विधान मंडल के तमाम सदस्य मौजूद रहेंगे। सत्र में पार्टी की रणनीति सहित अन्य कई बिंदुओं पर बैठक में चर्चा होगी। विपक्ष के सवालों का जवाब देने और सरकार की उपलब्धियों पर चर्चा को लेकर विधायकों को दिशा निर्देश भी जारी होंगे ।

बता दें कि विस अध्यक्ष के निर्देश पर मानसून सत्र के दौरान सुरक्षा, ट्रैफिक व्यवस्था, चिकित्सा, सफाई, पार्किंग की सुचारू व्यवस्था की गई है। इस सत्र में कुल 05 कार्य दिवस होंगे। निर्धारित अवधि में प्रश्न, ध्यानाकर्षण, निवेदन, याचिका तथा अन्य महत्वपूर्ण विधायी कार्य संपन्न होंगे।

गंगा, गंडक सहित कई नदियां उफान पर, कटाव का खतरा

पांच जिलों में ऑरेंज और पांच अन्य जिलों में येलो अलर्ट जारी

प्रात : किरण

पटना/एजेंसी। बिहार में लगातार हो रही बारिश से गंगा, गंडक, कोसी और बागमती समेत कई नदियां उफान पर हैं। नदियों के आसपास के इलाकों में कटाव का खतरा बना हुआ है। लोग अब सुरक्षित जगहों पर पलायन कर रहे हैं। मौसम विभाग ने बिहार के पांच जिलों में ऑरेंज और पांच अन्य जिलों में येलो अलर्ट जारी किया है। बिहार और नेपाल में हो रही लगातार बारिश के बाद नदियों का जलस्तर तेजी से बढ़ रहा है। साथ ही कटाव भी तेज होने से नदी किनारे बसी आबादी पर खतरा बढ़ गया है। गंगा, गंडक, कोसी, बागमती समेत सारी नदियों की कमोबेश ऐसी ही स्थिति है। बेतिया के योगापट्टी और गोपालगंज के छह प्रखंडों में गंडक नदी का कटाव तेज होने से लोगों में दहशत है। योगापट्टी के सिसवां दलित बस्ती, मंगलपुर रखई और परती टोला गांव पर गंडक नदी के कटाव का खतरा मंडराने लगा है। कटाव से अब तक इन गांवों के दर्जनों किसानों की ईख की फसल सहित पूरा खेत नदी में समा चुका है। दूसरी तरफ, गोपालगंज के छह प्रखंडों के 42 गांव गंडक नदी के निशाने पर हैं। नदी के बढ़ते-घटते जलस्तर के बीच दियारा क्षेत्र के लोगों में बाढ़ का भय सता रहा है। जिले के कुचायकोट, गोपालगंज सदर, मांझागढ़, बरौली, सिधवलिया व बैकुंठपुर प्रखंडों के 42 गांव गंडक नदी के निचले हिस्से में बसे हैं। पश्चिम चंपारण के योगापट्टी प्रखंड के सिसवा मंगलपुर दलित बस्ती गांव के पास कटाव करती गंडक नदी। मधेपुरा में कोसी की सहायक नदियों में पानी बढ़ने से चौसा प्रखंड इलाके में निचले हिस्सों में नदी का पानी फैलने लगा है। चौसा के मोरसंडा पंचायत के समीप घघरी नदी का कटाव भी जारी हो चुका है, जिससे लगभग दो दर्जन परिवारों पर कटाव का खतरा मंडराने लगा है। मुंगेर में गंगा अभी लाल निशान से नीचे है लेकिन बढ़ते जलस्तर व कटाव से लोगों की चिंता बढ़ने लगी है।

चिराग से मिले नित्यानंद राय, सियासी हलचल तेज

बोलें-विपक्षी दल सिर्फ भ्रष्टाचार के लिए एकजुट है

प्रात : किरण

पटना। केंद्रीय गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय ने लोजपा रामविलास के राष्ट्रीय अध्यक्ष व जमुई सांसद चिराग पासवान से रविवार को उनके पटना स्थित एसकेपुरी आवास पर मुलाकात की। इस मुलाकात के बाद बिहार में राजनीतिक हलचल तेज हो गयी है। मुलाकात के बाद चिराग पासवान के एनडीए में शामिल होने व मोदी कैबिनेट में शामिल होने की चर्चा तेज हो गयी है। हालांकि नित्यानंद राय ने इस मुलाकात को लेकर कहा कि चिराग पासवान का घर हमारा पुराना घर है। यहां हमारा पुराना संबंध है और सदा रहेगा। जब हमारी मुलाकात होती है तो अच्छी बात होती है आज भी हुई है। नित्यानंद राय ने कहा कि भाजपा और रामविलास ने देश को अपनी सेवा से खुश रखने का काम किया है। चिराग से हमारी बात कभी बिगड़ी ही नहीं थी कि बनने को लेकर बात उठ रही है। श्री राय ने कहा कि दरअसल महागठबंधन प्रधानमंत्री के कार्य से घबरा चुकी है। महागठबंधन में घबराहट के कारण आपसी टकराव हो रहा है। विपक्षी नेता एकजुट होने की कोशिश कर रहे हैं। लेकिन, देश की जनता प्रधानमंत्री के लिए पहले ही

एकजुट हो चुकी है। विपक्षी दल सिर्फ भ्रष्टाचार के लिए एकजुट है जनता के लिए कोई एकजुटता नहीं है। बता दें कि लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) की बैठक में चिराग पासवान को किसी भी गठबंधन में पार्टी के शामिल होने को लेकर निर्णय लेने के लिए अधिकृत किया गया। जब चिराग से राजग में शामिल होने की संभावना के बारे में पूछा गया तो उन्होंने कहा, मेरे लिए उनसे पहले कोई घोषणा करना गठबंधन की मयार्दा के विरूद्ध है। वे (राजग) अपना मन बनाने से पहले दूसरे दौर की बातचीत कर सकते हैं। भाजपा के प्रति चिराग का लगाव तथा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की उनके द्वारा की गयी प्रशंसा जगजाहिर है लेकिन माना जा रहा है कि गठबंधन की राह में कुछ रूकावट है। चिराग के चाचा पशुपति कुमार पारस केंद्रीय मंत्रिमंडल में मंत्री हैं। पारस ने रामविलास पासवान के निधन के बाद बगावत कर दिया था, फलस्वरूप लोजपा विभाजित हो गयी थी। चाचा और भतीजा दोनों कई बार कह चुके हैं कि जिस गठबंधन में दूसरा होगा, वह उसका हिस्सा नहीं बनेंगे। चिराग ने रविवार को अपने चाचा के बारे में कोई नया बयान नहीं दिया लेकिन उन्होंने पहले स्पष्ट किया था कि उनकी पार्टी निःसंदेह हाजीपुर से लोकसभा चुनाव लड़ेगी जिसका उनके पिता ने कई बार संसद में प्रतिनिधित्व किया था। इस समय उनके चाचा इस निर्वाचन क्षेत्र से सांसद हैं।

जब जब भाजपा को बिहार से हराते हैं, तब- तब चार्जशीट में नाम आता है : तेजस्वी

विदेश दौरे से वापस पटना लौटे डिप्टी सीएम

प्रात : किरण

पटना। उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव ने भाजपा पर जोरदार हमला बोला है। रविवार को उपमुख्यमंत्री अपने निजी दौरे से विदेश से लौट आए हैं। देर शाम तेजस्वी यादव अपनी पत्नी और पिता लालू यादव के साथ पटना पहुंचे। पटना एयरपोर्ट पर डिप्टी सीएम ने नौकरी के बदले जमीन लेने के मामले में चार्जशीट में नाम आने पर बड़ा बयान दिया। साथ ही बिहार में चल रहे महागठबंधन की सरकार की एकता और अपने आगामी ऑपरेशन की जानकारी दी। तेजस्वी ने कहा है कि केंद्र की एजेंसियां 6 साल पहले कहां थी, ये बताएं। जब जब भाजपा को बिहार से हराते हैं। तब- तब चार्जशीट में नाम आता है। छापा मारकर एजेंसियां का दुरुपयोग किया जाता है। भाजपा के लिए कुछ लोग महाराष्ट्र में भ्रष्टाचारी थे। अब साफ हो गए। सिर्फ न्यूज मेकिंग और टीआरपी का खेल है। उन्होंने कहा की नीतीश कुमार के नेतृत्व में महागठबंधन सरकार मजबूती से चल रही है। देशहित के लिए ये महागठबंधन बना है। नीतीश कुमार पूरे देश के विपक्षियों को एकजुट करने में लगे हैं। कुछ मीडिया हाउस है जो बीजेपी के प्रवक्ता की तरह प्रोपेगेंडा फैला रहे हैं। जो न्यूट्रल जर्नलिस्ट हैं उनके यहां भी छापा पड़ रहे हैं। बीजेपी के पुराने खेल से हमें कोई फर्क नहीं पड़ने वाला है। कुछ लोग इसी में लगे हैं कि महागठबंधन टूट जाए। अभी तो हमलोग एक जुट हो रहे हैं।

उत्तराखंड में वर्षा जनित घटनाओं में आठ की मौत

देहरादून/एजेंसी। उत्तराखंड में भारी बारिश के दौरान रविवार को भूस्खलन के कारण वाहन दुर्घटना और मकान गिरने की घटनाओं में आठ लोगों की मृत्यु हो गयी तथा छह अन्य घायल हो गए। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। खराब मौसम के मद्देनजर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने प्रशासन को चौकस रहने के निर्देश देते हुए लोगों को अनावश्यक आवागमन से बचने को कहा है। कई स्थानों पर भूस्खलन होने से मार्ग बंद हो गए हैं जिससे आम जन-जीवन के प्रभावित होने के साथ ही चारधाम यात्रा में भी रूकावट आ रही है। लगातार बारिश के कारण गंगा सहित प्रदेश की प्रमुख नदियों का जलस्तर भी बढ़ गया है। टिहरी गढ़वाल जिले के मुनि की रेती क्षेत्र में तड़के केदारनाथ से लौट रही एक जीप भूस्खलन की चपेट में आकर अनियंत्रित होकर गंगा नदी में जा गिरी जिससे उसमें सवार छह श्रद्धालु डूब गए। राज्य आपदा मोचन बल (एसडीआरएफ) के निरीक्षक कवींद्र सजवाण ने बताया कि गोताखोरों की मदद से हादसे का शिकार हुए तीन श्रद्धालुओं के शव बरामद किए जा चुके हैं जबकि अन्य तीन की खोज के लिए अभियान चलाया जा रहा है। मुनि की रेती पुलिस थाने के प्रभारी निरीक्षक रितेश साह ने बताया कि ऋषिकेश-बदरीनाथ राष्ट्रीय राजमार्ग पर गुलर के पास मालकुंती पुल और होटल आनंद काशी के बीच हुई दुर्घटना के समय जीप में चालक समेत 11 लोग सवार थे। जीप ऋषिकेश जा रही थी। साह ने बताया कि जीप में सवार पांच अन्य यात्रियों को बचा लिया गया। उन्हें ऋषिकेश के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। दुर्घटना का शिकार हुए लोग दिल्ली, बिहार तथा हैदराबाद के रहने वाले थे। एक अन्य घटना में, अतिवृष्टि के कारण उधमसिंह नगर जिले के काशीपुर क्षेत्र के मिस्सरवाला गांव में दो मकान गिर गए जिससे उनमें से एक में रह रहे एक दंपति की मौत हो गयी तथा उनकी पोती घायल हो गयी।

सड़क हादसे में एएसआई की मौत और चार जवान घायल, छापेमारी के लिए निकली थी पुलिस टीम

प्रात : किरण

सिवान। सिवान में छापेमारी करने जा रही पुलिस की गाड़ी ट्रक से जा भिड़ी। इस हादसे में एएसआई भुनेश्वर सिंह की घटना स्थल पर ही मौत हो गई। जबकि चालक समेत 4 पुलिसकर्मी गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद सभी को उपचार के लिए सिवान सदर अस्पताल लाया गया। जहां डाक्टर ने घायलों को बेहतर इलाज के लिए पीएमसीएच रेफर कर दिया। हुसैनगंज थाने की पुलिस टीम एएसआई भुनेश्वर सिंह के नेतृत्व में छापेमारी के मैरवा जा रही थी। गाड़ी चालक शंभू दयाल प्रसाद चला रहे थे। वहीं आगे की सीट पर एएसआई भुनेश्वर सिंह बैठे थे। जबकि पिछले की सीट पर होमगार्ड जवान रामानन्द साह, रामपुकार सिंह और सुभाष प्रसाद थे। तीतरा से आगे बढ़ने पर पुलिस की गाड़ी रोड पर खड़े ट्रक से जा भिड़ी। टक्कर इतना भीषण था कि पुलिस की गाड़ी के परखच्चे उड़ गए। इसमें एएसआई की भुनेश्वर की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि चालक शंभू प्रसाद समेत सभी पुलिस कर्मी गंभीर रूप से घायल हो गए। एएसआई भुनेश्वर की मौत की खबर से पुलिस महकमे में शोक की लहर दौड़ पड़ी। उनके शव को पोस्टमार्टम कराने के बाद सुबह पुलिस लाइन लाया गया। जहां एसपी शैलेश कुमार सिन्हा समेत पुलिस पदाधिकारियों ने उन्हें आखिरी विदाई दी। इस

दौरान एसपी ने उन्हें कर्तव्यनिष्ट पदाधिकारी बताते हुए कहा कि एएसआई भुनेश्वर की मौत सरकारी ड्यूटी में हुई है। ऐसे में उनके परिवार को विभाग के तरफ से हर तरह का लाभ दिया जाएगा। एएसआई भुवनेश्वर सिंह मूल रूप से उत्तर प्रदेश के चंदौली जिले के सकलडीहा थाना क्षेत्र के विशुनपुरा निवासी स्व० राम नगीना सिंह के 48 वर्षीय पुत्र थे। हुसैनगंज थाने में पिछले 2 साल से अधिक समय से वे एएसआई के पद पर कार्यरत थे। एएसआई की अचानक मौत से परिवार के लोग भी सदमे में हैं। हुसैनगंज थाने में एक महीने के अंदर दो दारोगा की मौत से सभी आहत हैं। दरअसल पिछले महीने 19 जून को पीटीसी दारोगा कलामुद्दीन खान की मौत हो गई थे। तेज गर्मी में उन्हें लू लग गया था। वहीं ठीक 20 दिन बाद एएसआई भुनेश्वर सिंह की भी सड़क हादसे में मौत हो गई। इससे हुसैनगंज थाने के पुलिसकर्मियों में भय का माहौल बन गया है।

श्रीलंका जलसीमा में मछली पकड़ने के आरोप में 15 भारतीय मछुआरे गिरफ्तार

प्रात : किरण

श्रीलंका/ एजेंसी। श्रीलंका की जलसीमा में प्रवेश कर कथित रूप से मछली पकड़ने के आरोप में श्रीलंकाई नौसेना ने मछली पकड़ने वाले दो जहाजों पर सवार 15 भारतीय मछुआरों को गिरफ्तार किया है। एक आधिकारिक बयान में रविवार को इसकी जानकारी दी गई। श्रीलंका की नौसेना ने एक बयान में कहा, ह्यनौसेना और तट रक्षक बल ने आठ जुलाई की रात को श्रीलंका में अवैध रूप से मछली पकड़ने में लगे भारतीय जहाजों को खदेड़ने के लिए एक विशेष अभियान चलाया। बयान में कहा गया है कि जाफना में डेल्फ्ट द्वीप पर चलाए गए अभियान में 15 भारतीय नागरिकों को गिरफ्तार किया गया है। इसमें कहा गया है कि मछुआरों को गिरफ्तार कर उनके पास से जब्त किए गए मछली पकड़ने वाले जहाजों को कांकेसंथुराई बंदरगाह लाया गया है और आगे की कानूनी कार्यवाही के लिए मैलाडी मत्स्य निरीक्षक को सौंप दिया गया। श्रीलंकाई नौसेना ने पिछले महीने अवैध रूप से मछली पकड़ने के आरोप में तमिलनाडु के 22 मछुआरों को गिरफ्तार किया था। बयान में कहा गया है कि 2023 में अब तक, श्रीलंकाई नौसेना ने मछली पकड़ने में इस्तेमाल किए जाने वाले 12 भारतीय जहाज जब्त किए हैं और इस साल वहां के जलसीमा से 74 भारतीय मछुआरों को गिरफ्तार किया। सभी मछुआरों को कानूनी कार्रवाई के लिए श्रीलंकाई अधिकारियों को सौंप दिया गया। भारत और श्रीलंका के बीच कई उच्च-स्तरीय वाताओं के बावजूद भारतीय मछुआरों द्वारा श्रीलंकाई जलक्षेत्र में अवैध रूप से मछली पकड़ने की समस्या लगातार रही है।

इंदौर में होगा रोजगार पर जी20 का मंथन, मंत्री ने तैयारियों की समीक्षा की

इंदौर/ एजेंसी। केंद्रीय श्रम एवं रोजगार मंत्री भूपेंद्र यादव ने जी20 समूह की इंदौर में 19 जुलाई से शुरू होने वाली तीन दिवसीय बैठक की तैयारियों की रविवार को समीक्षा की। अधिकारियों ने बताया कि भारत की अध्यक्षता वाले जी20 के इस जमावड़े के शुरूआती दो दिनों में रोजगार कार्य समूह की चौथी बैठक होगी, जबकि तीसरे दिन इस समूह के देशों के श्रम और रोजगार मंत्रियों की बैठक होगी। अधिकारियों के मुताबिक यादव ने इस बैठक के दौरान अधिकारियों को निर्देश दिए कि भारत के सबसे स्वच्छ शहर इंदौर में जी20 के जमावड़े के दौरान मेहमानों के सामने मध्यप्रदेश की ऐतिहासिक, सांस्कृतिक और वन्य विरासत की छटा पेश की जाए। उन्होंने बताया कि केंद्रीय श्रम और रोजगार मंत्री बैठक के बाद शहर की मशहूर चाट-चौपाटी 56 दुकान और एक होटल भी पहुंचे और जी20 के प्रतिनिधियों के लिए किए जा रहे इंतजामों का जायजा लिया।

संक्षिप्त खबरें

जम्मू-कश्मीर के पुंछ में बाढ़ में बहे दो सैनिकों के शव बरामद

जम्मू। भारी बारिश के कारण अचानक आई बाढ़ में बहे दो सैनिकों के शव जम्मू-कश्मीर के पुंछ में बरामद हुए। अधिकारियों ने रविवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि सेना के दोनों जवान सूरनकोट इलाके में डोगरा नाले को पार कर रहे थे और इस दौरान वे तेज बहाव में बह गए। अधिकारियों के मुताबिक, नायक सूबेदार कुलदीप सिंह का शव शनिवार रात को डोगरा नाले से निकाल लिया गया, जबकि दूसरे सैनिक का शव रविवार को बरामद हुआ। अधिकारियों ने कहा कि एक जवान के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

चंद्रयान-3 से चांद पर उतरने वाला चौथा देश बन जाएगा भारत : जितेंद्र

नईदिल्ली। केंद्रीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार) डॉ जितेंद्र सिंह ने कहा है कि इस सप्ताह इसरो द्वारा लांच होने वाले चंद्रयान-3 मिशन से भारत चांद की सतह पर यान उतारने वाला चौथा देश बना जाएगा। डॉ. सिंह ने एक बयान में कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत की अंतरिक्ष क्षमता में एक साथ बड़ी वृद्धि हुई है। अब भारत चांद तक पहुंचने में पीछे नहीं रहेगा। चंद्रयान-3 चंद्रयान 2 का अगला मिशन है जिसका लक्ष्य चांद पर सॉफ्ट लैंडिंग करना और वहां की जमीन पर चलना है। उन्होंने बताया कि चंद्रयान-3 में कुछ बदलाव किए गए हैं ताकि वह आसानी से चांद की सतह पर उतर सके।

आंध्र में सड़क हादसे में छह लोगों की मौत, दो घायल

तिरुपति। आंध्रप्रदेश में तिरुपति जिले के श्रीकालाहस्ती के मिट्टा कांड्रिगा में रविवार को एक कार और ट्रक के बीच टक्कर हो जाने से छह लोगों की मौके पर ही मौत हो गयी एवं दो अन्य गंभीर रुप से घायल हो गए। पुलिस ने बताया कि यह दुर्घटना तब हुई जब कार में सवार लोग तिरूपति से श्रीकालाहस्ती जा रहे थे। सभी लोग विजयवाड़ा के रहने वाले थे। घायलों को इलाज के लिए नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया। पुलिस ने बताया कि मामला दर्ज कर लिया गया है और जांच की जा रही है।

मुक्त व्यापार वार्ता के लिए आज ब्रिटेन जाएंगे पीयूष गोयल

नई दिल्ली। केन्द्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल मुक्त व्यापार वार्ता के लिए सोमवार को तीन दिन की यात्रा पर ब्रिटेन जायेंगे। मंत्रालय के अनुसार श्री गोयल की यात्रा न केवल भारत और ब्रिटेन के बीच मुक्त व्यापार समझौते पर जारी बातचीत पर केन्द्रित होगी, बल्कि व्यापार और आर्थिक साझेदारी समझौते की प्रगति पर चर्चा के लिए यूरोपीय मुक्त व्यापार संघ के सदस्य देशों के मंत्रियों से भी मुलाकात करेंगे। श्री गोयल की यात्रा ऐसे महत्वपूर्ण समय पर हो रही है जब भारत और ब्रिटेन दोनों आर्थिक संबंधों का विस्तार करने और द्विपक्षीय व्यापार को बढ़ाने की संभावनाओं का पता लगाने की दिशा में काम कर रहे हैं। मुक्त व्यापार वार्ता में तेजी के साथ, इस दौरे का उद्देश्य चचाओं को आगे बढ़ाना और व्यापक तथा पारस्परिक रूप से लाभप्रद समझौते का मार्ग प्रशस्त करना है जो आर्थिक विकास को बढ़ावा देगा और दोनों देशों के बीच संबंधों को सुदृढ़ करेगा। यात्रा के दौरान श्री गोयल ब्रिटेन के वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री के साथ उच्च स्तरीय बैठकों में भाग लेंगे।

यात्रा एक जुलाई को यात्रा शुरू होने के बाद से अब तक 90,000 से अधिक श्रद्धालु गुफा मंदिर में बाबा के कर चुके हैं दर्शन

मौसम में सुधार के बाद अमरनाथ यात्रा फिर शुरू, शाह ने बारिश संबंधी स्थिति की ली जानकारी

प्रात : किरण

जम्मू/एजेंसी। कश्मीर में मौसम में सुधार के बाद तीसरे दिन बालटाल और पहलगाम मार्ग से अमरनाथ यात्रा रविवार दोपहर बाद एक बार फिर से शुरू कर दी गई। प्रशासन ने जम्मू संभाग के बेस कैंपों से अभी भी श्रद्धालुओं को आगे जाने की अनुमति नहीं दी है। रविवार दोपहर बाद जैसे ही अमरनाथ गुफा मंदिर के आसपास आसमान साफ हुआ, अधिकारियों ने द्वार खोल दिए और रास्ते में फंसे भक्तों को बाबा बफार्नी के दर्शन के लिए आगे जाने की अनुमति दे दी गई। पंचतरणी आधार शिविर के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि जिन भक्तों ने पहले ही दर्शन कर लिए हैं, उन्हें बालटाल आधार शिविर में लौटने की अनुमति दे दी गई है। इस बीच घाटी में भारी बारिश के कारण फंसे 700 से अधिक अमरनाथ यात्रियों को सेना ने अनंतनाग जिले के काजीगुंड में अपने शिविर में जगह दी है। यात्रा केवल हेलीकॉप्टर सेवा द्वारा मध्य कश्मीर के गांदरबल जिले के सबसे छोटे मार्ग बालटाल से फिर से शुरू हुई क्योंकि पिछले दो दिनों के दौरान बारिश के कारण कई स्थानों पर यात्रा की स्थिति फिसलन भरी बनी हुई थी। एक अधिकारी ने कहा, तेज धूप निकलने के साथ मौसम में सुधार होने पर दक्षिण कश्मीर के पहलगाम में नुनवान आधार शिविर से यात्रा दोपहर 12:40 बजे फिर से शुरू हुई। उन्होंने कहा कि खराब मौसम और फिसलन भरी स्थिति के कारण बालटाल मार्ग से रविवार को लगातार तीसरे दिन यात्रा अस्थायी रूप

से निलंबित रही। उन्होंने कहा कि रविवार को अपराह्न छह बजे तक 234 महिलाओं सहित 634 तीर्थयात्रियों को बालटाल से हेलीकॉप्टर के जरिए 117 उड़ानों में अमरनाथ गुफा मंदिर तक पहुंचाया गया। उन्होंने कहा कि 2590 लोगों ने अमरनाथ गुफा में पूजा की और दर्शन किये। उन्होंने कहा कि मौसम में सुधार हुआ है और पैदल यात्रा सोमवार सुबह फिर से शुरू होने की संभावना है। एक जुलाई को यात्रा शुरू होने के बाद से अब तक 90,000 से अधिक श्रद्धालु गुफा मंदिर में बाबा के दर्शन कर चुके हैं। शाह ने उपराज्यपाल से की बातचीत : केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने रविवार को दिल्ली और जम्मू कश्मीर के उपराज्यपालों से बात की और लगातार बारिश के मद्देनजर केंद्र शासित प्रदेशों की स्थिति के बारे में जानकारी ली। शाह ने भारी बारिश के कारण स्थगित हुई अमरनाथ यात्रा के बारे में भी जम्मू कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा से बातचीत की। गृह मंत्री ने राजधानी में लगातार बारिश के मद्देनजर दिल्ली के उपराज्यपाल वी के सक्सेना से बात की और हालात की जानकारी ली। एक सूत्र ने कहा, गृह मंत्री ने जम्मू कश्मीर के उपराज्यपाल से भी बात की और भारी बारिश के कारण स्थगित की गई अमरनाथ यात्रा की स्थिति पर चर्चा की। भारत मौसम विज्ञान विभाग ने बताया कि दिल्ली में रविवार सुबह साढ़े आठ बजे तक पिछले 24 घंटे की अवधि में 153 मिलीमीटर (मिमी) बारिश दर्ज की गई, जो 1982 के बाद से जुलाई में एक दिन में हुई सर्वाधिक बारिश है। विभाग के अनुसार पश्चिमी विक्षोभ और मानसूनी हवाओं के कारण उत्तर-पश्चिम भारत में मूसलाधार बारिश और दिल्ली में मौसम की पहली भारी बारिश हुई है। अधिकारियों ने बताया कि कश्मीर में खराब मौसम के कारण तीन दिन तक स्थगित रहने के बाद पंजतरणी और शेषनाग आधार शिविरों से अमरनाथ यात्रा रविवार को फिर से शुरू हो गई।

संक्षिप्त खबरें

हृदयाघात से नवयुवक की मौत

फतुहा। रविवार को सुबह स्टेशन रोड रेलवे कॉलोनी निवासी स्वर्गीय संजय सिंह के एक मात्र पुत्र 22 वर्षीय शुभम कुमार की अचानक मौत हो गयी। संभवतः उसकी मौत हृदयाघात से हुई है। बताया जाता है कि सुबह उठकर मार्निंग वाक के लिए निकला था। घर वापस आने पर उसने सीने में दर्द की शिकायत बताई। तत्काल स्थानीय चिकित्सक के पास ले जाया गया। चिकित्सक के मुताबिक उसे पटना ले जाया गया लेकिन रास्ते में ही उसकी मौत हो गयी। बताया जाता है कि करीब एक साल पहले उसकी पिता की मौत हो गयी थी। शुभम का शादी भी तय था तथा नवम्बर माह में शादी होने वाली थी। गमगीन माहौल में दोपहर बाद उसकी अंतिम संस्कार कर दिया गया। परिजनों के बीच कोहराम मचा है तथा पड़ोसी भी सदमे में है।

रसोईया संघ की बैठक आयोजित

फतुहा। रविवार को स्थानीय महारानी चौक स्थित भाकपा माले के कार्यालय में बिहार राज्य विद्यालय रसोईया संघ की बैठक आयोजित की गयी। बैठक की अध्यक्षता सोना देवी ने किया। बैठक में आगामी 15 जुलाई को विभिन्न मांगों को लेकर प्रखंड कार्यालय पर प्रदर्शन करने का फैसला लिया गया। मानदेय बढ़ाने तथा सेवा को नियमित किए जाने की मांग को लेकर प्रखंड कार्यालय पर प्रदर्शन किया जाएगा। मौके पर शैलेंद्र यादव व रसोई या संघ के सदस्य गण मौजूद रहे।

मंत्री डॉ रामानंद यादव ने मृतक के परिजन से मिल दिया सांत्वना

फतुहा। रविवार को राज्य सरकार के भूखनन मंत्री सह स्थानीय विधायक डा रामानंद यादव फतुहा के रायपुरा मुहल्ले में पहुंचे तथा मृतक दर्पण देवी के परिजनों से मिल सांत्वना दिया। उन्होंने मौके पर बताया कि जो इस हत्याकांड के दोषी है, उसे किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा तथा अपराधियों की जल्द ही गिरफ्तारी की जाएगी। मौके पर पीड़ित परिवार के राम प्रसाद राय व उनके परिजन के साथ साथ दयानंद यादव, मनोज यदुवंशी, राम प्रसाद, गौतम कुमार समेत कई लोग मौजूद रहे।

ट्रेन से कट अज्ञात की मौत

पटना सिटी (प्राकि)। पटना साहिब स्टेशन के पूरब रानीपुर के समीप में एक युवक ट्रेन के चपेट में आ गया। इससे उसकी मौत हो गई। हालांकि बाद में मेमो मिलने के बाद पटना साहिब स्टेशन जीआरपी पुलिस के द्वारा शवको लाया गया। उसकी उम्र करीब 30 वर्ष आंकी गई है। अज्ञात युवक की ट्रेन से कट कर मौत हो गयी है। अब तक उसकी पहचान नहीं हो पाई है। स्थानीय नागरिकों की सूचना पर पहुंची रेल थाना की पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। रेल पुलिस ने बताया कि अज्ञात युवक की पहचान की कोशिश की जा रही है।

8वें गुरु के प्रकाश पर्व को ले अखंड पाठ

पटना सिटी (प्राकि)। तख्तश्री हरिमंदिर जी पटना साहिब में आठवें गुरु श्री हरिकिशन साहिब जी के प्रकाश पर्व मनाया जाना है। इसे लेकर श्री गुरु ग्रंथ साहिब का अखंड पाठ रविवार को रखा गया। इसका समापन 11 जुलाई को होगा। उसी दिन प्रकाश पर्व मनाया जाएगा। अखंड पाठ एडिशनल हेड ग्रंथी ज्ञानी दिलीप सिंह की देखरेख में शुरू हुआ है। पाठ समापन के बाद उसी दिन विशेष दीवान सजेगा।

संगठन की मजबूती पर जोर

पटना सिटी (प्राकि)। रविवार को जदयू गायघाट सेक्टर के अध्यक्ष मुकेश कुमार ठाकुर के नेतृत्व में वार्ड अध्यक्ष एवं प्रभारियों की बैठक हुई। इसकी अध्यक्षता वार्ड 65 के अध्यक्ष सुश्री पूजा कुमारी पटेल एवं संचालन वार्ड 64 के अध्यक्ष मो शमीम अहमद ने किया। इसमें अनेक बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा कर तय किया गया कि जदयू गायघाट के अंतर्गत आने वाले सभी वार्डों में बैठक जल्द संपन्न किया जाए। इसके लिए वार्ड अध्यक्ष एवं प्रभारियों को सेक्टर अध्यक्ष की ओर से आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। इस मौके पर पार्टी को वार्ड से लेकर बूथ तक मजबूत करने एवं मुख्यमंत्री के द्वारा चलाए जा रहे विकास कार्यों को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया गया। इस अवसर पर सेक्टर प्रवक्ता राहुल कुमार, मो आफताब गुड्डू, पूजा कुमारी, मुकेश सिन्हा, कन्हाई पटेल, फरजाना बानो, विक्रम कक्कड़, प्रतिभा देवी आदि मौजूद रहे।

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद का 75वां स्थापना दिवस मनाया गया

दानापुर। नगर का अंतर्गत रविवार को शाह टोली में मनाया गया. दानापुर इकाई द्वारा संगोष्ठी सह छात्रा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया. कार्यक्रम का उद्घाटन अभाविप बिहार प्रदेश सह मंत्री स्मृति सिंह, पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय के सीनेट सदस्य सह अभाविप के कार्यकर्ता बिजेन्द्र कुमार, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य शुभम कुमार, अजय केशरी, उदय कुमार ने किया. इसके उपरांत स्वामी विवेकानंद, भारत माता के तैल चित्र पर पुष्पांजलि कर किया गया. मंत्री स्मृति सिंह ने कहा कि आज एबीवीपी ने अपने विभिन्न आयामो व राष्ट्रहित के कार्यो से विद्यार्थियों को संगठन में जोड़े रखा है।

नियोजित शिक्षकों को राज्यकर्मी का दर्जा दे सरकार : नंदकिशोर

13 को विधानसभा घेराव में सिटी से होगी पर्याप्त भागीदारी

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

नियोजित शिक्षकों की मांगों के समर्थन में भाजपा 13 जुलाई को बिहार विधानसभा के समक्ष प्रदर्शन करेगी। इसकी तैयारी और उसकी रूपरेखा तय करने के लिए रविवार को खाजेकलां सामुदायिक भवन में भाजपा के मंडल स्तर के पदाधिकारियों की बैठक हुई। इसकी अध्यक्षता महानगर अध्यक्ष अभिषेक चंद्रवंशी ने की। इस मौके पर प्रदेश भाजपा के मंत्री रूप नारायण मेहता, वरीय नेता किरण शंकर, विनय केसरी सहित विभिन्न मंडलों के अध्यक्ष, जिला के पदाधिकारी एवं अन्य स्तर के नेता मौजूद थे। बैठक को संबोधित करते भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं विधायक नंदकिशोर यादव ने कहा कि राज्य सरकार नियोजित शिक्षकों के साथ-साथ प्रदेश के लाखों युवाओं का अपमान कर रही है। नई शिक्षक नियमावली नियोजित शिक्षकों और प्रदेश के युवाओं के लिए धोखाधड़ी है। श्री यादव ने कहा कि टीईटी, एसटीईटी और सीटेट पास अभ्यर्थियों को फिर से परीक्षा देने की क्या जरूरत है। जो नियोजित शिक्षक स्कूलों में पढ़ा रहे हैं, उनका चयन मेधा के आधार पर हुआ है। फिर उन्हें राज्यकर्मी के रूप में स्थायी नौकरी के लिए फिर से परीक्षा देने की क्या जरूरत है। श्री यादव ने कहा कि महागठबंधन सरकार ने प्रदेश के युवाओं की प्रतिभा और योग्यता को हमेशा कम करके आंका है, तभी नयी शिक्षक नियमावली में डोमिसाइल नीति लागू नहीं कर रही। श्री यादव ने कहा कि महागठबंधन सरकार ने 10 लाख लोगों को नौकरी देने का वादा किया था, वह क्या हुआ? और अब शिक्षक नियुक्ति में डोमिसाइल नीति लागू नहीं कर दूसरे प्रदेश के लोगों के लिए नौकरी का दरवाजा खोल रही है। बिहार के युवाओं के साथ यह सरासर नाइंसाफी है। विधायक नंदकिशोर यादव ने कहा कि सरकार को बिना परीक्षा लिये नियोजित शिक्षकों को बिना शर्त राज्यकर्मी का दर्जा देना चाहिए। साथ ही समान काम के लिए समान वेतन देने की भी घोषणा और नयी शिक्षक भर्ती नियमावली में डोमिसाइल नीति लागू करनी चाहिए।

इन तमाम ज्वलंत मुद्दों को लेकर भाजपा 13 को विधानसभा को घेरेगी और पटना साहिब से बड़ी संख्या में लोग शिरकत करेंगे।

सैदपुर-पहाड़ी नाला को पाट कर व सड़क निर्माण व मेट्रो लाइन गायघाट - कंगनघाट से दीदारगंज तक विस्तार की मांग

12 को करेंगे सत्याग्रह आंदोलन, नाला को बालू भर करेंगे जाम

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

जन संघर्ष मोर्चा के तत्वावधान में महत्वपूर्ण बैठक सैदपुर-पहाड़ी नाला को पाटकर सड़क निर्माण कराने एवं सैदपुर से नाला पर मेट्रो लाइन का विस्तार कर गायघाट, कंगनघाट से होते हुए दीदारगंज तक विस्तार करने की मांग को लेकर हुई। वार्ड 47 के पार्षद सतीश कुमार गुप्ता के आवासीय कार्यालय में गण्यमान्य एवं प्रमुख नागरिकों का जुटान हुआ। इसमें लोगों ने कहा कि सैदपुर- पहाड़ी खुला नाला लगभग सौ फीट चौड़ा और चार किलोमीटर लंबा है।घनी आबादी वाले क्षेत्र से होकर यह बीचोबीच गुजराता है। नाला के दोनों किनारे पर चहारदीवारी नहीं रहने के कारण आए दिन दुर्घटना होते रहती है। शहर की गंदगी एवं सीवरेज का पानी इसी नाला में गिरता है। नाला खुला और कच्चा रहने के कारण नाला के आसपास का भूगर्भ जल और हवा दोनों प्रदूषित हो गया है। सरकार की संवेदनहीनता के कारण नागरिकों को नारकीय जीवन जीने को मजबूर होना पड़ रहा है। बैठक में राज्य एवं केंद्र सरकार दोनों से मांग करते हुए कहा गया कि सैदपुर के पास डॉ अब्दुल कलाम साइंस सिटी एवं मेट्रो स्टेशन का निर्माण कार्य चल रहा है। दोनों स्थान पर पटना सिटी से पहुंचने के लिए कोई सुगम रास्ता नहीं है। यदि सैदपुर नाला को पाट कर सड़क निर्माण करा दिया जाए, तो पटना सिटी से बांकीपुर आने-जाने का एक सुलभ मार्ग बन जाएगा। बैठक की अध्यक्षता करते पार्षद सतीश कुमार गुप्ता ने कहा कि सैदपुर नाला पर सड़क निर्माण की मांग को ले 12 जुलाई के होने वाले सत्याग्रह आंदोलन में अधिक संख्या भाग लें। इसके बाद भी अगर सरकार मांगों पर ध्यान नहीं देती है, तो आने वाले दिनों में जनसंघर्ष मोर्चा के द्वारा उग्र आंदोलन किया जाएगा। इस दौरान सैदपुर नाला को बालू भर कर जाम करने का काम किया जाएगा। इसकी सारी जवाबदेही सरकार की होगी। बैठक का संचालन आदी मेहता ने किया। बैठक में जन संघर्ष मोर्चा के अध्यक्ष पूर्व निगम पार्षद प्रदीप मेहता ने कहा कि सैदपुर- पहाड़ी नाला को ढंक कर सड़क बनाए बिना पटना को स्मार्ट सिटी की परिकल्पना नहीं कर सकते हैं। इसलिए सरकार नाला पर सड़क निर्माण की योजना को स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट योजना में शामिल कर जल्द से जल्द सड़क बनाने का कार्य शुरू कराए। सत्याग्रह आंदोलन के माध्यम से सरकार को आगाह करना चाहते हैं आने वाले लोकसभा चुनाव में सैदपुर नाला पर रोड नहीं तो वोट नहीं के नारा के साथ उम्मीदवारों का विरोध करेंगे। बैठक में मोर्चा के संरक्षक गिरजा शंकर प्रसाद, देवरतन प्रसाद, मुसल्लहपुर हाट के निवर्तमान महामंत्री प्रदीप कुमार, मधुबाला सिन्हा, रामदेव मेहता, डॉ नौशाद, मनोज चौहान, कुमार गौरव पोद्दार, नंदकिशोर मेहता, हामिद अली, पंकज कुमार, चंद्रशेखर प्रसाद मेहता, प्रभात बरुआ, दिनकर यादव, रामबाबू पाल, अरुण स्वर्णकार, कासिम अहमद, संतोष चौधरी, छोटू राम, आलोक रंजन, ममता देवी, वकील राम, चंदा देवी, महेश महतो, राजीव कुमार, निश्चित राज, राहुल मेहता, लीलाधर प्रसाद आदि उपस्थित थे।

स्वस्थ व निरोगी काया को हर तीन माह पर करें रक्तदान : बागड़िया

रोटरी सिटी सम्राट के शिविर में 145 लोगों ने किया ब्लड डोनेट

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

रोटरी पटना सिटी सम्राट के द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। हाजीगंज स्थित गोप सेलिब्रेशन हॉल में रविवार को आयोजित रक्तदान शिविर में डोनरों के बीच में उत्साह देखा गया। रक्त संग्रह करने के लिए पटना से मां ब्लड बैंक की टीम यहां पहुंची थी। रक्तदान शिविर का उद्घाटन रोटरी डिस्ट्रिक्ट 3250 (बिहार एवं झारखंड) के मंडलाध्यक्ष एसपी बागड़िया ने किया। क्लब के अध्यक्ष मनोज कुमार ने रक्तदाताओं का स्वागत करते हुए उन्हें रक्तदान की महत्ता बताने का काम किया। उन्होंने कहा कि एक स्वस्थ व्यक्ति को हर तीन-तीन माह पर रक्तदान करना चाहिए।

ऐसा करके आप भी स्वस्थ रहेंगे और जिंदगी-मौत की लड़ाई लड़ रहे अनेक घायलों और मरीजों की जान भी बचाई जा सकेगी। रक्तदान शिविर के उद्घाटन समारोह की अध्यक्षता क्लब के अध्यक्ष मनोज कुमार, मंच संचालन प्रकाश कुमार वर्णवाल, स्वागत चेयरमैन डॉ अभिषेक गोलवारा तथा धन्यवाद ज्ञापन रामकुमार ने किया। मुख्य अतिथि डिस्ट्रिक गवर्नर ने खुद रक्तदान कर शिविर का उद्घाटन किया। इसे सफल बनाने में रोटरी के सदस्यगण के साथ सहयोगी संस्थाओं में पाटलिपुत्र परिषद, इनर व्हील क्लब, लायंस क्लब पटना विशाल, तेरापंथ युवक तथा मां ब्लड सेंटर के लोग सक्रिय थे। मां ब्लड सेंटर के अमन कुमार ने जानकारी दी कि शाम तक शिविर में 145 यूनिट रक्तदान किया है। शिविर संचालन में अभिषेक पैट्रिक, चार्टर अध्यक्ष विजय यादव, कुमुद रंजन, सुधीर प्रभात, ललित अरोड़ा, कविता अरोड़ा, अनूप कुमार, डॉ त्रिलोकी प्रसाद गोलवारा, रामकुमार, लता कपूर, इनर व्हील की अध्यक्ष मंजू गुप्ता, लायंस क्लब के वाइस डीजी प्रदीप खेतान, तेरापंथ युवक परिषद से चेतन चंडालिया, प्रकाश वर्णवाल, संजय सिन्हा, राजेश कुमार, गोविंद चौधरी, विनय लांबा, विनोद झुनझुनवाला, बिंदेश्वरी कपूर, अभिषेक राज, प्रमोद कुमार, भोला केशरी, शालिनी कुमारी, एहतेशाम हक, परवीन जायसवाल, सुनील केशरी, नीलम केशरी, सुमित रस्तोगी, देवेश नवाडिया आदि प्रमुख थे।

महासचिव के अधिकार में दखल कर पत्र जारी कर रहे अध्यक्ष : चरणजीत

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

तख्तश्री हरिमंदिर जी प्रबंधक कमेटी के चुनाव की अधिसूचना जारी होने का समय नजदीक आ रहा है, वैसे-वैसे आरोप-प्रत्यारोप लगते जा रहे हैं। ताजा मामला अध्यक्ष जगजोत सिंह सोही के द्वारा मतदाता सूची के दावा-आपत्ति के निबटान के लिए कमेटी के दो सदस्यों महेंद्रपाल सिंह ढिल्लन और राजा सिंह को शामिल किए जाने पर ऊंगली उठाई जा रही है। इस संबंध में कमेटी के सदस्य चरणजीत सिंह ने स्पष्ट तौर पर कहा कि अध्यक्ष के रूप में जगजोत सिंह सोही को कोई अधिकार नहीं है कि वह दावा-आपत्ति के निबटान के लिए कमेटी के दो सदस्यों को यह जिम्मेवारी सौंपी जाए। यदि उन्होंने यह जिम्मेवारी नियम के खिलाफ जाकर भी सौंपा है, तो भी दोनों से शपथ पत्र लिया जाना चाहिए कि वह दोनों कमेटी के वर्तमान में होने वाले चुनाव में प्रत्याशी नहीं होंगे, वरना कहीं न कहीं से भ्रष्टाचार और गड़बड़ी की बू आती है। चरणजीत सिंह ने कहा कि दावा-आपत्ति के निबटान के लिए ऐसे व्यक्ति को रखा जाना चाहिए, जो स्वतंत्र हो, चुनाव नहीं लड़ रहा हो और सही तरीके से वोटरों का वेरिफिकेशन कर निर्णय दे सके। उन्होंने कहा कि तख्तश्री पटना साहिब के संविधान के आर्टिकल 13 में अध्यक्ष को यह अधिकार नहीं है कि वह कमेटी गठित करें या सब-कमेटी बनाने का पत्र जारी करें। यह हमेशा से प्रबंधक कमेटी के पास शक्ति रही है और महासचिव ही पत्र निकाल सकते हैं। कायदे से अध्यक्ष को यह अधिकार है कि प्रबंधक कमेटी के सहमति से वह कमेटी या सब-कमेटी बनाएं, मगर इस संबंध में पत्र जारी करने का अधिकार महासचिव को है। कारण कि प्रशासनिक शक्तियां महासचिव में निहित है। यदि वे उपलब्ध नहीं हैं, तो सचिव यह काम करेंगे। पिछले कुछ महीनों से अध्यक्ष दूसरे के अधिकार का भी प्रयोग कर रहे हैं, जो अतिक्रमण है। अनुच्छेद 13 यह बताता है कि कैसे लोग मतदाता सूची में शामिल हो सकेंगे।

कंगन घाट पर बालक डूबा, दो को बचाया

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

चौक थाना क्षेत्र के कंगन घाट पर स्नान के दौरान एक बालक डूब गया। खाजेकलां थाना क्षेत्र के नून के चौराहा लोहा का पुल का रहने वाला मो टुन्नू के 12 साल का पुत्र इरशाद डूब गया है। वह घर से दोपहर खाना खाने के बाद साथियों के साथ निकला। कंगन घाट पर नहाने के दौरान सभी साथी आपस में अठखेलियां कर रहे थे और किनारे में उछल कूद कर एक दूसरे पर पानी और मिट्टी फेंक रहे थे हालांकि वहां पर मौजूद लोगों ने उन सबों को सही ढंग से नहाने और उस और गड्ढा होने के कारण नहीं जाने की बात कही मगर लड़कों ने मुंह लगाने का काम किया जब तीन लड़के डूबने लगे तब शोर होने लगा किसी तरीके से दो बालक को बचा लिया गया जबकि तीसरा गहरे पानी में नहीं दिखने के कारण बचाया नहीं जा सका। बच्चे लड़के ने इरशाद के पिता को कॉल कर घटना के बारे में जानकारी दी इरशाद के पिता मुन्ना चाय की दुकान चलाते हैं वह मायूस होकर कंगन घाट पर पहुंचे थे चौक थाना की पुलिस को सूचना मिलने के बाद एसडीआरएफ और एनडीआरएफ की टीम को सूचना दी गई थी मगर सूर्यास्त के बाद गंगा नदी में ऑपरेशन सब को खोजने के लिए चलाना मुश्किल होता है अब सबको खोजने का काम सोमवार की सुबह किया जाएगा। हालांकि चौक थाना की पुलिस ने गोताखोर की मदद से डूबे बालक के शव की तलाशी कराई, मगर सफलता नहीं मिल पाई। पुलिस ने बताया कि डूबे बालक के शव की तलाश सोमवार की सुबह कराया जाएगा. इसके लिए एसडीआरएफ को सूचित किया गया है।

10 दिन से लापता युवक का शव रेल लाइन किनारे गड्ढे में मिला

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

मालसलामी थाना क्षेत्र के छोटी नगला के संग्राम चौक में रहने वाले शिव जी साव का शव रेल लाइन के किनारे गड्ढे में पड़ा मिला है। सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची मालसलामी थाना की पुलिस ने शव का पंचनामा किया है। हालांकि पुलिस इस बात को मान कर चल रही है कि ट्रेन से गिरने या धक्का लगने के कारण उसकी मौत हुई है। मृतक के पुत्र चंदन कुमार ने कहा कि पिछले 8-10 दिनों से पिताजी लापता थे। इस बीच उनकी खोजबीन की जा रही थी। अचानक से शव होने की सूचना मिलने के बाद वह सब जब वहां पहुंचे, तो देखा कि पिताजी का शव है। इसके बाद परिजन वहां पहुंच कर रोने लगे। पुलिस ने शव का पंचनामा करने के बाद उसे पोस्टमार्टम के लिए नालंदा मेडिकल कॉलेज भेजा है। इस संबंध में पुलिस पदाधिकारी का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के कारण का पता चल सकेगा। फिलहाल 36 साल के शिवजी साव पिता महेश्वर साव मालसलामी थाना क्षेत्र के नगला संग्रामपुर के रहने वाले हैं, के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। पुलिस हत्या की बात पूछे जाने पर कहा कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने दीजिए, तभी कुछ कहा जा सकेगा। वैसे परिजन हत्या या ट्रेन दुर्घटना की बात कह रहे हैं।

प्रदेश के सभी जिला और वार्ड स्तर पर बैठक कर समाज को जोड़ने का ऐलान: भासूउस

पटना सिटी(प्रातः किरण)भारतीय सूढी उत्थान संगठन पटना बिहार के द्वारा सदीकपूर लगरूअखार में वार्ड संख्या 57 में किया गया बैठक। बैठक में समाज के सैकड़ों लोगों ने भाग लिया। बैठक की अध्यक्षता किशोर जी ने की। अधयक्ष विनोद कुमार शौण्डिक ने सूढी समाज को एकजुट करने के लिए डोर टू डोर जाने की प्रस्ताव को संगठन के समक्ष रखा। वही वैसे लोग जो आर्थिक रूप से कमजोर है । उनसे अपील करते हुए कहा की उनके किसी भी समस्या का समाधान व सहायता के लिए भारतीय सूढी उत्थान संगठन निपटने को तैयार है। पटना जिले के दीदारगंज से दानापुर तक एक विशाल जनसभा करने का ऐलान किया गया। वही समाज के लोगों ने इस बात की संकल्प लिया की हमारे समाज को अति पिछड़ा वर्ग में जो लाएगा हमारा समाज उसी का समर्थन करेगा। महासचिव दिलीप कुमार ने हर संभव प्रयास कर आरा बिहटा हाजीपुर नवादा कई क्षेत्रों में जाकर लोगों से मिलकर संगठन को विस्तार करने का प्रस्ताव रखा । बैठक में डॉ अविनाश प्रसाद, महेंद्र , हरी , सूजीत, मोहित, संजय ,सरयू ,संतोष ,देवी सर, विनोद कुमार, बिन्नी ,बिरभद देब कुमार, नयन ,अनील, राजु ,शशि, प्रभात, अजय ,आजाद आदि सैकड़ों लोग उपस्थित हुए।

भाजपा के वरिष्ठ नेताओं को बनाया शक्ति केन्द्र का प्रभारी

प्रात : किरण संवाददाता

फतुहा। भाजपा फतुहा नगर मंडल के नगर अध्यक्ष श्याम सुंदर केशरी ने फतुहा नगर के 34 बूथों के लिए बने 10 शक्ति केन्द्रों को नये प्रभारियों की सूची जारी की है। जिसमें जिला महामंत्री अरविंद यादव, श्याम सुंदर केशरी, किरण गुप्ता, रामजी प्रसाद, विक्की सिंह, मुन्ना सिंह, राणा राजेंद्र पासवान, अभिषेक झा, डा. संजय यादव एवं केशर प्रसाद को जिम्मेदारी दी गयी है। वही 10 सह प्रभारी भी बनाये गये है। मंडल अध्यक्ष ने बताया की अब नये सिरे से बूथ कमिटी और पन्ना प्रमुख सभी 34 बूथों पर बनाया जायेगा।

इससे पूर्व नगर के पदाधिकारियों को शक्ति केन्द्र प्रमुख और उप प्रमुख बनाया जा चुका है।इस संबध में नगर महामंत्री अनामिका अग्रवाल ने बतायी की बूथ जीतों -चुनाव जीतो के तहत अगामी 2024 लोकसभा चुनाव और विधानसभा चुनाव को तैयारी को लेकर बूथ मजबूती को लेकर किया जा रहा है।

सनातन धर्म परिसर में फिर बिराजेंगे राजाओं के राजा

नगरवासियों के साथ मनाया जाएगा भव्य गणेश महोत्सव

प्रात :किरण संवाददाता

पटना सिटी। चौक स्थित श्री सनातन धर्म सभा भवन परिसर में इस बार फिर गणेश उत्सव पर विराजेंगे राजाओं के राजा। इसे लेकर श्री गणेश उत्सव पटना सिटी मंडल की बैठक रविवार को डॉ त्रिलोकी प्रसाद गोलवारा की अध्यक्षता में हुई। संचालन संस्थापक महासचिव विकास कुमार मौड़ीवाल ने किया। बैठक में मंडल द्वारा इस बार फिर उत्साह के साथ छठा गणेश उत्सव मनाने का निर्णय लिया गया। श्री मौड़ीवाल ने कहा कि पिछले पांच वर्षों से लगातार मंडल द्वारा गणेश उत्सव मनाया जाता रहा है। बैठक में उपस्थित सभी पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने इस बार भी राजाओं के राजा का उत्सव मनाने का निर्णय लिया। इस बार 18 सितंबर सोमवार को श्री गणेश चतुर्थी मनाया जाएगा। उसी दिन से गणेश उत्सव शुरू होगा। इस उत्सव को और भव्यता प्रदान करने के लिए 16 जुलाई को नई कार्यकारिणी का गठन किया जाएगा। इसकी जानकारी मंडल के अध्यक्ष ने दी। बैठक में शिव प्रसाद मोदी, भगवती प्रसाद मोदी, अनिल मेहरोत्रा, रमेश गोलवारा, संजय केशरी, सुजीत कसेरा, मोहित कुमार मौड़ीवाल, जनार्दन अग्रवाल, अंशु कुमार, विकास चंद्रवंशी आदि उपस्थित थे।

लोजपा (रा.) हर पंचायत में मजबूत हो : रंजीत यादव

प्रात :किरण संवाददाता

फतुहा। जिला पटना पूर्वी के हरदास बीघा पंचायत में रविवार को लोजपा (रा.) की बैठक की गई। बैठक की जानकारी देते हुए पटना पूर्वी जिलाध्यक्ष रंजीत यादव ने बताया कि बैठक में संगठन को मजबूत करने के लिए प्रभारी विभीषण शर्मा, जिला अध्यक्ष रंजीत यादव, महिला जिलाध्यक्ष निभा पासवान ने सभी के मौजूदगी में संगठन विस्तार पर चर्चा किया और कई लोगों ने राष्ट्रीय अध्यक्ष चिराग पासवान में आस्था जताते हुए पार्टी की सदस्यता ग्रहण किया। जबकि कुछ महिलाएं को महिला जिलाध्यक्ष ने जिम्मेवारी भी दिए। इस बैठक में अनिरूद्ध शर्मा, जिला महासचिव संजय चौवे, जिला संगठन सचिव संजय शर्मा, संगठन संयोजक बैजनाथ पासवान, जिला सचिव विश्वनाथ पासवान, प्रखंड अध्यक्ष सुरेंद्र पासवान, रंजीत पासवान, दनियावां युवा प्रखंड अध्यक्ष सुजीत कुमार, नीतीश कुमार, घनश्याम पासवान, विक्रम कुमार, अनीता देवी, संजु देवी, लेनी देवी आदि शामिल हुए।

सावन का पहला सोमवारी आज, शिवालयों में जलाभिषेक व श्रृंगार की तैयारी

प्रात :किरण संवाददाता

पटना सिटी। सावन माह की पहली सोमवारी को लेकर लोगों में उत्साह है। प्रमुख शिवालयों में वहां के प्रबंधन और ट्रस्ट के द्वारा रंगीन रोशनी और लेख से सजाया संवारा गया है। वहीं सोमवार को व्रत रखने वाले अधिकांश श्रद्धालुओं ने फल और पूजा सामग्री की खरीदारी कर ली है और कुछ कल भी करेंगे। सोमवार अल सुबह से प्रमुख शिवालयों में श्रद्धालुओं के द्वारा जल अर्पण करने की होड़ लगेगी। श्रद्धालु बाबा भोले शंकर पर जल चढ़ाने के बाद बिल्वपत्र, धतुरा, भांग, नैवेद्य आदि अर्पित करेंगे। गायघाट स्थित गौरीशंकर मंदिर, माल्य महादेव मंदिर चैलीटाड़, बाबा मुक्तेश्वरनाथ मंदिर, पटनेश्वरनाथ मंदिर सादिकपुर, खाजेकलां थाना स्थित बाबा थानेश्वरनाथ, श्री बड़ी देवी जी खाद्य कला परिसर स्थित शिव मंदिर शक्तिपीठ स्थल श्री बड़ी पटनदेवी परिसर एवं छोटी पटन देवी परिसर, पीतल के महादेव झाऊगंज, हरिमंदिर गली शिव मंदिर, तिलकेश्वरनाथ मंदिर, शिव मंदिर पातो की बाग, पश्चिम दरवाजा शिव मंदिर, घघा घाट शिव मंदिर, सूर्य नारायण मंदिर बालू घाट, रानीघाट भूतेश्वरनाथ के साथ अन्य शिव मंदिरों में दर्शन पूजन की तैयारी की गयी है। इसके अलावा लगने वाले सावन मेला की भी तैयारी हुई है। एसडीओ गुंजन सिंह ने बताया कि मेला के दौरान विधि-व्यवस्था बनाए रखने को थानाध्यक्षों को आवश्यक निर्देश दिया गया है। खुशरूपुर प्रखंड के बैकठपुर स्थित शिव मंदिर में जलाभिषेक के लिए भक्तों का जत्था अशोक राजपथ, सोनपुर स्थित बाबा हरिहरनाथ मंदिर में भी जलाभिषेक को निकले टोली महात्मा गांधी सेतु से गुजर रहा था।

संक्षिप्त खबरें

पारस के साथ बिहार में दलितों और पासवान की निर्णायक ताकत : श्रवण

पटना। राष्ट्रीय लोक जनशक्ति पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता श्रवण कुमार अग्रवाल ने कहा की बिहार में दलितों और पासवान समुदाय की निर्णायक ताकत पूरी तरह से राष्ट्रीय लोक जनशक्ति पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष केंद्रीय मंत्री पशुपति कुमार पारस के साथ है। पार्टी संस्थापक रामविलास पासवान के निधन के बाद बिहार एवं देश में लोक जनशक्ति पार्टी और दलित सेना के अधिकांश नेताओं और कार्यकताओं और पार्टी के सभी सांसदों ने पारस के नेतृत्व में आस्था व्यक्त करते हुए उनको ही रामविलास पासवान का उत्तराधिकारी माना था। राष्ट्रीय प्रवक्ता श्रवण अग्रवाल ने कहा कि रामविलास पासवान ने 2019 के लोकसभा चुनाव में पशुपति कुमार पारस को हाजीपुर से चुनाव लड़ाकर विधिवत रूप से हाजीपुर की जनता का प्रतिनिधित्व करने का उत्तराधिकार पशुपति पारस को सौंप दिया था। राष्ट्रीय प्रवक्ता अग्रवाल ने आगे कहा कि 2014 में लोकसभा चुनाव के समय भाजपा और एनडीए गठबंधन के साथ जाने का फैसला पशुपति कुमार पारस का ही था, उस समय स्वर्गीय रामविलास पासवान ने पशुपति कुमार पारस को ही भाजपा के शीर्ष नेतृत्व से बात करने के लिए अधिकृत किया था। भाजपा के शीर्ष नेतृत्व के साथ पशुपति पारस के वार्ता के बाद लोक जनशक्ति पार्टी एनडीए में शामिल हुई थी, तो उस समय संसदीय बोर्ड की बैठक में चिराग पासवान ने पशुपति पारस के एनडीए में शामिल होने के फैसले का पुरजोर विरोध किया था। चिराग पासवान ने संसदीय बोर्ड की बैठक में इस बात पर जोर दिया था की पार्टी को यूपीए गठबंधन के साथ ही बने रहना चाहिए। उस समय से लेकर आज तक पशुपति कुमार पारस ने हमेशा इस बात को मजबूती से कहा है कि हम 100 प्रतिशत एनडीए गठबंधन के साथ है और हमारी पार्टी और हम जब तक राजनीति में रहेंगे भारतीय जनता पार्टी और एनडीए गठबंधन में ही बने रहेंगे।

बीजेपी फर्जी तौर पर हिंदुओं के हितैषी का दावा करती है : जदयू

पटना। जदयू प्रदेश प्रवक्ता श्रीमती अंजुम आरा और प्रदेश प्रवक्ता हिमराज राम ने राजगीर के ऐतिहासिक मलमास मेले की अनदेखी को लेकर भारतीय जनता पार्टी से गंभीर सवाल पूछे हैं। पार्टी प्रवक्ताओं ने बीजेपी नेताओं से सवाल करते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी के नेता खुद को हिंदुओं का सबसे बड़ा हितैषी कहते हैं लेकिन जब हिंदुओं के हक की बात बात आती है तो बीजेपी के ये फर्जी हिंदू नेता पीछे हट जाते हैं। दोनों प्रवक्ताओं ने आरोप लगाते हुए कहा कि राजगीर में विश्व प्रसिद्ध मलमास मेले का आयोजन हो रहा है और राज्य सरकार ने इस ऐतिहासिक मेले को राजकीय मेले का दर्जा दिया है। उन्होंने कहा की राज्य सरकार अपने संसाधनों से श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए तमाम उपाय कर रही है खुद मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने मेले का दौरा किया है और श्रद्धालुओं की एक एक सुविधा का निरीक्षण कर अधिकारियों को उसे दुरुस्त करने का निर्देश दिया है। पार्टी प्रवक्ताओं ने बीजेपी से सवाल पूछते हुए कहा कि खुद को हिंदुओं के बड़े पैरोकार का दावा करने वाले बीजेपी के फर्जी हिंदू नेताओं ने इस मेले को राष्ट्रीय स्तर का मेला घोषित किए जाने की मांग केंद्र सरकार से क्यों नहीं की? प्रवक्ताओं ने कहा कि बीजेपी महज फर्जी तौर पर हिंदुओं के हितैषी होने का दावा करती है और हिंदुओं की भलाई के नाम पर उन्हें महज वोट बैंक समझती है जबकि वहीं मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की सरकार समाज के सभी वर्गों के लिए काम करती है।

मॉनसून सत्र के कारण स्थगित रहेगा सुनवाई कार्यक्रम : एजाज

पटना, प्रात : किरण संवाददाता

बिहार के उपमुख्यमंत्री तेजस्वी प्रसाद यादव के विचारोपरांत प्रदेश अध्यक्ष जगदानंद सिंह के निदेर्शानुसार राष्ट्रीय जनता दल के राज्य कार्यालय मे मंगलवार को होने वाले सुनवाई कार्यक्रम को विधानसभा के मॉनसून सत्र के कारण11 जुलाई मंगलवार को स्थगित रहेगा । राजद के प्रदेश प्रवक्ता एजाज अहमद ने बताया कि मॉनसून सत्र के कारण 11जुलाई मंगलवार को सुनवाई कार्यक्रम स्थगित रहेगा। बताया कि मॉनसून सत्र की समाप्ति के बाद सुनवाई कार्यक्रम पूर्व की तरह चलेगा। जिसकी सूचना सभी को दी समय पर दी जाएगी। एजाज ने आगे बताया कि मॉनसून सत्र में सभी मंत्रीगण विधान मंडल के सत्र में भाग लेंगे, जिस कारण सुनवाई कार्यक्रम को स्थगित किया गया है।

देश में आपातकाल की स्थिति, सभी मोर्चे पर सरकार विफल : उमेश

बोलें-चंपारण के जन-जन में संस्कार और कण-कण में सत्याग्रह

पटना, प्रात : किरण संवाददाता

जदयू के प्रदेश अध्यक्ष उमेश सिंह कुशवाहा ने कहा कि चंपारण की धरती से प्रमंडलवार दौरे की शुरूआत अपने आप में एक बेहद ऐतिहासिक क्षण है । देश में आपातकाल की स्थिति बनी हुई है, लोकतंत्र का आंचल लहूलुहान है, संविधान को ताक पर रखकर सरकार मनमाने ढंग से शासन चला रही है, बेरोजगारी और महंगाई चरम सीमा पर है यानी कुल मिलाकर मौजूदा सरकार ने देश की आम जनता के साथ हर तरीके से विश्वासघात करने का काम किया है और सभी मोर्चे पर केंद्र सरकार विफल रही है। इस लिहाज से 2024 की लड़ाई हम सभी के लिए बेहद ही महत्वपूर्ण होने वाली है। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि मुख्यमंत्री के पहल पर 23 जून को पटना में आयोजित विपक्षी एकता की बैठक में देशभर के सभी विपक्षी पार्टियों ने पूरी एकजुटता से भाजपा को शिकस्त देने का संकल्प लिया है, और इस संकल्प सिद्धि के लिए पार्टी के कार्यकताओं को बूथ स्तर पर संगठन को मजबूती प्रदान करने एवं संगठन को एकजुट रखने की आवश्यकता है, लिहाजा हमने प्रदेश के तमाम जिले एवं प्रमंडल क्षेत्रों का दौड़ाकर 2024 लोकसभा चुनाव की तैयारियों का जायजा लेने का निर्णय लिया है जिसकी शुरूआत चंपारण की धरती से हुई है। हमारा देश आज जिस तरह की परिस्थितियों से गुजर रहा है उसमें जदयू के कार्यकताओं की जिम्मेदारी बेहद महत्वपूर्ण हो जाती है परन्तु हमें पूरा विश्वास है कि हमारे संगठन के कार्यकर्ता और पदाधिकारी इसी जिम्मेदारी का निष्ठापूर्वक निर्वहन करेंगे। साथ ही बिहार के सभी 40 लोकसभा सीटों पर महागठबंधन की जीत को सुनिश्चित करने का काम करेंगे। पत्रकारों द्वारा महागठबंधन में चल रही तनातनी को लेकर पूछे गए सवाल पर श्री कुशवाहा ने कहा कि महागठबंधन पूरी मजबूती से एकजुट है और हमारी एकजुटता से घबराए विरोधियों द्वारा लगातार भ्रामक बातों को तूल दिया जा रहा है है। इस पर गौर करने की कोई आवश्यकता नहीं है। 2024 में प्रधानमंत्री उम्मीदवारी को लेकर पत्रकारों द्वारा पूछे जाने उन्होंने कहा कि विपक्षी एकता में कई ऐसे योग्य और काबिल नेता है जो प्रधानमंत्री बनने की क्षमता रखते हैं परंतु मौजूदा परिस्थिति में प्रधानमंत्री पद के विषय में चर्चा करना हमारी प्राथमिकता नहीं है, हमारी प्राथमिकता देश को बचाना है, देश के संविधान को बचाना है और लोकतंत्र को बचाना है।

मानव जीवन को स्वस्थ रखने में चिकित्सकों की भूमिका अहम : भिखू

- आयुष्मान कार्ड व जन औषधि केन्द्र का महत्वपूर्ण योजना : मनोज

पटना, प्रात : किरण संवाददाता

चिकित्सक को दूसरे भगवान का दर्जा दिया गया है मानव जीवन को स्वस्थ बनाए रखने में चिकित्सक की भूमिका अहम है। भाजपा के प्रदेश संगठन महामंत्री भिखूभाई दलसानिया ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आयुष्मान कार्ड योजना लाकर गरीबों को बेहतर सुविधा मुहैया कराने का प्रयास किया है असाध्य रोगों से पीड़ित परिवार को आयुष्मान कार्ड योजना से काफी सहूलियत मिल रही है। रविवार को भाजपा प्रदेश मुख्यालय में भाजपा चिकित्सा प्रकोष्ठ के संयोजक डॉ मनोज कुमार की अध्यक्षता में आयोजित टिफिन बैठक को संबोधित करते हुए भाजपा के प्रदेश संगठन महामंत्री भिखूभाई दलसानिया ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने 9 वर्ष के कार्यकाल में चिकित्सा के क्षेत्र में कई बड़े फैसले लिए हैं। भाजपा चिकित्सा प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक व बिहार के प्रसिद्ध चिकित्सक डॉ मनोज कुमार ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी ने टिफिन बैठक के माध्यम से चिकित्सकों को लोगों को बेहतर चिकित्सा सुविधा मुहैया कराने का आह्वान किया है जो सराहनीय प्रयास है। डॉ मनोज ने चिकित्सकों को अपने व्यस्त जीवन से समय निकालकर गरीबों एवं असहाय मरीजों की सेवा करने को कहा है। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के 15 कार्यक्रमों को मिला कर उसमें आमूलचूल सुधार लाया। बाल और महिला स्वास्थ्य योजना के तहत आई एनएपी की शुरूआत को ऐतिहासिक निर्णय बताया। चिकित्सा प्रकोष्ठ के संयोजक ने कहा कि नरेंद्र मोदी के सरकार ने देश के सभी क्षेत्रों में बेहतर काम किया है। जिसका परिणाम है कि भारत पुनः विश्व गुरु बनने की ओर अग्रसर है। संपूर्ण विश्व भारत की ओर देख रहा है भारत का मान सम्मान और स्वाभिमान बड़ा है।

नीतीश सरकार में महिलाओं के जीवन में आई क्रांति: राजीव

पटना, प्रात : किरण संवाददाता

जदयू के राष्ट्रीय प्रवक्ता राजीव रंजन ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के महिला सशक्तिकरण को लेकर किए कामों की चर्चा की और कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की सोच के चलते बिहार में करोड़ों महिलाओं की जिंदगी बदल गई। जदयू के राष्ट्रीय महासचिव व प्रवक्ता राजीव रंजन ने कहा कि महिलाओं के समग्र विकास व सशक्तिकरण के लिए मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने जितने काम किये हैं वह पूरे देश में एक मिसाल है। उन्होंने कहा कि महिलाओं की शिक्षा से लेकर रोजगार तक के लिए मुख्यमंत्री नीतीश कुमार द्वारा शुरू की गयी क्रांतिकारी योजनाओं ने आज बिहार की महिलाओं का जीवन बदल दिया है। यही वजह है कि पहले जहां महिलाएं घर से बाहर निकलने में झिझकती थीं वहीं आज वो हर क्षेत्र में सक्रिय भागीदारी निभा रही हैं। उन्होंने कहा कि श्री नीतीश कुमार के कामों के चलते ही बिहार देश का पहला राज्य बना जहां महिलाओं को सरकारी नौकरी में सशक्त हिस्सेदारी दिलाने के लिए 35 फीसदी का आरक्षण दिया गया। इसी का परिणाम है कि आज राज्य में 29 हजार 175 महिलाएं पुलिस विभाग में काम कर रही हैं। बिहार में महिलाओं की यह संख्या देश के किसी भी राज्य से ज्यादा है। उन्होंने कहा कि आज जीविका के माध्यम से गांव में रहने वाली महिलाएं आर्थिक तौर पर सशक्त हो रही हैं और ये सब मुख्यमंत्री के कामों से ही संभव हुआ है। उन्होंने कहा कि इसी सरकार ने महिलाओं की नेतृत्व क्षमता पर भरोसा जताते हुए उनकी आधी आबादी के अनुरूप पंचायत और नगर निकायों के चुनावों में 50 प्रतिशत आरक्षण दिया। मुख्यमंत्री बालिका साइकिल व पोशाक योजना लड़कियों की शिक्षा के क्षेत्र में गेम चेंजर योजना साबित हुई है। इसके अलावा मेडिकल, इंजीनियरिंग और प्रस्तावित स्पोर्ट्स यूनिवर्सिटी में नामांकन में 33 प्रतिशत सीट लड़कियों के लिए कर आरक्षित कर दिया गया है और ऐसा करने वाला बिहार देश का पहला राज्य है। उन्होंने कहा कि इसके अतिरिक्त सरकार महिलाओं की उद्यमिता को निखारने के लिए भी प्रयासरत है। सरकार की महिला उद्यमी योजना के तहत 10 लाख रुपये तक की मदद की जा रही है, जिसमें से पांच लाख अनुदान के रूप में मिलेगा और बाकी पांच लाख लोन ब्याज मुक्त होगा। वास्तव में नीतीश सरकार के कार्यों की गूंज अब देश के साथ दुनिया में भी सुनाई पड़ रही है।

गठबंधन से जुड़े सभी फैसला लेने के लिए चिराग अधिकृत

लोजपा रा के बैठक में लिया गया फैसला

पटना। लोक जनशक्ति पार्टी रामविलास बिहार प्रदेश कार्यालय श्रीकृष्णापुरी पटना में राष्ट्रीय अध्यक्ष चिराग पासवान ने पार्टी के राष्ट्रीय पदाधिकारी एवं बिहार प्रदेश के पदाधिकारियों के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक कर गठबंधन के फैसले को लेकर बिंदुवार विस्तृत चर्चा की । बैठक में पार्टी के सभी राष्ट्रीय और प्रदेश के सभी पदाधिकारियों ने सर्वसम्मति से पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष चिराग पासवान को गठबंधन से जुड़े सभी फैसला लेने के लिए अधिकृत किया है। गौरतलब है कि देश के गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष चिराग पासवान से पार्टी के प्रदेश कार्यालय कृष्णापुरी पटना में औपचारिक मुलाकात किए। पार्टी के मुख्य प्रवक्ता राजेश भट्ट ने बताया कि उक्त पार्टी के महत्वपूर्ण बैठक में मुख्य रूप से राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अरुण कुमार, राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष समीम हवा, राष्ट्रीय महासचिव शाहनवाज अहमद कैफी, धनंजय मृणाल, रेनू कुशवाहा, सतीश कुमार, राष्ट्रीय सचिव अरविंद कुमार सिंह, मिथिलेश सिंह, इंदु कश्यप, राष्ट्रीय प्रवक्ता धीरेंद्र कुमार मुन्ना छात्र लोजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष यामिनी रंजन मिश्रा, प्रदेश प्रधान महासचिव संगठन मंत्री रविंद्र सिंह संजय पासवान,प्रदेश उपाध्यक्ष अशरफ अंसारी, विष्णु पासवान, प्रकाश चंद्रा पूर्व विधायक राजकुमार शाह विभूति पासवान नौशाद आलम, प्रदेश प्रवक्ता विनीत सिंह, अनुपम पासवान, राजेश सिंह चुनाव, मीडिया प्रभारी कुंदन पासवान, निशांत मिश्रा अभियान प्रभारी सुरेंद्र विवेक, युवा प्रदेश अध्यक्ष वेद प्रकाश पांडे, सदस्यता प्रभारी संजय रविदास, अनुशासन समिति अध्यक्ष नरेश अध्यक्ष परशुराम, पासवान, महिला अध्यक्ष शोभा सिन्हा पासवान,अल्पसंख्यक अध्यक्ष सलीम साहिल, छात्र अध्यक्ष सीमांत मृणाल, आईटी सेल अध्यक्ष अमित रानू, किसान प्रकोष्ठ अध्यक्ष सुरेंद्र ठाकुर, पंचायती राज अध्यक्ष इंदिरा देवी, चिकित्सा प्रकोष्ठ अध्यक्ष डॉ अजय प्रदेश महासचिव अभय सिंह, आईटी सेल संयोजक गौरव सोनी, कार्यालय प्रभारी ओमप्रकाश भारती समेत पार्टी के सभी वरीय पदाधिकारी उपस्थित थे।

पप्पू यादव ने फोटो जर्नलिस्ट के बिटिया के इलाज के लिए की आर्थिक मदद

पटना । जन अधिकार पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष व पूर्व सांसद पप्पू यादव ने रविवार को काफी दिनों से बीमार चल रहे राष्ट्रीय सहारा के फोटो जर्नलिस्ट आफताब आलम की बिटिया मरियम के इलाज के आर्थिक मदद की है। पटना के उत्तरी मंदिरी स्थित आवास पर उन्होंने फोटो जर्नलिस्ट आफताब आलम को बेटी की इलाज में मदद स्वरुप 50 हजार रुपये की राशि प्रदान की। वहीं, इस मौके पर जाप सुप्रीमो पप्पू यादव ने आफताब आलम के दिल्ली के अस्पताल में इलाजरत बिटिया मरियम के इलाज के लिए अस्पताल के प्रबंधक से फोन पर वातार्लाप कर बेहतर इलाज को कहा, साथ ही उन्होंने हर संभव मदद का भरोसा जताया है। आफताब आलम कई दशक से पत्रकारिता के क्षेत्र में सक्रिय हैं। महंगे हो रहे इलाज के संबंध में पप्पू यादव ने जनाधिकार पार्टी के सोशल मीडिया पर जानकारी शेयर करते हुए कहा कि बिहार के फोटो जर्नलिस्ट आफताब आलम जी की बिटिया गंभीर बीमारी से ग्रसित है। जिसके इलाज के लिए आज जनाधिकार पार्टी की तरफ से 50 हजार रुपए की मदद दी गई। साथ ही उन्होंने आफताब आलम का बैंक एकाउंट शेयर कर (खाता संख्या : 30443234975, आईएफएससी कोड- एसबीआईएन0001662, जी पे-पे फोन नं : 9905809911) लोगों से मदद की अपील करते हुए कहा कि प्लीज आप सब भी इंसानियत के नाते एक नन्ही सी जिंदगी को बचाने में मदद करें। उन्होंने कहा था कि उनकी बिटिया मरियम की हालत चिन्ताजनक है। उनके परिवार के सदस्य बिहार सरकार से भी आर्थिक मदद की फरियाद कर चुके हैं। ऐसे में जाप सुप्रीमो यादव ने फोटो जर्नलिस्ट आफताब आलम को 50 हजार रुपये की आर्थिक मदद की है। साथ ही आगे में भी इलाज में हर संभव मदद का भरोसा जताया है।

स्नान के दौरान गहरे पानी में डूबा युवक

पटना। गंगा स्नान के दौरान गहरे पानी में जाने से एक युवक डूब गया। हादसा पटना के एनआईटी के गांधी घाट पर रविवार को हुई। पटना के पीरबहोर थाना क्षेत्र एनआईटी के गांधी घाट पर परिजनों के साथ 22 वर्षीय युवक जितेंद्र राम स्नान करने गया था। इसी दौरान उसका पांव फिसल गया और काल के गाल में समां गया। हालांकि मौके पर मौजूद लोगों ने युवक को बचाने का प्रयास किया लेकिन वह गहरे पानी में जा चुका था जिसके बाद परिजनों में कोहराम मच गया। घटना की सूचना मिलते ही पीरबहोर थाने की पुलिस गंगा घाट पर लगे सीसीटीवी कैमरा को भी खंगाल रही है। वहीं एसडीआरएफ की टीम भी मौके पर पहुंचकर डूबे युवक की तलाश में जुटी है।

जदयू के धीरेंद्र कुमार उर्फ नीरज पटेल ने थामा हम का दामन

पटना। हिंदुस्तानी आवाम मोर्चा से अनुसूचित जाति जनजाति प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजेश्वर मांझी के कुशल नेतृत्व में जदयू के पटना जिला उपाध्यक्ष सह पूर्व जिला पार्षद धीरेंद्र कुमार उर्फ नीरज पटेल अपने सैकड़ों समर्थकों के साथ पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष बिहार सरकार के पूर्व मंत्री डॉक्टर संतोष कुमार सुमन के हाथों हम पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। हम पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ संतोष कुमार सुमन ने अनुसूचित जाति जनजाति प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजेश्वर मांझी के नेतृत्व में जदयू पटना जिला उपाध्यक्ष सह पूर्व जिला पार्षद धीरेंद्र कुमार उर्फ नीरज पटेल के साथ श्याम नारायण सिंह पटेल पूर्व मुखिया प्रत्याशी कंडाप पंचायत संपतचक, जगनारायण सिंह पटेल, राजेश कुमार पटेल, नीरज कुमार उर्फ बंटी कुमार पटेल, राहुल कुमार पटेल, गोलू कुमार पटेल, अंकित कुमार पटेल, नीतीश कुमार पटेल, रिंकू कुमार पटेल, दीपू कुमार पटेल, बंटी सिंह पटेल, राजेश रंजन पटेल, सुनील पटेल, विनय पांडेय, पप्पू पांडेय, दिनेश कुमार सिंह, अभय कुमार सिंह, राजीव रंजन कुमार राम, रत्नेश कुमार गुप्ता, उमेश कुमार गुप्ता आदि सैकड़ों की संख्या में पटना ग्रामीण क्षेत्र के जदयू नेता एवं कार्यकताओं ने हम पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। डॉ संतोष मांझी ने कहा कि हम पार्टी गरीबों की पार्टी है। हमारी पार्टी में कोई जात-पात नहीं, ना कोई बड़ा छोटा है। हमारे सभी कार्यकर्ता एक समान है। पार्टी के राष्ट्रीय प्रधान महासचिव राष्ट्रीय प्रवक्ता राजेश पांडेय, पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष सिकंदरा विधायक प्रफुल्ल मांझी, राजेश्वर मांझी , गीता पासवान, मो सैफुद्दीन, अनिल रजक प्रदेश मीडिया प्रभारी श्रवण कुमार, कुंदन कुमारी, रामविलास आदि हम नेता मौजूद थे।

9 वर्षों में 18 करोड़ नौकरी देने के वादे का क्या हुआ : सर्राफ

नीतीश के ईमान पर कोई ऊंगली नहीं उठा सकता : नीरज

पटना। मुजफ्फरपुर के आरएस होटल एंड रेसिडेंसी में जदयू व्यावसायिक एवं उद्योग प्रकोष्ठ तथा जदयू शिक्षा प्रकोष्ठ का संयुक्त प्रमंडलीय प्रशिक्षण सह संवाद कार्यक्रम हुआ। इसमें दोनों प्रकोष्ठों के मुजफ्फरपुर, वैशाली, सीतामढ़ी और शिवहर के पदाधिकारी शामिल हुए। कार्यक्रम में विधानपार्षद सह प्रदेश जदयू के कोषाध्यक्ष ललन सर्राफ ने कहा कि केन्द्र सरकार ने पिछले 9 वर्षों के शासन में हमें छलने के अलावा कुछ नहीं किया। विशेष राज्य का दर्जा बिहार का हक है, लेकिन नहीं मिला। न ही कोई स्पेशल पैकेज हमें मिला। इन 9 वर्षों में बिहार के लिए केन्द्र सरकार ने एक मीटिंग तक नहीं की। वादे के मुताबिक केन्द्र सरकार को 9 वर्षों में 18 करोड़ नौकरी देनी थी, लेकिन महज 7 लाख लोगों को ही नौकरी मिली। उन्होंने कहा कि ये सरकार बार-बार वोट बदलती है, इस बार हमलोग वोट के साथ नोट भी बदल देंगे और हमारे नेता श्री नीतीश कुमार ने जिस भाजपा-मुक्त भारत का बीड़ा उठाया है, उसे साकार करके दिखाएंगे। विधानपार्षद एवं जदयू के मुख्य प्रवक्ता नीरज कुमार ने कहा कि नीतीश कुमार के रहते कानून का राज और विकास के एजेंडा से कोई छेड़छाड़ नहीं कर सकता। भाजपावाले बिहार में जंगलराज की बात करते हैं, जबकि यहां मंगलराज है। उन्होंने कहा कि नीतीश कुमार के ईमान और उनकी साख पर कोई ऊंगली नहीं उठा सकता। गठबंधन के सहयोगी भले बदले हों, लेकिन हमारा नेता नहीं बदला और न ही हमारा सात निश्चय बदला। उन्होंने कहा कि आज जो भगवान राम को ठीक से जानते तक नहीं, वे भी जय श्रीराम का नारा लगाते हैं। ऐसे लोग फर्जी हिन्दू हैं। जदयू शिक्षा प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष डॉ अमरदीप ने कहा कि नीतीश कुमार ने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने अपने 17 वर्षों के शासन में बिहार को नई पहचान दी है। जदयू व्यावसायिक एवं उद्योग प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष धनजी प्रसाद ने कहा कि हमें हाटे बाजार-नीतीशे कुमार अभियान के माध्यम से मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार का संदेश हर हाट-हर बाजार तक पहुँचाना है और व्यवसायियो को एकजुट करना है।

भाव संपदा से संपन्न विदुषी कवयित्री हैं डौली बगड़िया

- साहित्य सम्मेलन में काव्य-संग्रह अंतर्द्वंद्व का हुआ लोकार्पण, आयोजित हुई कवि-गोष्ठी

पटना। काव्य-सृजन के लिए आवश्यक भाव-संपदा से अत्यंत संपन्न और विदुषी कवयित्री हैं डौली बगड़िया अनिल। इनकी रचनाओं में नारी-मन की सुमधुर और मनोवैज्ञानिक अभिव्यक्ति मिलती है। इनके काव्य-क्षितिज पर केवल नारी-मन के कोमल चित्र ही नहीं, जीवन के विविध रंगों, उसके सुगंध और सौंदर्य भी चित्रित हुए हैं। इनकी रचनाओं में समाज की पीड़ा और उसके प्रतिकार के स्वर भी लक्षित होते हैं। उक्त बातें रविवार को साहित्य सम्मेलन के तत्त्वावधान में आयोजित समारोह में बगड़िया के काव्य-संग्रह अंतर्द्वंद्व के लोकार्पण के पश्चात अपने अध्यक्षीय संबोधन में सम्मेलन अध्यक्ष डा अनिल सुलभ ने कही। उन्होंने कहा कि लोकार्पित पुस्तक में कवयित्री की 46 कविताएं संकलित हैं, जो जीवन के सभी रूप-रंगों को अपने भावों में समेटती है। समारोह का उद्घाटन करते हुए पटना उच्च न्यायालय के अवकाश प्राप्त न्यायाधीश तथा उपभोक्ता संरक्षण आयोग बिहार के अध्यक्ष न्यायमूर्ति संजय कुमार ने कहा कि साहित्य सम्मेलन हिन्दी भाषा और साहित्य के उन्नयन में तथा नवोदित साहित्यकारों के उत्साह-वर्द्धन के लिए अत्यंत प्रशंसनीय कार्य कर रहा है। समारोह के मुख्य अतिथि और सुप्रसिद्ध समाजसेवी पद्मश्री विमल जैन ने कहा कि डौली जी को मैंने साहित्य सम्मेलन के ही एक आयोजन में पहली बार सुना था। उनकी काव्य-प्रतिभा ने मुझे बहुत प्रभावित किया। सम्मेलन के उपाध्यक्ष डा शंकर प्रसाद, समारोह के विशिष्ट अतिथि और अवकाश प्राप्त ज़िला एवं सत्र न्यायाधीश रमेश जी रतेरिया, वरिष्ठ साहित्यकार तनसुख लाल बैद, डा पूनम आनन्द, चंदा मिश्र तथा लेखिका के पति अनिल कुमार बगड़िया ने भी अपने विचार व्यक्त किए तथा कवयित्री के प्रति शुभकानाएं व्यक्त की। इस अवसर पर आयोजित कवि-सम्मेलन का आरंभ चंदा मिश्र द्वारा वाणी-वंदना से हुआ। वरिष्ठ कवि बच्चा ठाकुर, शायरा तलत परवीन, जय प्रकाश पुजारी, कुमार अनुपम, मधुरानी लाल, शुभचंद्र सिन्हा, डा शालिनी पाण्डेय आदि कवियों एवं कवयित्रियों ने अपनी रचनाओं से आयोजन को सरसता प्रदान की। आपने कृतज्ञता ज्ञापन में कवयित्री डौली बगड़िया ने अपने लोकार्पित पुस्तक से तीन प्रतिनिधि रचनाओं का पाठ किया। मंच का संचालन कवि ब्रह्मानन्द पाण्डेय ने तथा धन्यवाद-ज्ञापन कृष्ण रंजन सिंह ने किया। सम्मेलन के अर्थ मंत्री प्रो सुशील कुमार झा, बाँके बिहारी साव, डा नागेश्वर प्रसाद यादव, कृष्ण कुमार बगड़िया, सुयश बगड़िया समेत बड़ी संख्या में प्रबुद्धजन उपस्थित थे।

अतिपिछड़ा समाज के कार्यकर्ताओं का सम्मेलन 30 को : लोजपा रा

पटना। चिराग पासवान के नेतृत्व में अतिपिछड़ा समाज अपने हक-हुकूब का निर्णायक लड़ाई लड़ेगा। अतिपिछड़ा समाज का देश के कुल आबादी का एक तिहाई जनसंख्या है। इतने बड़े वोट-बैंक रहते हुए इस समाज को सत्ता से दूर रखा गया है। उक्त बातें रविवार को शिवहर जिला में आयोजित अतिपिछड़ा सम्मेलन में बोलते हुए लोजपा-रा के राष्ट्रीय महासचिव डॉ. सत्यानंद शर्मा कही। मौके पर युवा लोजपा रा के राष्ट्रीय महासचिव अनिल कुमार पासवान, अतिपिछड़ा प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय महासचिव मनोज कुमार, अतिपिछड़ा प्रकोष्ठ के प्रदेश महासचिव शंकर शर्मा मौजूद रहें। मौके पर मौजूद नेताओं ने कहा कि अतिपिछड़ा समाज को देश के मुख्यधारा से काट कर रखा गया है, जबकि देश और राज्य में इस समाज के वोट के बगैर सत्तासीन होना अंसभव है। राजनीतिक पाटीर्यों के नेता अतिपिछड़ों को सिर्फ लुभावनी बात कह कर झांसा देते रहें है। आंदोलन की रूप रेखा तैयार करने के लिए 30 जुलाई को पटना के श्रीकृष्ण मेमोरियल हॉल में बिहार भर के अतिपिछड़ा समाज के कार्यकताओं का सम्मेलन आहूत किया गया है। सम्मेलन में संघर्ष की रणनीति तैयार किया जायेगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता पार्टी के जिलाध्यक्ष विजय पाण्डेय ने किया और संचालन अतिपिछड़ा प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष दीपक कुमार गुप्ता में किया। सम्मेलन को पार्टी के प्रदेश महासचिव रंजन सिंह,एससी/एसटी के प्रदेश महासचिव जितेन्द्र पासवान,अतिपिछड़ा प्रकोष्ठ के प्रदेश महासचिव धनंजय सिंह ने संबोधित किया। उक्त आशय की जानकारी अतिपिछड़ा प्रकोष्ठ के प्रदेश प्रवक्ता रमेश कुमार ने दिया।

10 सप्ताह तक प्रत्येक रविवार को अपने घरों की करें साफ-सफाई : अशोक

डेंगू से बचाव के लिए चलाया जाएगा जन-जागरूकता अभियान

पटना, प्रात : किरण संवाददाता

स्वास्थ्य विभाग राज्य में पिछले वर्ष के डेंगू के प्रकोप को देखते हुए इस वर्ष सतर्क है। इसलिए चिकित्सकों को निर्देश दिया गया है कि वे अपने जिले में डेंगू से बचाव के लिए जन-जागरूकता अभियान की शुरूआत करें। साथ ही राज्य के सभी लोगों से अपील की है कि वे अपने परिवार के सदस्यों के स्वास्थ्य के लिए 10 सप्ताह तक सुबह 10 बजे से लेकर सिर्फ 10 मिनट तक प्रत्येक रविवार को घर के सभी सदस्यों के साथ घर के आसपास की साफ-सफाई करें। जहां भी थोड़ी सी जलजमाव की संभावना है, उसे तत्काल दूर करें, उक्त बातें शनिवार को प्रशिक्षण कार्यक्रम को संबोधित करते हुए वेक्टर जनित रोग नियंत्रण कार्यक्रम के अपर निदेशक सह राज्य कार्यक्रम पदाधिकारी डा. अशोक कुमार ने कहीं। उन्होंने कहा कि दरअसल पिछले वर्ष राज्य में और खासकर पटना शहरी क्षेत्रों में डेंगू का प्रकोप काफी अधिक था। डेंगू एडिस एजिप्ट मच्छर के काटने से होता है,और इसका प्रजनन साफ और स्थिर पानी में होता है। प्रायः देखा गया है कि शहरी क्षेत्रों में गर्मी के मौसम के बाद कूलर को बाहर निकाल देते हैं, और उनमें जल जमाव हो जाता है। गमलों को भी बरसात में बाहर छोड़ देने पर उनमें भी जलजमाव हो जाता है। ध्यान रखें कि घरों के आसपास कहीं भी थोड़ा भी जलजमाव नहीं हो, और कहीं गड्ढा हो तब उसे जहां तक संभव हो भर दें। और यदि तब भी जलजमाव हो तब किरासन तेल का छिड़काव करें। डाक्टर अशोक कुमार ने कहा कि नगर निगम, नगरपालिका अथवा स्वास्थ्य विभाग द्वारा किए जा रहे फोगिंग में सहयोग करें। सुबह और शाम को फूल बांह का कमीज और फूलपैंट अथवा पायजामा पहने और झारियों अथवा छोटे पौधों के पास नहीं टहलें। मानसून का आगमन हो चुका है। अब बारिश के बाद डेंगू के होने की संभावना ज्यादा है। उन्होंने बताया कि राज्य के प्रत्येक जिला से जिला वेक्टर ज

संक्षिप्त खबरें

विदेशी शराब के साथ एक कारोबारी गिरफ्तार

शिवाजीनगर, समस्तीपुर। शिवाजीनगर ओपी क्षेत्र में रविवार को पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए सिसई मोर से 35 लीटर अंग्रेजी शराब बरामद की। जब्त शराब की बाजार कीमत 57 हजार 600 रुपए बताया गया। ओपी अध्यक्ष कमल राम ने बताया कि शराब कारोबारी गलगल चौक बहेरी मुख्य मार्ग से चोरी छुपे शराब बाइक से ले जा रहा था। इसकी जानकारी पुलिस को मिली पुलिस को आते देख बाइक सवार एक युवक फरार हो गया। वहीं दूसरे को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। बाइक समेत 35 लीटर अंग्रेजी फ्रूटी शराब को जप्त कर ओपी लाया गया। गिरफ्तार की पहचान घिवाही गांव निवासी राम उदगार पासवान के पुत्र देव आशीष कुमार के रूप में कि गई है। जिसे गिरफ्तार किया गया है। मौके पर एसआई विनोद कुमार सहित अन्य पुलिस पदाधिकारी मौजूद थे।

शराब तस्कर और 14 कांवरिया सहित 17 शराबी गिरफ्तार, शराब जब्त

जमुईः रविवार को उत्पाद विभाग की टीम के द्वारा शराब के विरुद्ध जिले के अलग-अलग जगहों पर छापेमारी अभियान चलाई गई। चकाई चेकपोस्ट,बामदह चेकपोस्ट के अलावा जमुई, झाझा, सोनो,सिकंदरा सहित विभिन्न इलाकों में छापेमारी की गई।इस दौरान सोनो थाना क्षेत्र के बटिया से नारायण पासवान,झाझा थाना क्षेत्र के तेलियाडीह गांव से कुलदीप दास और सिकंदरा से मालती देवी को गिरफ्तार किया गया। तीनो के पास से कुल 15 लीटर चुलाई शराब भी जब्त किया गया है। जबकि चकाई चेकपोस्ट से वाहन जांच के दौरान पड़ोस के राज्य झारखंड की ओर से आ रहे 14 कांवरिया सहित 17 लोगों को शराब के नशे में गिरफ्तार किया गया। जो देवघर से पूजा कर लौट रहे थे। गिरफ्तार कांवरियों में पांच गोरखपुर के तो छह लोग बाढ़ और तीन लोग मोतिहारी के रहने वाले हैं। इसके अलावा तीन लोग शहर के महिसौड़ी के रहने वाले हैं। उत्पाद विभाग की इस कार्रवाई से शराबियों व तस्करों के बीच हड़कंप मचा हुआ है। गिरफ्तार तीनो तस्कर को कागजी प्रक्रिया पुरी कर मेडिकल जांच के लिए सदर अस्पताल लाया गया,जहां से जांच के बाद कोर्ट में पेशी कर जेल भेज दिया गया है।जबकि कांवरियों को जुमार्ना की राशि के साथ छोड़ा गया है। उत्पाद अधीक्षक संजीव कुमार ठाकुर ने बताया कि शराब के विरुद्ध लगातार जिले के अलग-अलग जगहों पर छापेमारी की जा रही है। शनिवार को तीन तस्कर को जेल भेजा गया है जबकि शराबियों को जुमार्ना की राशि के साथ छोड़ा गया है। शराब के विरुद्ध लगातार छापेमारी अभियान जारी है।

सदर अस्पताल में प्रसव के बाद प्रसूता की हुई मौत,लापरवाही का आरोप लगाकर परिजन ने किया हंगामा

जमुईः सदर अस्पताल में प्रसव के बाद एक प्रसूता की तबीयत अचानक रविवार की दोपहर बाद बिगड़ गई, फिर उसकी मौत हो गई। मृतका की पहचान सोनो थाना क्षेत्र के चरैया गांव निवासी मंटू भूला की पत्नी सकुना देवी के रूप में हुई है। प्रसूता की मौत के बाद स्वजन ने सदर अस्पताल में जमकर हंगामा किया। साथ ही चिकित्सक व अन्य स्वास्थ्य कर्मियों पर इलाज में लापरवाही का आरोप लगाया है। स्वजन ने बताया कि महिला को पहला प्रसव था। शनिवार की रात अचानक प्रसव पीड़ा होने के बाद महिला को देर रात 12:00 बजे सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जहां साधारण प्रसव के तहत महिला ने बच्चे को जन्म दिया। उस वक्त सब कुछ ठीक-ठाक था।जच्चा और बच्चा स्वास्थ्य थे। लेकिन रविवार की दोपहर 2:00 बजे अचानक महिला को तेज खांसी होने लगा और रक्त स्त्राव होने लगा। उसके बाद मौजूद जीएनएम व ममता को महिला की तबीयत बिगड़ने की जानकारी दी गई, लेकिन कोई देखने के लिए नहीं आई। काफी देर तक स्वजन बोलते रहे इसके बावजूद ना डाक्टर और ना ही स्वास्थ्य कर्मी महिला को देखने आई। अंत में काफी देर के बाद महिला चिकित्सक के द्वारा जांच करने के बाद उसे पटना ले जाने की बात कही गई, फिर कुछ ही क्षणों में महिला की मौत हो गई। स्वजन ने बताया कि सही समय पर अगर उपचार होता तो महिला की जान बच सकती थी। चिकित्सक व स्वास्थ्य कर्मियों की लापरवाही की वजह से महिला की जान गई है।

राजकीय समारोह के रूप में मनाई गई पूर्व राज्यपाल स्व. सत्यनारायण सिन्हा की 124वीं जयंती

- नागालैंड के पूर्व राज्यपाल निखिल कुमार ने किया उनकी प्रतिमा का अनावरण
- कहा- तीन-तीन प्रधानमंत्रियों के मंत्रिमंडल में रहे शामिल, संसदीय मामलों के थे जानकार

समस्तीपुर, प्रात : किरण संवाददाता

समस्तीपुर नगर भवन में रविवार को स्वतंत्रता सेनानी, पूर्व केंद्रीय मंत्री व पूर्व राज्यपाल स्व० सत्यनारायण सिन्हा की 124वीं जयंती राजकीय समारोह के रूप में मनाई गई। इस अवसर पर पूर्व सांसद व नागालैंड के राज्यपाल रहे निखिल कुमार के द्वारा सत्यनारायण सिन्हा की प्रतिमा का अनावरण किया गया। इस राजकीय समारोह कार्यक्रम की अध्यक्षता समस्तीपुर नगर निगम की मेयर अनिता राम एवं संचालन अनुपम कुमार सिंह हीरा ने की। मौके पर सांसद रामनाथ ठाकुर, राणा गंगेश्वर सिंह, चंद्रिका प्रसाद सिंह, गरीब दास, राम कलेवर सिंह, पूर्व राज्यपाल के पौत्र घन्टु व रिंटू बाबू, कौशल सिंह, कौशल प्रसाद सिंह, राम सुमरन सिंह, केशव प्रसाद सिंह, ऊदय शंकर सिंह, राम बालक पासवान, अशोक राम, कृष्ण चंद्र सिंह, पांडव सिंह, अमरेंद्र सिंह, अबू तमीम, शैलेन्द्र सिंह, रामनाथ सिंह सहित सैकड़ों ग्रमीण मौजूद थे। वहीं स्व० सत्यनारायण सिन्हा के प्रतिमा अनावरण से पूर्व उनकी 124वीं जयंती प्रशासनिक स्तर पर राजकीय समारोह के रूप में मनाई गई। जा मौके पर मौजूद जनप्रतिनिधियों एवं सभी प्रशासनिक अधिकारियों व ग्रामीणों के द्वारा उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस अवसर पर मंच संचालन सौरव कुमार, जीवन वृत का वाचन अनंत राय, सांसद रामनाथ ठाकुर, विधायक बिरेन्द्र पासवान, विप डॉ० मदन मोहन झा, गौरी शंकर झा सहित सैकड़ों ग्रामीण व बच्चे मौजूद थे। स्व० सत्यनारायण सिन्हा 124वीं जयंती पर आयोजित राजकीय समारोह को संबोधित करते हुए पूर्व सांसद व नागालैंड के राज्यपाल रहे निखिल कुमार ने कहा कि यह जिला ही नहीं देश के लिए महत्वपूर्ण कार्यक्रम है। सत्यनारायण सिन्हा अंग्रेजों के समय में भी चुनाव जीतकर केंद्रीय सदस्य बने। तीन पीएम के मंत्रिमंडल में शामिल रहे। उनके बिना संसद की गरिमा भी कम हो जाती, क्योंकि उन्हें संसदीय मामलों की अधिक जानकारी थी। वे सभी से मिलते थे। सभी दल के सांसद के साथ तालमेल बिठाकर रखते थे। जो संसदीय मामलों के मंत्री करते हैं। सभी दल उनका सम्मान करते थे। उनके पास कम्युनिकेशन मंत्रालय का भी काम किया। वे शेरवानी, चुन्नी पैजामा, टोपी व गुलाब उनकी पहचान थी। वे नेहरू जी को रोज गुलाब देते थे जो उनके कोट में लगा रहता था। मुझ पर उनका स्नेह था। 19 नंबर अकबर रोड उनका घर था, जहां मुझे जाने की मुझे पूरी आजादी थी। वे मां की पूजा रोजाना करते थे। उन्हें उनकी शक्ति भी प्राप्त थी। मंदिर का निर्माण पहले राजनीति से जुड़ा मामला नहीं था। पहले धर्म के आधार पर भेदभाव का मामला नहीं था। आज हम ऐसा करते हैं तो हम हिन्दू नहीं माने जाते। आप धर्म के अनुकूल आचरण करें। इस विश्व में जितने धर्म हैं सभी हमारे कुटुंब है, संबंधी हैं। हम हिन्दू पर्व के साथ ईद, बकरीद, क्रिसमस भी मनाते हैं। आज इस देश में समाजवाद एक प्रमुख विचारधारा है। जिसके तहत सरकार व समाज एक साथ काम करे। कोई सरकार राज्य व केंद्र का यह दायित्व है। हमें इसके लिए आगे आना होगा। आप उसकी चर्चा जरूर करते है जो नहीं हो रहा है। मणिपुर में आज जो चल रहा है इसे रोका क्यों नहीं जा रहा है। अगर राज्य सरकार फेल है तो हमारे संविधान व राजनीतिक विकल्प भी है। वहां शांति बहाल नहीं हो रही है तो हम उसके लिए पहल करें। मणिपुर की स्थिति में पीएम को पहल करनी चाहिए। 62 दिन से पीएम ने कुछ नहीं कहा। उन्हें अपने मन की बात बांटनी चाहिए। एक बार वो वहां जाएं। मणिपुर वासियों के मन में है की उन्हें देश के बाहर का समझा जाता है। इसलिए वहां पहल कर उन्हें अपनेपन का अहसास कराना जरूरी है। स्थानीय स्तर पर चीनी मिल बंद हो गया है। जिससे सैकड़ों परिवार जुड़े थे। जिला स्तर के नेता इसके लिए पहल करें। जनसाधारण के हित में इसे शुरू कराना चाहिए। इसके लिए मैं हर पहल करूंगा। वहीं, इस अवसर पर पूर्व विधायक राणा गंगेश्वर सिंह ने कहा कि हमने केवल इसके लिए प्रयास शुरू किया। बांकी का काम सभी सहयोगियों ने कर दिया। इनकी प्रतिमा लगने के बाद आज मेरे पूरे शरीर में फिर से जान आ गया है। मुझे नया जीवनदान मिला है। आज जिला में सत्यनारायण बाबू खड़े हो गए हैं, अब जिला में विकास का कार्य स्वयं ही आगे बढ़ेगा।

मासूम बच्चे के हत्या मामले में तीन अभियुक्त गिरफ्तार, कांड में प्रयुक्त देसी कट्टा बरामद

समस्तीपुर, प्रात : किरण संवाददाता

समस्तीपुर जिले के बिथान थाना क्षेत्र के सिहमा गांव में आपसी विवाद में बीते 7 जुलाई की शाम हुई 5 वर्षीय बच्चे के गोली मारकर हत्या मामले में एसआईटी ने तीन अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने उनके पास से एक देसी कट्टा और एक खोखा बरामद किया है। गिरफ्तार अभियुक्तों की पहचान सिहमा गांव के ही रामानंद यादव और उनके पुत्र गौरव कुमार यादव एवं रामानंद यादव की पत्नी पार्वती देवी के रूप में हुई है। बता दें कि बिथान थाना क्षेत्र के सिहमा गांव में बीते 7 जुलाई की शाम अपने दरवाजे पर खेल रहे एक 5 वर्षीय बच्चे की एक बदमाश के द्वारा गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। घटना को लेकर पीड़ित परिजनों के द्वारा बिथान थाने में आवेदन देकर मामला दर्ज करवाया गया था। वहीं, मामले की गंभीरता को देखते हुए रोसड़ा डीएसपी के नेतृत्व में एसआईटी का गठन किया गया था। एसआईटी के द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए घटना के 24 घंटों के अंदर कांड के तीनों अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया गया और उनके पास से कांड में प्रयुक्त एक देशी कट्टा और एक खोखा बरामद किया गया। पुलिस की छापेमारी टीम में बिथान थानाध्यक्ष विशाल कुमार सिंह, हसनपुर थानाध्यक्ष निशा भारती, एसआई रमेश कुमार, पीएसआई रोहित कुमार, एएसआई कैलाश राम, एएसआई जोगेंद्र सिंह, एएसआई राजेंद्र प्रसाद सिंह एवं सिपाही अरविंद कुमार व मनोहर लाल शामिल थे।

विधानसभा घेराव के लिए समस्तीपुर जिले से पांच हजार कार्यकर्ता करेंगे पटना कूच : उपेन्द्र कुमार कुशवाहा

समस्तीपुर, प्रात : किरण संवाददाता

समस्तीपुर शहर के हरपुर ऐलौथ स्थित भाजपा जिला कार्यालय में रविवार को पार्टी के जिला अध्यक्ष उपेंद्र कुमार कुशवाहा की अध्यक्षता में एक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक का संचालन जिला महामंत्री प्रेमदास ने की। बैठक को सम्बोधित करते हुए प्रदेश उपाध्यक्ष व पूर्व विधायक मिथिलेश तिवारी ने कहा कि बिहार में आज अपराध एवं भ्रष्टाचार का बोल बाला है, चारो तरफ भय का माहौल है। जगह-जगह पर हत्या, अपहरण, बैंक लूट, जैसी बारदात सामान्य बाते हो गयी है। बिहार सरकार के गलत शिक्षा नीति के कारण प्रदेश के लाखों युवाओं का शिक्षक बनने पर ग्रह लग गया है। इसके विरोध में पूरे प्रदेश से एक लाख भाजपा कार्यकर्ता पटना विधानसभा का घेराव करेंगे। लाखों कार्यकर्ता गांधी मैदान से विधानसभा तक पैदल मार्च करेंगे। प्रदेश उपाध्यक्ष राजेश वर्मा ने बताया कि बिहार भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सम्राट चौधरी के नेतृत्व में एक ऐसा जोरदार आंदोलन पटना में होगा जो नीतिश कुमार को सीधा जवाब देगी कि सिहांसन खाली करो कि जनता आती है। वित्त रहित शिक्षकों का बकाया भुगतान दिलाना, शिक्षकों को राज्य कर्मी का दर्जा दिलाना, सीटीईटी, एसटीइटी एवं नियोजित शिक्षकों की सीधे नियुक्ति, 1700 करोड़ की पुल टूट जाने में दोषियों पर कार्रवाई इत्यादि विषयों को लेकर यह आंदोलन नीतिश कुमार को सिहांसन खाली करने को बाध्य करेगी। जिलाध्यक्ष उपेन्द्र कुमार कुशवाहा ने कहा कि समस्तीपुर की धरती भारत सरकार के गृह राज्यमंत्री नित्यानंद राय की क्षेत्र है, अतः उनके नेतृत्व में समस्तीपुर जिला से पांच हजार कार्यकर्ता पटना विधानसभा घेराव में जाने को उत्साहित हैं। कार्यक्रम को सम्बोधित करने वाले अन्य नेताओं में विधान परिषद सदस्य हरि सहनी, विधायक वीरेंद्र कुमार पासवान, जिला प्रभारी भीम साहू, पूर्व मंत्री बैद्यनाथ सहनी, प्रो० विजय शर्मा, शशिकांत आनन्द, अमरेंद्र पांडेय, शील राय, इत्यादि रहे। बैठक में जिला महामंत्री कौशल कुमार पांडेय, राजीव चौधरी, जिला उपाध्यक्ष प्रभात कुमार ठाकुर, जिला मंत्री हीरा पासवान, जिला प्रवक्ता मुकेश सिंह, दीपक मंडल, गीतांजलि, सुजीत भास्कर पटेल, प्रियंका जायसवाल, गयात्री सिंह, उमेश प्रसाद कुशवाहा, मंडल अध्यक्ष सुजय पासवान, विजय शंकर ठाकुर, चंदेश्वर पासवान, बबलू झा, बलवंत सिंह राठौर, संतोष दास, सुशील चौबे, रंजीत शर्मा, राजू पटेल, दीपक सत्यार्थी व अन्य उपस्थित थे।

बिहार पुलिस एसोसिएशन के अध्यक्ष मृत्युंजय कुमार सिंह का समस्तीपुर में हुआ भव्य स्वागत

समस्तीपुर, प्रात : किरण संवाददाता

बिहार पुलिस एसोसिएशन के लगातार चौथी बार अध्यक्ष चुने जाने पर प्रदेश अध्यक्ष मृत्यंजय कुमार सिंह का समस्तीपुर जिले के सारी गांव स्थित हिमगिरी विवाह भवन में करणी सेना के जिलाध्यक्ष व क्षेत्र के गण्यमान्य लोगों के द्वारा भव्य स्वागत किया गया। मिथिला परम्परा के तहत पाग, माला, चादर व मिथिला पेंटिग देकर करणी सेना जिलाध्यक्ष अविनाश सिंह चंदेल व उपस्थित लोगों ने स्वागत किया। वहीं, मौके पर उपस्थित अतिथियों के द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरूआत की गई। इस दौरान महाराणा प्रताप एवं वीर कुंवर सिंह के तैल चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया गया। इस कार्यक्रम में प्रदेश अध्यक्ष ने सभी उपस्थित लोगों अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया। मौके पर सुरेंद्र प्रसाद सिंह, दिनेश्वर प्रसाद सिंह, ठाकुर संग्राम सिंह, विजय सिंह, ललन सिंह, राजकपूर सिंह, शशिराज सिंह, अनिल सिंह, मुखिया मनीष सिंह, पैक्स अध्यक्ष दिलीप सिंह, विशाल सिंह, अमरजीत सिंह, सतीश सिंह, चंदन सिंह, प्रकाश सिंह, बबलू सिंह, अमित सिंह, रजनीश सिंह, प्रभात सिंह सहित कई अन्य लोग मौके पर उपस्थित थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता अविनाश सिंह चंदेल व संचालन मुकेश सागर ने की।

सावन महीने मे झमाझम बारिश नही होने से किसानो की बढ़ रही बेचैनी

प्रात किरण संवाददाता

अलीगंज : प्रखंड क्षेत्र में मौसम की बेरुखी इस बार प्रखंड वासियों को परेशान कर रही है। अब तक अच्छी बारिश नहीं होने से किसान चितित है। धान की रोपाई के लिए डर सता रहा है कि कहीं फिर अकाल ना पड़ जाए। पिछले साल की तुलना में इस बार अब तक न के बराबर बारिश हुई है। बारिश नहीं होने के बाद भी किसान किसी तरह से धान का बिचड़ा तो बोए मोटर पंप से पटवन कर बचाया जा रहा है । किसान भी मोटर पंप से पटवन करते-करते हार व थके सा महसूस कर रहे हैं। इस समय हल्की बारिश हो जाने के बाद खेतों में नमी बना रहना चाहिए ।अब बारिश नहीं होने से धान का बिचड़ा जल रहा है। खेतों में दरार फट चुकी है। जिसके कारण धान का बिचड़ा बर्बाद होने के कगार पर है। कभी कभार आसमान में बादल तो छा रहे हैं लेकिन बारिश नहीं हो रही है। हंलांकि सप्ताह पहले सिर्फ बुंदाबांदी बारिश हुई थी लेकिन वह किसानों की आवश्यकता से काफी कम है। आसमान में बादल छाए रहने से किसानों को बारिश होने की आशा बनती है। परंतु फिर बादल नहीं बरसने से किसानों के अरमानों पर पानी फिर जाता है। इस समय दिन में तापमान से जहां क्षेत्रवासी गर्मी से बेहाल हैं। वहीं रात को पूरे बादल में तारे नजर आते हैं। मानसून किसानों के आशा अनुरूप अब तक नहीं बरस पाया है। बारिश नहीं होने के कारण गर्मी भी चरम पर है। जिससे लोग परेशान हैं। रविवार को 38 अधिकतम तापमान 37 डिग्री जबकि न्यूनतम तापमान 27 डिग्री था। आद्रा नक्षत्र बीत जाने के बावजूद खेतों में परी दरारें मुरझाए पौधे व उड़ते धुल देख किसानों का कलेजा फट रहा है। आर्थिक रूप से संपन्न किसान अपने खेतों की सिचाई पंप सेट से कर लेते हैं लेकिन छोटे किसानों के लिए सिचाई एक बड़ी समस्या बनी हुई है। उन्हें भगवान के भरोसे ही रहना पड़ता है।

पंप सेट के सहारे खेतों को पटवन कर धान रोपनी करना संभव नहीं

पिछले दिनों बारिश से खेतों में बरकरार नमी मूंग की फसल को नुकसान पहुंचा है।पर्याप्त बारिश नही होने से वाटर लेवल भी काफी नीचे जा चूका है।इसलिए मोटर पंपिंग से धान की खेती कर पाना मुमकिन नही होता दिख रहा है। अलीगंज प्रखंड क्षेत्र मे सिचाई का कोई साधन नही है।जिससे ग्रामीणो को भगवान भरोसे खेती करना विवशता है।

फाइनेंस कंपनी के कर्मी से हुए लूटपाट का सफल उद्भेदन कर एक अभियुक्त की हुई गिरफ्तारी

प्रात : किरण संवाददाता

सोनो (जमुई)/ थाना अंतर्गत बीते दिनों भारत फाइनेंस कंपनी में कार्यरत कर्मी के साथ अज्ञात व्यक्तियों द्वारा खपरिया के समीप चाननटांड़ में लूटपाट की घटना को अंजाम दिया गया, जिसे लेकर पीड़ित नीतीश कुमार ने दिनांक 4 जुलाई को थाना में आवेदन दे न्याय की गुहार लगाई, पीड़ित नीतीश कुमार द्वारा दिए गए आवेदन के अनुसार जब वह चाननटांड़ से सोनो की लौट रहा था तभी पीछे से आ रहे तीन अज्ञात व्यक्तियों ने नीतीश कुमार के बैग छीनने का प्रयास किया जिस क्रम में वह अनियंत्रित हो सड़क पर जा गिरा, घटनाक्रम में आरोपियों ने बंदूक का भय दिखा पीड़ित के पास बैग में रखे 186337 और टैबलेट छीन फरार हो गए। घटना के पश्चात आरोपी स्थानीय थाना पहुंच अपने साथ हुई आपबीती की जानकारी दे केस दर्ज कराया, उक्त मामले की जानकारी पुलिस अधीक्षक जमुई तक पहुंचने के पश्चात मामले को गंभीरता से लेते हुए अनुमंडलीय पुलिस पदाधिकारी झाझा के नेतृत्व में एसआईटी टीम का गठन किया गया, जिसमें सोनो थाना अध्यक्ष चितरंजन कुमार, विपिन कुमार राय, त्रिपुरारी कुमार, विशाल कुमार, तकनीकी शाखा जमुई और सशस्त्र बल की टीम ने गहन जांच-पड़ताल अभियान चला लूट-पाट कांड में शामिल एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया। अभियुक्त की पहचान रक्सा निवासी प्रदीप मंडल के पुत्र विपिन कुमार मंडल के रूप में की गई, जिसके पास से लूट की राशि का 10,000 नगद और नोकिया फोन बरामद हुआ। थानाध्यक्ष चितरंजन कुमार ने बताया कि गिरफ्तार किए गए अभियुक्त की निशानदेही पर जल्द ही फरार दो अन्य अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

डॉ0 भीमराव अम्बेडकर भारत के आधुनिक निमार्ताओं में से एक : श्याम रजक

समस्तीपुर, प्रात : किरण संवाददाता

समस्तीपुर प्रखंड के वाजितपुर तथा मोरदीवा पंचायत में रविवार को आयोजित पंचायत स्तरीय आंबेडकर परिचर्चा को सम्बोधित करते हुए पूर्व मंत्री सह राजद के राष्ट्रीय महासचिव श्याम रजक ने कहा कि डॉ० भीमराव अम्बेडकर भारत के आधुनिक निमार्ताओं में से एक माने जाते हैं। उनके विचार व सिद्धांत भारतीय राजनीति के लिए हमेशा से प्रासंगिक रहे हैं। दरअसल वे एक ऐसी राजनीतिक व्यवस्था के हिमायती थे, जिसमें राज्य सभी को समान राजनीतिक अवसर दे तथा धर्म, जाति, रंग तथा लिंग आदि के आधार पर भेदभाव नही किया जाए। उनका यह राजनीतिक दर्शन व्यक्ति और समाज के परस्पर संबंधों पर बल देता है। उनका यह दृढ़ विश्वास था कि जब तक आर्थिक और सामाजिक विषमता समाप्त नहीं होगी, तब तक जनतंत्र की स्थापना अपने वास्तविक स्वरूप को ग्रहण नहीं कर सकेगी। दरअसल सामाजिक चेतना के अभाव में जनतंत्र आत्मविहीन हो जाता है। ऐसे में जब तक सामाजिक जनतंत्र स्थापित नहीं होता है, तब तक सामाजिक चेतना का विकास भी संभव नहीं हो पाता है। अपने सम्बोधन के क्रम में स्थानीय विधायक अख्तरुल इस्लाम शाहीन ने कहा कि केन्द्र की भाजपा सरकार हर मोर्चे पर विफल है। लगातार महंगाई बढ़ रही है। शिक्षित बेरोजगारों को रोजगार नहीं मिल रहा है। केन्द्रीय जांच एजेंसियों का दुरूपयोग किया जा रहा है। इतिहास भाजपा को कभी माफ नहीं करेगी। अध्यक्षता राजद प्रखंड अध्यक्ष संतोष कुमार यादव तथा संचालन जिला राजद प्रवक्ता राकेश कुमार ठाकुर ने किया। कार्यक्रम को स्थानीय विधायक अख्तरुल इस्लाम शाहीन, जिला राजद प्रवक्ता राकेश कुमार ठाकुर, राजद प्रखंड अध्यक्ष संतोष कुमार यादव, मो० नसीम अबदुल्ला, राकेश राय, रवि आनंद, मन्नू पासवान, रविन्द्र कुमार रवि, ज्योतिष महतो, मनोज पटेल, रामाश्रय महतो, जितेन्द्र कुमार, विवेक कुमार, मनोज कुशवाहा, भाग्यरथ सिह, मनोज कुमार बबलू, सुमन सौरभ, राकेश कुमार चिन्टू, पंकज राय, रामबाबू कुमार, मो० नाथो, सुनील राम, विनोद राम, संजय कुमार आदि ने भी सम्बोधित किया तथा समाजसेवी गोविन्द ठाकुर ने राजद के राष्ट्रीय महासचिव श्याम रजक के समक्ष राजद की सदस्यता ग्रहण की।

स्वच्छता प्रखंड समन्वयक को बताया मानसिक रोग से पीड़ित, डीडीसी को दिया आवेदन

विभूतिपुर, प्रात : किरण संवाददाता

विभूतिपुर प्रखंड के आलमपुर वार्ड 9 निवासी सह समस्तीपुर भाजपा के पूर्व जिला उपाध्यक्ष कृष्ण देव प्रसाद सिंह ने विभूतिपुर स्वच्छता प्रखंड समन्वयक को मानसिक रोग से पीड़ित बताते हुए जिला उप विकास आयुक्त को आवेदन दिया है। जिसमें बताया गया कि स्वच्छ भारत मिशन, लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान योजना अंतर्गत जियो टैग करने वाले व्यक्ति का नाम एवं पदनाम सूचना के अधिकार के तहत प्रखंड विकास पदाधिकारी सह स्वच्छता पदाधिकारी से मांगा गया था। जिस संदर्भ में प्रखंड विकास पदाधिकारी ने स्वच्छता प्रखंड समन्वयक को सूचना उपलब्ध कराने का निर्देश दिया जिसकी आईडी संख्या 01/2023-24 दर्ज है। वहीं स्वच्छता प्रखंड समन्वयक द्वारा आईडी संख्या 01/22-23 का सूचना उपलब्ध कराया गया जिसका आवेदक दामोदरपुर निवासी सुबोध कुमार उर्फ सुबोध महतो है। प्रखंड समन्वयक सह सहायक लोक सूचना पदाधिकारी विजय कुमार गुप्ता द्वारा किस चीज से संबंधित जिओ टैग की सूचना मांगी गई है यह स्पष्ट नहीं होता है यह कह कर सूचना उपलब्ध नही कराया गया। उन्होंने बताया कि स्वच्छता प्रखंड समन्वयक स्वंय कार्य नहीं करते है। नाजायज कर्मियों को रखकर जियो टैग का कार्य कार्यालय में न करके निजी आवास पर कराया जाता है। भ्रष्टाचार का पदार्फाश होता है भ्रष्टाचार का पदार्फाश होता इसीलिए जियो टैग करने वाले कर्मी का नाम उजागर नहीं किया गया। उन्होंने बताया कि स्वच्छता प्रखंड समन्वयक मानसिक रोग से पीड़ित है तभी तो वे आईडी संख्या 01/2023-24 के बदले आइडी संख्या 01/22-23 का जिक्र करते हुए कर्तव्य पूरा किया।

विद्युत विभाग की लापरवाही के विरुद्ध 18 जुलाई से आमरण अनशन

विभूतिपुर, प्रात : किरण संवाददाता

विभूतिपुर प्रखंड अंतर्गत सिंघिया बुजुर्ग उत्तर पंचायत के वार्ड संख्या 8 एवं 09 के कनेक्शन धारी विद्युत उपभोक्ता 18 जुलाई से विद्युत विभाग की अनदेखी के खिलाफ सिंघिया घाट स्थित निरीक्षण भवन में आमरण अनशन करेंगे। जिसकी सूचना ग्रामीणों ने दर्जनों लोगों की हस्ताक्षरित आवेदन कार्यपालक अभियंता विद्युत कार्यालय रोसरा को भी दी है। बताया गया कि विद्युत विभाग की लापरवाही के कारण 6 वर्ष पूर्व गाड़ा गया पोल पर अभी तक तार नहीं चढ़ाया गया है। वहीं विभाग के कर्मचारियों द्वारा कनेक्शनधारी 2 दर्जन से अधिक उपभोक्ताओं को निजी पतली तार से जोड़कर लाइन चालू कर दिया गया। पतली तार होने के कारण अब जगह-जगह से टूटकर गिरने लगी है जिससे किसी भी अनहोनी को टाला नहीं जा सकता है। स्थिति को गंभीर देखते हुए स्थानीय लोगों ने लिखित आवेदन कनीय विद्युत अभियंता नरहन को देकर विद्युत पोल पर तार लगवाने की मांग किया। लेकिन 15 दिन बीत जाने के बावजूद भी अभी तक कोई सुनवाई नहीं हुई। इसी को कनेक्शन धारी मोहम्मद जावेद, मोहम्मद अनवर, मोहम्मद दाऊद, मोहम्मद असगर, समीदा खातून सहित 2 दर्जन से अधिक लोगों ने हस्ताक्षरित आवेदन के माध्यम से कार्यपालक अभियंता विद्युत कार्यालय रोसड़ा को अवगत कराते हुए 18 जुलाई से सिंघिया घाट स्थित निरीक्षण भवन में आमरण अनशन करने की बातें कही है।

दो पक्षों में जमकर हुई मारपीट, आधा दर्जन जख्मी

विभूतिपुर, प्रात : किरण संवाददाता

विभूतिपुर थाना क्षेत्र के खास टभकाउत्तर पंचायत में दो पक्षों के बीच जमकर मारपीट हो गई। जिसमें लगभग आधा दर्जन लोग जख्मी हो गए। जिसका इलाज विभूतिपुर सीएसपी में कराया गया है। जख्मी व्यक्ति की पहचान खास टभका उत्तर के ही सचिन सहनी 18 वर्ष, फूलो सहनी 52 वर्ष, अनिल कुमार 25 वर्ष, अमरजीत सहनी 23 वर्ष एवं बाजितपुर बम्बैया पंचायत के दिलीप सहनी के पुत्र साजन सहनी एवं राम सागर सहनी के पुत्र भोला सहनी बताया गया। वहीं ग्रामीणों द्वारा साजन सहनी एवं भोला सहनी को पकड़कर पुलिस के हवाले किया गया है। घटना के संबंध में बताया गया कि पूर्व के विवाद को लेकर पूर्व पंचायत समिति एवं वर्तमान पंचायत समिति समर्थकों के बीच जमकर हुई मारपीट हुई। जिस घटना में आधा दर्जन लोग जख्मी हो गए हैं। मिली जानकारी के अनुसार किसी भी पक्ष के द्वारा थाने में आवेदन नहीं दिया गया है। आपसी पंचायती के माध्यम से मामले को सुलझाने का प्रयास किया जा रहा है। वहीं थानाध्यक्ष संदीप कुमार पाल ने बताया कि मारपीट की घटना की जानकारी मिली है। 4 लोगों को हिरासत में लिया गया है पूछताछ की जा रही है।

खजौली में विधान सभा धेराव को लेकर रणनीति बनाते शिक्षकगण

प्रात : किरण संवाददाता

मधुबनी मानसून सत्र में पंचायतीराज संस्थान में कार्यरत शिक्षकों द्वारा विधान सभा का घेराव कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु बिहार पंचायत नगर प्रारंभिक शिक्षक संघ प्रखंड इकाई खजौली की बैठक प्रखंड़ अध्यक्ष प्रदीप कुमार की अद्यक्षता में उत्क्रमित मध्य खजौली के प्रांगण आयोजन किया गया. इस बैठक के दौरान उपस्थित सभी शिक्षकों ने सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि आगामी 11 जुलाई को खजौली से सैकड़ों शिक्षक विधिवत आकस्मिक अवकाश लेकर पटना की धरती पर पहुँचेंगे . उन्होंने कहा कि शिक्षकों द्वारा सरकार से एक मांग विना शर्त राज्यकर्मी का दर्जा देने को लेकर विधान सभा धेराव करने निर्णय लिया गया. बिहार पँचायत नगर प्रारंभिक शिक्षक संघ जिला इकाई मधुबनी के उप संगठन मंत्री कमल कामत एवं रामपरीक्षण यादव ने कहा कि सरकार जब तक हमारी मांग को नही मानेगी तब तक शिक्षक आंदोलन करते रहेंगे . वही तेजनारायण सिंह एवं संजीव कुमार ने कहा कि सरकार नियोजित शिक्षकों के साथ सौतेलापन व्यवहार करना बंद नही करती है तो आगामी लोक सभा एवं विधान सभा चुनाव में मुहतोड़ जवाब देंगे. इस वैठक में शोभाकांत सिंह, अमित कुमार सिंह, शिवनाथ मंडल, शिवशंकर कुमार सन्तोष,अरुण कुमार, राजेश कुमार, श्रवण कुमार, राजेश कुमार चौधरी, मो0 अफरोज, मो0 ईशा , वेचन राम, उमेश राय, तेज नारायण सिंह, रामचन्द्र राम, संजीव कुमार, शोभाकांत सिंह, अरुण कुमार साह प्रभृति ने अपना अपना विचार रखा ।

दरभंगा जाने के क्रम में सीएम नीतीश कुमार का कार्यकताओं ने किया अभिवादन

प्रात : किरण संवाददाता

सरायरंजन, समस्तीपुर। दरभंगा जाने के क्रम में सरायरंजन प्रखंड क्षेत्र में प्रवेश करते ही वरुणा पुल के निकट जदयू पंचायत अध्यक्ष दिनेश महतो के नेतृत्व में सैकड़ों कार्यकताओं ने सड़क के किनारे खड़े हो कर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार तथा वित्त, वाणिज्यकर एवं संसदीय कार्य मंत्री विजय कुमार चौधरी का अभिवादन किया। अभिवादन करने वालों में छात्र जदयू के पूर्व जिलाध्यक

संक्षिप्त खबरें

शराब के नशे में दो गिरफ्तार

भोरे । भोरे थाने की पुलिस ने शराब के नशे में दो लोगों को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार पियक्कड़ों में थाने के भानपुर गांव के जुल्फिकार अली तथा कटेया थाने के राजपुर गांव के संयोग मिश्रा शामिल है।वहीं न्यायालय के वारंटी सिसई गांव निवासी शहाबुद्दीन अंसारी को भी गिरफ्तार कर लिया है।

43.6 लीटर शराब बरामद, दो तस्कर फरार

भोरे। भोरे थाने की पुलिस ने अलग-अलग जगहों पर कार्रवाई करते हुए 43.6 लीटर शराब बरामद कर लिया। हालांकि दोनों तस्कर पुलिस को चकमा देकर फरार होने में कामयाब हो गए। पहली कार्रवाई कल्याणपुर पंचायत भवन के बगल में आंगनबाड़ी केंद्र के पास की गई। बताया जाता है कि पुलिस को सूचना मिली थी कि शराब कारोबारी विशुन सिंह आंगनबाड़ी केंद्र के पास शराब की बिक्री कर रहा है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने वहां से दो सौ एमएल के 98 बोतल शराब बरामद कर लिया। जबकि शराब तस्कर विशुन सिंह पुलिस को देखकर फरार हो गया। दूसरी कार्रवाई हुस्सेपुर बाजार में की गई, जहां से दो सौ एमएल के 95 बोतल शराब बरामद हुआ। जबकि तस्कर किसान पासी पुलिस को देखते ही फरार हो गया।

शराब के साथ आरोपित गिरफ्तार

थावे । थावे पुलिस ने संध्या गस्ती में छापेमारी कर भुसाव चार मुहानी के पास से शराब के साथ एक धंधेबाज को गिरफ्तार कर लिया। अपर थानाध्यक्ष कृष्ण कुमार ने बताया कि गिरफ्तार धंधेबाज थाना क्षेत्र के गोपलामठ गांव के हिरामन राम के पास से दो टेट्रा पैक देशी शराब बरामद हुआ। उससे पूछताछ के बाद उत्पाद अधिनियम के तहत प्राथमिकी कर रविवार को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। गस्ती के दौरान एएसआई पंकज कुमार आदि पुलिस बल मौजूद थे।

शादी के दो साल बाद ही चारपहिया के लिए महिला को निकाला

भोरे । भोरे थाने के सिसई टोला चैधुर छापर की एक महिला को शादी के दो साल बाद ही दहेज में चारपहिया वाहन की मांग करते हुए प्रताड़ित कर घर से निकाल दिया गया। मामले को लेकर पीड़िता ने पति सहित पांच लोगों के खिलाफ थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई है। बताया जाता है कि उत्तर प्रदेश के देवरिया जिले के खामपार की अफसाना खातून की शादी भोरे थाने के सिसई टोला चैधुर छापर के सद्दाम हुसैन से दो वर्ष पूर्व मुस्लिम रीति रिवाज से हुई थी। दहेज में एक लाख रुपए नगद और बाइक दिया गया था। इसके बावजूद ससुर शहाबुद्दीन अंसारी चारपहिया वाहन की मांग करते हुए विदाई कराने से इंकार कर दिए। काफी समझाने- बुझाने के बाद विदाई हुई थी। लेकिन शादी के आठवें दिन ही सड़क दुर्घटना में देवर की मृत्यु हो गई, इसको लेकर पीड़िता को कुलक्षणी तथा अभागिन कहते हुए घर से निकल जाने का दबाव दिया जाने लगा। नहीं निकलने पर विजयीपुर थाने के तिवारी बेलवा के उसके ननदोई मुमताज अंसारी तथा ननद गुड्डी खातून तथा विजयपुर थाने के गुरमिया टोला की सालेहा खातून और बसहा गांव की हाजरा खातून ने चारपहिया वाहन की मांग करते हुए मारपीटकर उसे घर से निकाल दिया।

जिला प्रशासन से किसानों को उचित मूल्य पर यूरिया खाद उपलब्ध कराने का मांग किया:सत्येन्द्र

अरवल। जिला लोक जनशक्ति पार्टी रामविलास के जिलाध्यक्ष सत्येन्द्र रंजन ने प्रेस ब्यान जारी कहा कि धान रोपनी का कार्य किसानों के द्वारा शुरूआत कर दी गई , धान रोपाई के समय डी0ए0पी0 खाद एवं यूरिया खाद की जरूरत पड़ती हैं , उन्होंने जिलापदधिकारी वर्षा सिंह से मांग करते हुए कहा कि किसानों को उचित मूल्य पर डी0 ए0पी0 खाद एवं यूरिया खाद आसानी उपलब्ध कराया जाय ताकि सभी किसान को धान की फसल अच्छी हो ।किसान को सही समय पर खाद नही मिलने के कारण पैदावार में कमी होने की संभावना बनी हुई रहती है जिसका कुप्रभाव सीधे आमलोगों पर पड़ता है ।खाद की कालाबाजारी पर पूर्णतः रोक लगाने की भी जिलापदधिकारी से मांग की ।

छापेमारी में चुलाई शराब के साथ आरोपित गिरफ्तार

बैकुंठपुर। बैकुंठपुर पुलिस ने हरदिया चैक पर गुप्त सूचना के आधार पर छापेमारी की। छापेमारी के दौरान देसी चुलाई शराब के साथ एक युवक को गिरफ्तार किया गया। थानाध्यक्ष धनंजय राय ने बताया कि गिरफ्तार कृष्णा राय के विरुद्ध सब इंस्पेक्टर सूरज कुमार शर्मा के बयान पर उत्पाद अधिनियम के तहत प्राथमिकी दर्ज की गयी है।

नशे की हालत में तीन लोग किए गए गिरफ्तार

बैकुंठपुर। बैकुंठपुर पुलिस ने रात्रि गश्ती के दौरान नशे की हालत में तीन लोगों को गिरफ्तार कर लिया है। थानाध्यक्ष धनंजय कुमार राय ने बताया कि गिरफ्तार लोगों में पिपरा गांव के जनारस महतो, चिउटाहां गांव के फुलेना रावत व किशन रावत शामिल हैं। तीनों को न्यायिक हिरासत में गोपालगंज भेजा गया है।

अब घर-घर जायेंगे बूथ लेबल पदाधिकारी, वोटरों का करेंगे सत्यापन

भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश पर शुरू हुआ संक्षिप्त मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्य

गोपालगंज प्रात : किरण संवाददाता

अब बूथ लेबल पदाधिकारी अपने निर्वाचन क्षेत्र में मतदाताओं के घर-घर जायेंगे। वही एक-एक मतदाताओं का भौतिक सत्यापन करेंगे। लोकसभा चुनाव 2024 को लेकर भारत निर्वाचन आयोग के द्वारा तैयारियां शुरू कर दी गयी है। आयोग के निर्देश पर जिला, प्रखंड, पंचायत एवं बूथ लेबल तक के अधिकारी अपने-अपने कार्यो में जुट गए है। वही आयोग के निर्देश के अनुरूप जिला निर्वाचन पदाधिकारी के स्तर से भी निर्वाचन कार्यो की मॉनीटरिंग की जा रही है। आयोग के द्वारा एक जनवरी 2024 को आधार मानकर मतदाता सूची के संक्षिप्त पुनरीक्षण का कार्य कराया जा रहा है। जिस कार्य को ससमय पूर्ण किए जाने को लेकर आयोग के स्तर से कार्यक्रम भी निर्धारित किया गया है। निर्धारित कार्यक्रम के तहत राज्य स्तर पर निवार्ची पदाधिकारियों की ट्रेनिंग से लेकर मतदाता सूची पुनरीक्षण, मतदाताओं का भौतिक सत्यापन, प्रारूप प्रकाशन, दावा आपत्ति प्राप्त करना, प्राप्त दावा आपत्ति का निष्पादन, अंतिम मतदाता सूची का प्रकाशन तक की तिथि निर्धारित की गयी है। जिस पुनरीक्षित मतदाता सूची के आधार पर लोकसभा चुनाव 2024 करायी जायेगी। उसकी तैयारी शुरू कर दी गयी है। आयोग के निर्देश पर निर्वाचन क्षेत्रों के निवार्ची पदाधिकारियों को ट्रेनिंग दी जा चुकी है। वही अब जिला स्तर पर 11 जुलाई को सहायक निवार्ची पदाधिकारी को ट्रेनिंग दी जाएगी। जबकि 17 से 20 जुलाई तक प्रखंड मुख्यालय में मास्टर ट्रेनरों और बूथ लेबल पदाधिकारियों को ट्रेनिंग मिलेगी। जिसके बाद मतदाता सूची पुनरीक्षण का कार्य कराया जायेगा। मतदाता सूची पुनरीक्षण के दौरान आगामी 1 जनवरी 2024 को 18 वर्ष की आयु पूरा करने वाले युवा अपना नाम मतदाता सूची में जुडवा सकते है।

मतदाता सूची से हटेगा मृत व दोहरी प्रविष्टी वाले नाम: मतदाता सूची के भौतिक सत्यापन के दौरान मृत व दोहरी प्रविष्टी वाले मतदाताओं के नाम हटाये जायेंगे। मतदाता सूची के संक्षिप्त पुनरीक्षण के क्रम में बूथ लेबल पदाधिकारी घर-घर जाकर एक-एक वोटरों के बारे में विस्तृत जानकारी लेंगे। ताकि किसी भी मतदाता का नाम दो जगहों की मतदाता सूची में नही रहने पाये। उनका मतदान केन्द्र, नाम, पिता का नाम, उम्र, गृह संख्या, मतदान केन्द्र का भाग, मतदाता क्रमांक, फोटो सहित सभी विवरणी सही-सही अंकित करेंगे। विवरणी में जहां कही गलत होगा उसकी सुधार भी की जायेगी। मतदाता सूची को इस वर्ष पुनरीक्षण के क्रम में त्रुटि रहित बनाया जाना है। जिस मतदाता सूची के आधार पर लोकसभा चुनाव 2024 आयोजित की जायेगी।

महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने हेतु आयोजित हुआ स्वास्थ्य प्रशिक्षण शिविर

प्रात : किरण संवादाता

फुलवरिया। फुलवरिया प्रखंड क्षेत्र के ग्राम पंचायत राज चुरामन चक पंचायत अंतर्गत सेलार कला गांव में मुखिया गया कुमार सिंह की मौजूदगी में रविवार को मिशन महिला शक्ति द्वारा महिलाओं के सशक्तिकरण और उन्हें आत्मनिर्भर बनाने को लेकर स्वास्थ्य जांच प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें कई वार्डो से लगभग 300 महिलाएं शामिल हुई। प्रशिक्षक नीलम देवी निशा कुमारी तथा सीता देवी के द्वारा महिलाओं को स्वास्थ्य जांच से संबंधित प्रशिक्षण दिया गया। जिसमें छोटी-छोटी बीमारियों को अपने ढंग से कैसे ठीक किया जा सकता है। इसके बारे में जानकारियां दी गई ताकि महिलाएं अपने तथा अपने घर पर और लोगों का ख्याल अच्छी तरह से रख सकें। वही महिलाओं को सेनेटरी पैड हेल्थ चेकअप आदि के बारे में भी बताया गया। महिलाओं को सिलाई बुनाई आदि से संबंधित प्रशिक्षण दिया गया जो 50 दिनों तक चलेगा। इस दौरान स्वास्थ्य प्रशिक्षक मनीष कुमार दुबे ने बताया कि इस मिशन के तहत महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए सिलाई कढ़ाई से लेकर फर्स्ट एड के बारे में भी प्रशिक्षण दिया जाएगा। मौके पर आनंद कुमार सिंह, विनय कुमार दुबे, रामाकांत चैधरी, अली हुसैन, ओमप्रकाश सिंह डीलर, उपेंद्र पंडित सहित महिलाओं में सुनीता देवी, सीमा देवी, नंदन कुमारी, शालू कुमारी, अंजुम नेश, सफेदी देवी, गुड़िया देवी, रेणु विश्वकर्मा, बिस्मिल्लाह खातून आदि मौजूद रहे।

सड़क पर जलजमाव से महामारी फैलने की आंशका, ग्रामीण परेशान

थावे प्रात : किरण संवाददाता

थावे प्रखंड के थावे स्टेशन से हनुमान मंदिर व विदेशीटोला गांव होकर थावे दुर्गा मंदिर जाने वाली मुख्य सड़क पर जल जमाव होने से राहगीरों के साथ ही आस पास लोगो को भी काफी परेशानी हो रही है।

सड़क पर गंदे पानी का जमाव होने के कारण बदबू से काफी परेशानी झेलनी पड रही है। वही जलजमाव के कारण कई प्रकार की महामारी बीमारी फैलने की आंशका बढ़ गई है। विदित हो कि सड़क के किनारे काली मां के स्थान के साथ ही निजी विद्यालय है। इसी रास्ते से शिवस्थान में स्थित बाबा सिद्धेश्वर नाथ मंदिर में लोग पूजा करने जाते है।

सावन माह को लेकर हर रोज श्रद्धालु पूजा अर्चना करने के लिए बदबूदार कीचड़ पानी पार करते हुए बाबा भोलेनाथ के दर्शन करने के लिए आते जाते है। सड़क पर जगह जगह गढ़े और जल जमाव होने से स्कूल जा रहे छात्र छात्राएं एव आने जाने वाले कई राहगीर भी गिरकर घायल हो चुके है। वही दूसरी तरफ काफी संख्या में थावे दुर्गा मंदिर में पूजा अर्चना करने आ रहे दूर दराज के श्रद्धालू थावे जंक्शन से उतरकर कीचड़ पानी पार कर इसी मार्ग से दुर्गा मंदिर जाने को मजबूर है। बताया जाता यह सड़क आरईओ के अधीन आता है। यह सड़क यादोपुर से एन एच 27 पार कर थावे दुगार्मंदिर तक जाती है। जिसकी लम्बाई 13.384 किलोमीटर है। इस सड़क का मरम्मत वितीय वर्ष 2017-18 में हुआ था। सड़क निर्माण के लिए कई बार ग्रामीणों द्वारा प्रदर्शन भी किया जा चुका है। उसके बावजूद भी ग्रामीण कार्य विभाग द्वारा इस सड़क के मरम्मत के लिए कोई ठोस कदम नही उठाया जा रहा है। सड़क पर जल जमाव होने के कारण ग्रामीणों में में काफी आक्रोश है।

ग्रामीण चिकित्सकों की बदहाली पर ध्यान नही दे रही है सरकार: अजय

गोपालगंज प्रात : किरण संवाददाता

शहर के एक निजी विद्यालय में जिले के सभी ग्रामीण चिकित्सकों की एक बैठक आयोजित की गयी। जिसमें ग्रामीण जन स्वास्थ सेवा संस्था के राष्ट्रीय सचिव डॉ अजय कुमार दुबे ने पूरे बिहार के ग्रामीण चिकित्सकों के साथ हो रही सरकार की अनदेखी पर प्रकाश डाला। उन्होने कहा गांव के स्वास्थ्य व्यवस्था को सुदृढ़ रखने के लिए हमारे ग्रामीण चिकित्सकों की बहुत बड़ी भूमिका है। यह जानते हुए भी सरकार ग्रामीण चिकित्सकों के बदहाली पर ध्यान नहीं दे रही है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने ग्रामीण चिकित्सकों से कहा था कि ट्रेनिंग के बाद आप सब को सरकारी सेवा में ले लिया जाएगा। इस बिषय पर न मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का ध्यान है ना ही उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव का। उन्होने कहा कि हमारी संस्था मांग करती हैं कि प्रसिद्ध ग्रामीण चिकित्सकों को सरकारी सेवा में ले। तथा जो ग्रामीण चिकित्सक एनआईओएस के माध्यम से प्रशिक्षण प्राप्त है कर रहे थे उनका जल्द से जल्द परीक्षा लेकर उन्हें प्रमाण पत्र देने का कार्य किया जाए। बैठक में डॉ अजय कुमार दुबे, डॉ ब्रजेश कुमार, डॉ. बसंत राम, डॉ संतोष प्रसाद, डॉ विकास कुमार सिंह, डॉ बंटी कुमार, डॉ विनीत कुमार, डॉ राजू राय, डॉ ईश्वर कुमार मांझी, डॉ संजय कुमार यादव, डॉ राजेश प्रसाद, डॉ संदीप कुमार, आदि ग्रामीण चिकित्सक मौजूद रहे।

गोपालगंज में वाहन जांच अभियान चला वसूला गया 2 लाख 96 हजार जुर्माना

गोपालगंज प्रात : किरण ब्यूरो

डीएम डॉ. नवल किशोर चैधरी के निर्देश पर जिले के विभिन्न जगहों पर परिवहन विभाग की टीम ने शनिवार को वाहन जांच अभियान चलाकर दर्जन वाहन चालकों से करीब 2 लाख 96 हजार रुपए जुमार्ना वसूला। इस दौरान परिवहन विभाग की टीम की कार्रवाई को देखकर कई वाहन चालक अपना रास्ता बदलते हुए नजर आए। बताया जाता है कि डीएम के निर्देश पर जिला परिवहन पदाधिकारी मनोज कुमार रजक के नेतृत्व में परिवहन विभाग के द्वारा महम्मदपुर थाने के समीप सघन वाहन जांच अभियान चलाया गया। वाहन जांच अभियान के दौरान करीब चार दर्जनो वाहनों को रोककर उनसे जुमार्ना वसूला गया। इस दौरान परिवहन विभाग की टीम ने बाइक के कागजात, हेमलेट, की जांच पड़ताल की। वाहन जांच के दौरान एमबीआई सुनील कुमार सिंह ने दर्जनों वाहनों से करीब 2 लाख 96 हजार रुपए जुमार्ना राशि के रूप में वसूल की। अभियान के दौरान कई चार पहिया वाहनों की भी जांच की गई। जांच के दौरान चार पहिया वाहन चालकों के सीट बेल्ट व प्रदुषण के कागजात को देखा गया। परिवहन विभाग के द्वारा पूरे दिन चले वाहन जांच के दौरान बाइक चालकों में हड़कंप दिखा। वाहन जांच अभियान में परिक्ष्यामान अपर जिला परिवहन पदाधिकारी शारदानंद राजू, नवेंदु शेखर, मोटरयान निरीक्षक, सभी परीक्ष्यमान प्रवर्तन अवर निरीक्षक मौजूद थे।

लोजपा की बैठक में संगठन की मजबूती पर हुई चर्चा

बैकुंठपुर। बैकुंठपुर प्रखंड मुख्यालय के दिघवा दुबौली में लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के कार्यकताओं की प्रखंड स्तरीय समीक्षा बैठक रविवार को हुई। बैठक की अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष विनोद पासवान कर रहे थे। बैठक में पार्टी के प्रदेश महासचिव सह जिला संगठन प्रभारी अनूप तिवारी ने कहा कि बूथ स्तर पर संगठन को मजबूती प्रदान करने के लिए अधिक से अधिक संख्या में लोगों को पार्टी की मुख्यधारा से जोड़ें। उन्होंने कहा कि संगठन को धारदार बनाने व मजबूती प्रदान करने में कार्यकताओं की अहम भूमिका होती है। उन्होंने सदस्यता अभियान को लेकर पार्टी के सभी मोर्चा के पदाधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि बिना चिराग के बिहार में रोशनी नहीं होगी। इसलिए आने वाले चुनाव में पार्टी सुप्रीमो चिराग पासवान के हाथों को मजबूत करना होगा। पार्टी के जिलाध्यक्ष सुधांशु मिश्रा ने कार्यकताओं को संबोधित करते हुए कहा कि आगामी चुनाव में लोक जनशक्ति पार्टी काफी मजबूत होगी। इसके लिए अभी से ही तैयारी में जुटना होगा। पिछले माह चलाए गए सदस्यता अभियान की पंचायत वार समीक्षा की गयी। बैठक में जिला उपाध्यक्ष अंशु मिश्रा, जिला संगठन विस्तार प्रमुख उपेंद्र पासवान, अर्जुन सिंह, अनिल कुमार यादव, डॉ डीके गिरी सहित कई लोग मौजूद थे।

हथियार के साथ फोटो डालना पड़ा महंगा, पुलिस ने किया गिरफ्तार

गोपालगंज प्रात : किरण ब्यूरो

गोपालगंज में सोशल मीडिया पर हथियार लहराना युवक को महंगा पड़ गया। पुलिस ने फोटो के आधार पर युवक को गिरफ्तार कर लिया है। मामला जिले के मांझा थाना क्षेत्र के धर्मपरसा गांव का बताया जा रहा है। गिरफ्तार युवक की पहचान मांझा थाने के धर्मपरसा गांव के रामजी यादव के पुत्र प्रिंस यादव के रूप में की गयी है। फिलहाल पुलिस ने युवक को अनुमंडल कार्यालय से बांड भरवाकर छोड दिया है। बताया जाता है कि धर्मपरसा गांव के प्रिंस यादव ने हथियार के साथ सोशल साइट पर एक फोटो शेयर किया था। फोटो वायरल होने के बाद हरकत में आयी पुलिस ने युवक को गिरफ्तार कर लिया। वही जांच के दौरान पिस्टल नकली पाया गया। इस संबध में सदर एसडीपीओ प्रांजल ने बताया कि सोशल साइट पर हथियार के साथ फोटो डालने के मामले में युवक को गिरफ्तार किया गया था। पिस्टल नकली होने के कारण व हथियार बरामद नही होने पर युवक को धारा 151 के तहत अनुमंडल कार्यालय से बांड डाउन कराकर छोड दिया गया।

परसा विधानसभा के चारो मंडलों की बैठक सम्पन्न

छपरा। परसा विधानसभा के चारों मंडल की संयुक्त बैठक हुई। इसकी अध्यक्षता नगर मंडल अध्यक्ष जितेंद्र कुमार उर्फ भूलन एवं संचालन दरियापुर पश्चिमी अध्यक्ष मंटू बाबा के नेतृत्व में की गई। इस बैठक का मुख्य उद्देश्य प्रदेश अध्यक्ष सम्राट चैधरी एवं जिला अध्यक्ष रंजीत कुमार सिंह के निर्देश पर आगामी 13 जुलाई को शिक्षक नियमावली में बदलाव को लेकर पटना गांधी मैदान में होकर विधानसभा घेराव किया जाएगा। मुख्य वक्ता में पूर्व एमएलसी प्रत्याशी धर्मेंद्र सिंह विधानसभा प्रभारी निरंजन शर्मा विधानसभा संयोजक राकेश सिंह वरिष्ठ कार्यकर्ता प्रभु कुंवर एवं गया सिंह परसा पूर्वी अध्यक्ष अजय पुरी दरियापुर पूर्वी अध्यक्ष रामानंद सिंह दरियापुर पछमी अध्यक्ष मंटू बाबा नगर महामंत्री विकास सिंह उपाध्यक्ष मनीष सिंह रामबाबू राय संतोष शर्मा सतवीर शर्मा शैलेश गिरि आईटी सेल पप्पू गुप्ता मोनू कुमार रामजतन साहनी सोनू कुमार विकास राज धनंजय त्रिवेदी इत्यादि सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित हुए।

साहब! काश जादोपुर में भी प्रशासन चलाता अतिक्रमण हटाओ अभियान

गोपालगंज प्रात : किरण संवाददाता

गोपालगंज-बेतिया मुख्यालय को जोड़ने वाली मुख्य पथ इन दिनों अतिक्रमण के कारण सिमट गयी है। आये दिन सदर प्रखंड के जादोपुर बाजार में सुबह-शाम दोनो समय हर दिन जाम लग जा रही है।

लेकिन इस जाम की ओर प्रशासन के अधिकारियों का ध्यान नही है। प्रतिदिन सुबह आठ बजे से 11 बजे तक जादोपुर बाजार जाम से जुझता रहता है। वही शाम में तीन बजे से सात बजे तक जाम की स्थिति बनी रहती है। जादोपुर बाजार से होकर ही गोपालगंज के लोग बेतिया और बेतिया के लोग गोपालगंज आते जाते है। सबसे ज्यादा परेशानी तो उन अधिकारियों और कर्मचारियों को है जो गोपालगंज में सरकारी सेवक के रूप में सेवा देते है। जिनका प्रतिदिन बेतिया से आना जाना रहता है। यही स्थिति गोपालगंज में रहने वाले अधिकारी व सरकारी कर्मियों की है जो प्रतिदिन बेतिया जिला मुख्यालय के विभिन्न विभागों में पदस्थापित है। उन्हे हर दिन कार्यालय पंहुचने में जाम के कारण विलंब होती है तो वापसी में घर पंहुचने में रात हो जाती है। गोपालगंज में रहने वाले अधिकारियों के मुख से हमेशा यही बात निकलती है कि काश गोपालगंज जिला प्रशासन का अतिक्रमण हटाओं अभियान जादोपुर बाजार में भी चलती। लेकिन जादोपुर बाजार की अतिक्रमण पर न तो प्रशासन के वरीय अधिकारियो की नजर है और न ही स्थानीय सीओ की ही, जब जाम घंटो खत्म नही होता तो जादोपुर थाने की पुलिस पंहचु कर जाम से निजात दिलाने मे सहयोग करती है। लेकिन स्थायी निदान के लिए प्रशासन की ओर से पहल नही हो पाती है। दुकानदारों के अतिक्रमण से हर दिन लोगो को परेशानियों का सामना करना पडता है।

हत्या के मामले में पंजाब पुलिस का बैकुंठपुर में छापा, आरोपित गिरफ्तार

गोपालगंज । पंजाब के जालंधर जिले के परशुराम नगर थाने में 8 मार्च को होली के दिन हुई हत्या के मामले में फरार चल रहे आरोपी को गिरफ्तार करने के लिए रविवार को पंजाब पुलिस बैकुंठपुर थाना पहुंची। सहायक अवर निरीक्षक निर्मल सिंह के नेतृत्व में पहुंची तीन सदस्य टीम ने छापेमारी के लिए बैकुंठपुर पुलिस के साथ रणनीति तैयार की। उसके बाद गम्हारी गांव में छापेमारी की गयी। छापेमारी के दौरान आरोपित राजदेव राय उर्फ राजू लंगड़ा को संयुक्त छापेमारी में गिरफ्तार कर लिया गया। पंजाब पुलिस के अधिकारियों ने बताया कि बैकुंठपुर थाने के सोनवलिया गांव के कन्हैया राय के बयान पर पंजाब के जालंधर जिले के परशुराम नगर थाने में हत्या की प्राथमिकी दर्ज करायी गयी थी। होली खेलने के दौरान रंग अबीर लगाने के विवाद में चाकू गोदकर हत्या की घटना को अंजाम दिया गया था। प्राथमिकी दर्ज होने के बाद आरोपित जालंधर छोड़कर गांव आ गया था।

विद्यालयों में शैक्षणिक माहौल बनाने के साथ-साथ उच्च स्तरीय गुणवत्तापूर्ण पढ़ाई की व्यवस्था सुनिश्चित करें: डीएम

प्रात : किरण संवाददाता

छपरा। जिला पदाधिकारी अमन समीर की अध्यक्षता में सदर अनुमंडल अंतर्गत प्रखंडों के सभी उच्च विद्यालयों के प्रधानाचार्य के साथ बैठक प्रेक्षागृह छपरा में आहूत की गई।बैठक में आए हुए सदर अनुमंडल के सभी उच्च विद्यालयों के प्रधानाचार्य को संबोधित करते हुए जिला पदाधिकारी ने सरकार के दिशा-निर्देश के आलोक में विद्यालयों में शिक्षकों की शत-प्रतिशत उपस्थिति के साथ-साथ विद्यार्थियों की उपस्थिति को भी सुनिश्चित करने को कहा। विद्यालयों में शैक्षणिक माहौल बनाने के साथ-साथ पढ़ने पढ़ाने के स्तर में गुणात्मक सुधार किए जाने की पहल प्रारंभ करने को भी कहा गया। जिला पदाधिकारी महोदय ने बताया की शैक्षणिक माहौल बनाने हेतु पहल करने में आपसी समन्वय की आवश्यकता होगी, तभी जाकर विद्यालय में उच्च स्तरीय गुणवत्तापूर्ण पठन-पाठन का कार्य हो पाएगा। इसके लिए सब लोग को एक साथ पहल करने की जरूरत है। जिला पदाधिकारी स्वयं भी विद्यालयों का भ्रमण कर वस्तु स्थिति का आकलन करेंगे।

जिला पदाधिकारी ने प्रधानाध्यापकों को निर्देशित करते हुए कहा कि अपने-अपने विद्यालयों में सभी शिक्षकों को यह बता दें कि वे अपनी-अपनी कक्षाओं के सभी छात्र-छात्राओं के बारे में पूरी जानकारी रखें। ताकि अभिभावक- शिक्षक की बैठक में अनुपस्थित होने वाले अभिभावक अथवा छात्र के घरों पर शिक्षकों की टीम पंचायत वार, वार्ड वार जाकर वस्तुस्थिति की जानकारी प्राप्त कर सके। हर विषय के लिए पूरे जिले से विषय की जानकारी रखने वाले शिक्षकों की टीम को भी गठित करने का निर्देश दिया गया। ये विशेषज्ञ शिक्षक अपने-अपने विषयों के संबंध में पूरे वर्ष के पाठ्यक्रम के अनुसार पढ़ाने का वीडियो तैयार करेंगे। इस वीडियो की सहायता से वैसे विद्यालयों में पढ़ाई करवाई जा सकेगी जहां उस विषय के शिक्षक नहीं होंगे। विशेष रूप से यह नवमी एवं दसवीं कक्षा के विद्यार्थियों के लिए करने को कहा गया। अनुमंडल पदाधिकारी मढ़ौरा को निर्देश दिया गया है कि वे कोचिंग सेंटर संचालकों से बैठक कर यह सुनिश्चित कर लें कि विद्यालय के समय कोई भी कोचिंग का संचालन ना हो ताकि विद्यार्थी विद्यालय आए। जिला शिक्षा पदाधिकारी को वैसे विद्यालयों की सूची तैयार करने को कहा गया जहां विद्यालयों में चहारदीवारी नहीं है। वैसे विद्यालयों में चहारदीवारी का निर्माण कार्य प्राथमिकता के तौर पर करवाया जाएगा। प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी को वैसे विद्यालयों की सूची तैयार करने को कहा गया जहां अतिक्रमण है। इस संबंध में विशेष रुप से पहल कर संबंधित अंचलाधिकारी एवं अनुमंडल अधिकारी से मिलकर अतिक्रमण हटवाने की कार्रवाई सुनिश्चित करने को निर्देशित किया गया। इस कार्य में शिथिलता बरतने वाले प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी के विरुद्ध अनुशासनिक कार्रवाई करने की चेतावनी भी दी गई। प्रत्येक अनुमंडल में मॉडल के तौर पर उच्च विद्यालय में पुस्तकालय संचालित की जाएगी। तत्पश्चात अगले चरण में सभी उच्च विद्यालय में पुस्तकालय संचालित करने की व्यवस्था सुनिश्चित की जाएगी। बैठक में जिला कार्यक्रम पदाधिकारी सर्व शिक्षा अभियान, अनुमंडल पदाधिकारी सदर, सदर अनुमंडल के सभी प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी एवं सभी उच्च विद्यालय के प्रधानाचार्य उपस्थित थे।

शिक्षकों के साथ सौतेला व्यवहार कर रही है नीतीश सरकार: जनक

छपरा। बिहार में बढ़ते भ्रष्टाचार, अपराध की बढ़ती घटनाओं तथा शिक्षकों के मांगों के समर्थन में भाजपा के प्रदेश नेतृत्व के आह्वान पर आगामी 13 जुलाई को विधानसभा मार्च की तैयारियों को लेकर रविवार को बीजेपी कार्यकताओं की बैठक इसुआपुर बाजार के बाबा लाल दास के मठिया परिसर में हुई। बैठक में उपस्थित तरैया के बीजेपी विधायक सह बिहार विधानसभा में विरोधी दल के मुख्य सचेतक जनक सिंह ने कहा कि नीतीश सरकार शिक्षकों के साथ सौतेला व्यवहार कर रही है। नई शिक्षक नियुक्ति नियमावली को वापस लेने की मांग करते हुए कहा कि कई अग्नि परीक्षाओं से गुजर चुके नियोजित शिक्षकों को नियमित करने तथा समान काम के बदले समान वेतन देने की बजाय सरकार उन्हें विभिन्न हथकंडे अपनाकर परेशान कर रही है। ताकि वे अपनी असली मुद्दों से भटक सकें। वहीं उप मुख्यमंत्री तेजस्वी यादव के चुनावी वादों को भी याद दिलाया।

आवश्यकता

(1) बिहार सरकार द्वारा स्वीकृत नियत वेतन में कंकाली संस्कृत माध्यामिक विद्यालय, भौर, मधुबनी में 02 (दो) आचार्य सहायक शिक्षक एवं 04 (चार) स्नातक सहायक शिक्षक, 01 लिपिक एवं 01 आदेशपाल की आवश्यकता है, जिसमें 02 सहायक शिक्षक, योग्यता-आचार्य, कोटी 01-UR, एवं 01-EBC (F), 04 (चार) सहायक शिक्षक, जिसमें 01-SC (F), 01-UR, योग्यता स्नातक विज्ञान, 01-UR-(F), 01-UR, योग्यता स्नातक कला तथा 01 (एक) लिपिक योग्यता- इंटर / समकक्ष, कोटी UR तथा 01 (एक) परिचारी, कोटी-EWS (F), योग्यता मैट्रीक/मध्यमा की है। विज्ञापन प्रकाशन से 15 दिनों के अंदर विद्यालय सचिव के पदनाम से आवेदन पत्र निर्बधित डाक के माध्यम से आमंत्रित किये जाते हैं। आवेदन पूर्ण विवरण के साथ स्वीकार किये जायेंगे।
(2) उम्र सीमा : आवेदन प्राप्ति की अंतिम तिथि को सहायक शिक्षक पद के अभ्यर्थियों की न्यूनतम उम्र 21 वर्ष एवं लिपिक एवं आदेशपाल का 18 वर्ष होना अनिवार्य है। अधिकतम आयु सीमा वही होगी जो राज्य सरकार (सामान्य प्रशासन विभाग) द्वारा निर्धारित होगा।
(3) आरक्षित कोटि के उम्मीदवार आवेदन के साथ जाति प्रमाण-पत्र को स्वअभिप्रमाणित प्रति अवश्य संलग्न करेंगे अन्यथा आरक्षण का दावा मान्य नहीं होगा।
(4) आवेदन के साथ शैक्षणिक योग्यता प्रमाण पत्र की स्वअभिप्रमाणित प्रति अवश्य संलग्न करेंगे।
(5) अंतर्वीक्षा की सूचना अलग से विद्यालय सचिव द्वारा दी जायेगी। अंतर्वीक्षा में सम्मिलित होने के लिए यात्रा भत्ता देय नहीं होगा।
(6) नियुक्ति हेतु शैक्षणिक योग्यता द्वितीय श्रेणी होना अनिवार्य होगा।
(7) नियुक्ति की सम्पूर्ण प्रक्रिया बिहार राज्य अराजकीय प्रस्वीकृत संस्कृत (मध्यमा स्तर तक) के शिक्षकों एवं शिक्षकेतर कर्मचारियों की सेवा शर्त नियमावली-2015 के अनुरूप होगी।

(राजेश कुमार)
सचिव
बिहार संस्कृत शिक्षा बोर्ड, पटना।

सचिव
कंकाली संस्कृत माध्यामिक विद्यालय
भौर, मधुबनी।

जिला माध्यमिक शिक्षक संघ की बैठक आयोजित

छपरा। बिहार माध्यमिक शिक्षक संघ के आह्वान पर आगामी 11 जुलाई को राज्यव्यापी शिक्षक आंदोलन को सफल बनाने हेतु रविवार को जिला माध्यमिक शिक्षक संघ के सभागार में माध्यमिक शिक्षकों का एक जिला स्तरीय बैठक आयोजित किया गया। इस बैठक की अध्यक्षता अध्यक्ष विनोद कुमार यादव ने किया तथा कार्यक्रम का नेतृत्व सचिव विद्यासागर विद्यार्थी ने किया। इस बैठक में सभी प्रखंड ईकाई से लेकर अनुमंडल ईकाई तक के माध्यमिक शिक्षक एवं शिक्षक नेताओं ने भाग लिया। बैठक में सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया कि

सम्पादकीय

विपक्षी गठबंधन की चुनौतियां

भाजपा को हराने के लिए एक साथ चुनाव लड़ने की तैयारी कर रही पार्टियां अब 17 और 18 जुलाई को बेंगलुरू में मिलेंगी। इसके दो दिन के बाद संसद का मॉनसून सत्र शुरू होगा। सो, एक तरह से विपक्षी पार्टियों की बैठक संसद सत्र की रणनीति बनाने का आभास दे रही है। पहले यह बैठक 12 जुलाई को शिमला में होनी थी। शिमला से बैठक क्यों टली, इस बारे में कुछ नहीं कहा गया है, जबकि पटना में हुई पहली बैठक से पहले कांग्रेस चाहती थी कि पहली बैठक शिमला में हो। पहली बैठक तो नहीं हुई, दूसरी बैठक भी शिमला की बजाय बेंगलुरू में होगी। हो सकता है कि कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे अपनी अध्यक्षता में होने वाली पहली बैठक अपने गृह प्रदेश में चाहते हों, इसलिए बेंगलुरू का चुनाव किया गया हो। यह भी संभव है कि शिमला की चार सीट की बजाय कर्नाटक में 28 लोकसभा की सीटें हैं इसलिए उसे ज्यादा तरजीह दी जाए।

बहरहाल, यह ज्यादा बड़ा मुद्दा नहीं है कि कब और कहां विपक्षी पार्टियों की बैठक होती है। असली सवाल यह है कि बैठक का मुद्दा क्या है? किस एजेंडे पर विपक्षी पार्टियां मिल रही हैं? क्या विपक्षी पार्टियों के नेताओं का कोई ऐसा औपचारिक समूह बना है, जो मुख्य बैठक से पहले आपस में गठबंधन के मुद्दों पर चर्चा करता हो? आमतौर पर किसी भी बड़े कार्यक्रम या बड़े अभियान से पहले ऐसे कई छोटे छोटे समूह बनते हैं, जहां बारीकियों पर चर्चा होती है। पहली बैठक तक तो ठीक था लेकिन दूसरी बैठक भी बिना किसी एजेंडे के नहीं हो सकती है। यह नहीं हो सकता है कि पार्टियों के नेता बैठें, एक-दूसरे का हाल-चाल जानें, शादी वगैरह की बात करें और अगली बार फिर मिलने का वादा करके उठ जाएं। दूसरी बैठक में कुछ ठोस मामले तय होने चाहिए और बैठक के बाद आम लोगों को यह मैसेज जाना चाहिए कि विपक्षी पार्टियां पटना से आगे बढ़ी हैं। ध्यान रहे पटना में हुई बैठक से पहले भी विपक्षी पार्टियों के सामने कम चुनौतियां नहीं थीं। लेकिन उस बैठक से जो सकारात्मक मैसेज बना उसके बाद चुनौतियां बढ़ गई हैं। ये चुनौतियां कई तरह की हैं। 23 जून की बैठक से लेकर जुलाई के पहले हफ्ते तक के घटनाक्रम पर नजर डालें तो चुनौतियों की तस्वीर साफ होती है। इस दौरान महाराष्ट्र में एनसीपी सुप्रीमो और मराठा क्षत्रप शरद पवार की पार्टी टूट गई। उनके भतीजे अजित पवार एनसीपी के कुछ विधायकों को साथ लेकर भाजपा के साथ चले गए और उप मुख्यमंत्री बन गए। संभावित विपक्षी गठबंधन के एक बड़े दल का इस तरह से टूटना समूचे विपक्ष को प्रभावित करेगा। दूसरी घटना यह हुई कि केंद्रीय जांच एजेंसी सीबीआई ने राजद नेता और बिहार के उप मुख्यमंत्री तेजस्वी यादव को जमीन के बदले रेलवे में नौकरी दिलाने के कथित घोटाले में आरोपी बना दिया। अपनी दूसरी चार्जशीट में केंद्रीय एजेंसी ने बतौर आरोपी तेजस्वी का नाम शामिल किया। तीसरी घटना यह हुई कि पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी और कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अधीर रंजन चौधरी में जम कर जुबानी जंग हुई। चौथी घटना यह हुई कि राहुल गांधी ने तेलंगाना के खम्मम में रैली की और मुख्यमंत्री चंद्रशेखर राव पर हमला करते हुए कहा कि कांग्रेस उनके साथ कभी तालमेल नहीं करेगी। पांचवीं घटना यह हुई कि समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने हैदराबाद जाकर चंद्रशेखर राव से मुलाकात की। छठी घटना यह है कि अध्यादेश के मसले पर कांग्रेस और आम आदमी पार्टी के बीच लड़ाई तेज हो गई है और सातवीं व सबसे अहम घटना यह है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने समान नागरिक संहिता की खुल कर वकालत की है। सोचें, 10 दिन के अंदर ये सारी घटनाएं हुई हैं। इनसे जाहिर होता है कि विपक्षी पार्टियों के सामने कितनी तरह की चुनौतियां हैं। एक तरफ उन्हें भाजपा के ऑपरेशन लोटस से बचना है तो दूसरी ओर केंद्रीय एजेंसियों की जांच का सामना करना है। इसके बाद आपस में तालमेल बनाना है और भाजपा की ओर से तय किए जा रहे एजेंडे का मुकाबला करने के लिए अपना एजेंडा तय करना है। महाराष्ट्र के घटनाक्रम के बाद बिहार और झारखंड में चिंता है। दोनों राज्यों में विपक्ष की पार्टियां निशाने पर हैं। कर्नाटक में जेडीएस के नेता और पूर्व मुख्यमंत्री एचडी कुमारस्वामी ने कहा है कि उनके राज्य में भी महाराष्ट्र जैसा घटनाक्रम होगा। उन्होंने कहा कि यह देखना दिलचस्प होगा कि कर्नाटक का अजित पवार कौन होता है। इस समय विपक्षी पार्टियों के सामने नंबर एक चुनौती यही है। कैसे अपनी पार्टी को टूटने से बचाएं और एकजुट रह कर मजबूती का अहसास कराएं।

विपक्ष को इसकी रणनीति बनानी चाहिए और जहां भी एक दूसरे को मदद करनी चाहिए। विपक्ष की सारी पार्टियों को साथ लाने की चुनौती का जहां तक सवाल है तो ऐसा लग रहा है कि तृणमूल कांग्रेस, समाजवादी पार्टी, भारत राष्ट्र समिति और आम आदमी पार्टी के साथ कांग्रेस और अन्य पार्टियों का तालमेल मुश्किल होगा। इसे तीसरे मोर्चे की संभावना के दौरे पर देखें तो यह एक बड़ी चुनौती होगी। हालांकि विपक्ष के लिए अच्छी बात यह होगी कि आम आदमी पार्टी को छोड़ कर बाकी पार्टियां सिर्फ अपने असर वाले राज्यों में ही लड़ेंगी। विपक्ष के मुख्य मोर्चे से इनका आमना-सामना नहीं होगा। इसलिए इन पर माथापच्ची करने से पहले उन पार्टियों के बीच तालमेल होना चाहिए, जिनके बीच पहले से गठबंधन है। जो आपस में मिल कर लड़ने में सहज हैं और जिनके बीच सीटों के बंटवारे में ज्यादा दिक्कत नहीं आनी है। जो पार्टियां पिछले चुनावों में साथ मिल कर लड़ीं है उनको अपना गठबंधन बना लेना चाहिए क्योंकि उनको सीट बंटवारे का कोई नया फॉमूर्ला तय नहीं करना है। उसके बाद दूसरी पार्टियों से बात करनी चाहिए। उनसे अगर बात हो भी जाती है तो सीट बंटवारे के फॉमूर्ले पर दिक्कत आएगी। यह सवाल उठेगा कि पिछले लोकसभा चुनाव के वोट प्रतिशत के आधार पर सीट बंटवारा हो या राज्यों के विधानसभा चुनावों के वोट प्रतिशत के आधार पर तालमेल हो?

टमाटर व हमारी जिंदगी

कमलेश भारतीय

इन दिनों मीडिया में छाए हुए हैं लाल टमाटर! लाल टमाटर दिन प्रतिदिन लाल हुआ जा रहा है। कसम से जब सब्जी खरीदने रेहड़ी पर खड़ा होता हूं तो लाल टमाटर मुझे घूर रहे होते हैं, जैसे पूछ रहे हों, अबे इतनी औकात है तेरी कि मुझे छू भी सके? गलती से भी छू न लेना बहुत तेज भाव हैं मेरे! और मैं सिर्फ देखता रह जाता हूं जैसे कोई गरीब आशिक अपनी अमीर माशूका को देख देख कर बस आहें भरता रह जाता है! और माशूका मुस्कुराती बाय-बाय करती चली जाती है। ऐसे ही लाल टमाटर मेरे साथ कर रहे हैं। बाय-बाय कर रेहड़ी वाला यह कहकर चला जाता है, बस, बाबू जी! आपने खरीदना तो कुछ है नहीं, मेरा टाइम क्यों खराब कर रहे हो ऊपर से! मैं खाली हाथ घर लौट आता हूं। पता नहीं कब वह दिन आएगा जिस दिन यह लाल टमाटर मेरे घर प्रवेश करेगा? सच, उस दिन मैं इसके स्वागत में आरती उतारूंगा और घी के दीये जलाऊंगा। सबसे पहले वंदनवार सजाऊंगा लाल टमाटर के स्वागत के लिए!

वैसे रेहड़ी पर लाल टमाटर की यह आवभगत देखकर बेचारा प्याज बुरी तरह अपमानित महसूस करता है और कहता भी है, अबे लाल टमाटर दो चार साल पहले तुझे कोई नहीं पूछता था। याद है मेरी कीमत भी कीमती से कीमती होती चली गयी थी और लोग ऐसे खरीदते थे जैसे सोना खरीद रहे हों! रेहड़ी वाला भी मुझे ऐसे ही तोलता था जैसे सुनार सोना छोटी सी तुला में रखकर दे रहा हो! प्याज टमाटर को धमकाते कहता है कि अरे! इतना भी न इतरा! सब पर ये दिन आते हैं! जैसे सभी युवा होते हैं और अच्छे लगते हैं! इसी तरह तू भी समझ ले जवानी के दिन चार! जैसे महाकवि निराला ने भी कहा था, अबे सुन बे गुलाब! इतना मत इतरा! बस इतराना छोडकर अपने अंजाम की सोच! वे दिन भी आयेंगे जब गला सड़ा कहकर यह रेहड़ी वाला ही तुझे बीच सडक फेंक कर चलता बनेगा कि यदि यह लाल टमाटर मेरी रेहड़ी पर रहा तो दूसरी चीजें भी कोई नहीं खरीदेगा! वैसे कभी प्याज की बढ़ती कीमतों को लेकर ही एक पूर्व महिला प्रधानमंत्री ने चुनाव का मुद्दा बनाया था और वे चुनाव जीत गयी थीं।

आज कोई भी राजनीतिक दल न लाल टमाटर और न ही प्याज को मुद्दा बना रहा है। जब गरीब आदमी के मुद्दे ही नहीं उठाओगे तो चुनाव कैसे जीतोगे? बस। सब चुपचाप इसकी लाली देख देखकर आहें भर रहे हैं। कभी चीनी भी ब्लैक होने लगी थी। यह हमारे देश में छोटी छोटी चीजें एकदम कैसे आसमान छूने लगती हैं, यह रहस्य आम आदमी समझ नहीं पाता। चीनी की बढ़ती कीमतों के लिये कभी महाराष्ट्र के एक बड़े नेता को भी लोगों ने जी भर कर कोसा था। वे चीनी मिलों के बल पर ही राजनीति करते आये और कृषि मंत्री रहते भी कहते थे कि चीनी के भाव कैसे कम करूं! ये आवश्यक और रसोई की श्रृंगार वस्तुएं कैसे एकाएक रसोई से गायब होने लगती हैं? कभी प्याज तो कभी टमाटर तो कभी चीनी और अमिताभ बच्चन फिल्म लेकर आ जाते हैं- चीनी कम! कोई फिल्म निमार्ता ऐसी फिल्म बनायेगा -टमाटर कम! प्याज कम! हां! धर्मेंद्र का मुक्के से प्याज तोडे का स्टाइल जरूर मशहूर हुआ और लोगों ने ऐसे ही प्याज मुक्के मार कर खाने शुरू कर दिए थे।

राजनैतिक दलों का कुंबा बढ़ाओ अभियान

विपक्षी दलों का जहां यह प्रयास है कि इस बार किसी भी तरह आपसी मतभेदों को भुलाकर भारतीय जनता पार्टी के विरुद्ध एक राष्ट्रव्यापी गठबंधन तैयार किया जाये वहीं सत्तारूढ़ भाजपा भी न सिर्फ संगठनात्मक स्तर पर स्वयं को मजबूत करने में जुटी है बल्कि कई क्षेत्रीय दलों से गठबंधन की योजना पर भी काम कर रही है। खासतौर पर आंध्र प्रदेश व तेलंगाना में चंद्र बाबू नायडू की उसी तेलगुदेशम को पुनः राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) में शामिल करने की फिराक में है जो आंध्र प्रदेश को विशेष राज्य का दर्जा न दिला पाने तथा तीन तलाक के मुद्दे पर विपक्ष के साथ जाने के चलते 2018 में एन डी ए से अलग हो गयी थी। इसी तरह भाजपा पंजाब में अकाली दल बादल को साथ जोड़ने की योजना बना रही है जो दो वर्ष पूर्व तीन विवादित कृषि कानून के विरोध में एन डी ए से अलग हुई थी। परन्तु अब वह तीनों विवादित कानूनों की वापसी भी हो चुकी है और पिछले पंजाब विधानसभा चुनाव में आम आदमी पार्टी ने कांग्रेस-भाजपा-अकाली दल सभी को बुरी तरह पराजित कर ऐसे राजनैतिक हालात पैदा कर दिये हैं

तनवीर जाफरी
लेखिका स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं

लगभग दस महीने बाद 2024 में होने वाले आम लोकसभा चुनावों की बिसात बिछने लगी है। विपक्षी दलों का जहां यह प्रयास है कि इस बार किसी भी तरह आपसी मतभेदों को भुलाकर भारतीय जनता पार्टी के विरुद्ध एक राष्ट्रव्यापी गठबंधन तैयार किया जाये वहीं सत्तारूढ़ भाजपा भी न सिर्फ संगठनात्मक स्तर पर स्वयं को मजबूत करने में जुटी है बल्कि कई क्षेत्रीय दलों से गठबंधन की योजना पर भी काम कर रही है। खासतौर पर आंध्र प्रदेश व तेलंगाना में चंद्र बाबू नायडू की उसी तेलगुदेशम को पुनः राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) में शामिल करने की फिराक में है जो आंध्र प्रदेश को विशेष राज्य का दर्जा न दिला पाने तथा तीन तलाक के मुद्दे पर विपक्ष के साथ जाने के चलते 2018 में एन डी ए से अलग हो गयी थी। इसी तरह भाजपा पंजाब में अकाली दल बादल को साथ जोड़ने की योजना बना रही है जो दो वर्ष पूर्व तीन विवादित कृषि कानून के विरोध में एन डी ए से अलग हुई थी। परन्तु अब वह तीनों विवादित कानूनों की वापसी भी हो चुकी है और पिछले पंजाब विधानसभा चुनाव में आम आदमी पार्टी ने कांग्रेस-भाजपा-अकाली दल सभी को बुरी तरह पराजित कर ऐसे राजनैतिक हालात पैदा कर दिये हैं कि भाजपा-अकाली दोनों को ही एक दूसरे के सहयोग की जरूरत महसूस हो रही है। वैसे तो पंजाब में भाजपा ने कांग्रेस के पूर्व प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष रहे सुनील जाखड़ को ही पंजाब प्रदेश भाजपा का नया अध्यक्ष बनाकर यह भी साबित कर दिया है कि भाजपा का पंजाब में अपना जनाधार नहीं है बल्कि वह सुनील जाखड़ व कैप्टन अमरेंद्र सिंह जैसे पूर्व कांग्रेस नेताओं के बल पर और अकाली दल (बादल) से गठबंधन कर पंजाब की 13 लोकसभा सीटों पर अपनी बिसात बिछाना चाह रही है। इसी तरह भाजपा जहां उत्तर प्रदेश में ओम प्रकाश राजभर को अपने कुंबे में शामिल कर पूर्वांचल में अपनी स्थिति मजबूत बनाने की फिराक में है वहीं बिहार में विभाजित लोकजनशक्ति पार्टी यानी राम विलास पासवान के भाई व केंद्रीय मंत्री परशुराम नाथ पारस व पासवान के पुत्र चिराग पासवान में सुलह सफाई कराकर समग्र लोजपा को अपने पाले में लेने की कोशिश में है। पूर्व मुख्यमंत्री जीतनराम मांझी, उपेंद्र कुशवाहा तथा मुकेश सहनी जैसे बिहार के प्रभावशाली नेताओं के भी उनकी पार्टियों के साथ एनडीए में शामिल होने की संभावना व्यक्त की जा रही है।

इसी तरह कर्नाटक में भाजपा का प्रयास है कि किसी तरह जनता दल सेक्युलर (जेडीएस) के साथ भी उसकी बात बन जाये ताकि कर्नाटक की विधानसभा में हुई जबरदस्त हार के बाद राज्य की लोकसभा की 28 सीटों पर जे डी एस के साथ चुनाव लड़कर कुछ सीटें जीती जा सकें। भाजपा को अपनी कुनबा विस्तार योजना दरअसल तब शुरू करनी पड़ी है जबकि उसे हिमाचल प्रदेश व कर्नाटक जैसे राज्यों में सत्ता गंवानी पड़ी। बंगाल में भी उसे मुंह की खानी पड़ी। यानी भाजपा का विश्वविजेता बनने का नशा दरअसल अब उतर चुका है और उसे यह एहसास हो चुका है कि उसके लिये क्षेत्रीय दलों की बैसाखी का सहारा लिये बिना 2024 में सत्ता वापसी की राह आसान नहीं है। भाजपा द्वारा धर्म-सम्प्रदाय व जातिवाद के तमाम हथकंडे अपनाने के बावजूद उसे कर्नाटक में मिली जबरदस्त हार भी उसे यह सोचने के लिये मजबूर कर रही है कि कहीं ऐसा न हो कि कर्नाटक के चुनाव परिणाम की पुनरावृति लोकसभा 2024 में भी हो। उससे पहले कांग्रेस नेता राहुल गाँधी द्वारा कन्याकुमारी से कश्मीर तक की गयी सफल भारत जोड़ो यात्रा ने भी भाजपा नेताओं के कांग्रेस मुक्त भारत के सपनों में पलीता लगा दिया है और कांग्रेस 2024 के लोकसभा चुनाव काफी मजबूती से लड़ने जा रही है। इसके अलावा पिछले 23 जून को पटना में देश के प्रमुख 15 विपक्षी दलों के प्रमुखों का इकठ्ठा होना जैसी परिस्थितियों ने भी भाजपा को अपनी विजेता बने रहने की गलतफहमी दूर कर कमर कसने के लिये मजबूर कर दिया है। भाजपा अपनी इस रणनीति के तहत विपक्षी दलों में फूट डालने से लेकर दूसरे दलों के नये बागियों यानी अपने नये सहयोगियों को मंत्रिमंडल में जगह भी दे सकती है। एनडीए का विस्तार हो या अपनी ही पार्टी (भाजपा) में दूसरे दलों के नेताओं को शामिल कर दूसरे दलों को कमजोर व भाजपा को मजबूत करना, इस नीति पर भी पार्टी लगातार काम कर रही है। इसी कोशिश का परिणाम मध्य प्रदेश में देखा जा चुका है जबकि ज्योतिरादित्य सिंधिया को उनके साथी विधायकों के साथ कांग्रेस से भाजपा में शामिल कराया गया और मध्य प्रदेश विधानसभा के जनमत को ठेंगा दिखाते हुये राज्य की निर्वाचित कमलनाथ सरकार गिराकर भाजपा की सरकार बनाई गयी। पिछले दिनों पटना में विपक्षी दलों की एकता की आहट से घबराई भाजपा ने महाराष्ट्र में भी अपनी विभाजनकारी एजेंडा चलाते हुए शरद पवार की राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी में दो फाड़ करा दिया। अजित पवार को महाराष्ट्र का उप मुख्यमंत्री व शरद पवार की एन सी पी छोड़ने वाले उनके कई साथी विधायकों को मंत्री पद की शपथ दिला दी गयी। हालांकि इनमें अजित पवार सहित कई एन सी पी नेताओं के विरुद्ध भ्रष्टाचार संबंधी मामले चल रहे हैं।

परन्तु 2024 की कुनबा विस्तार योजना को अधिक महत्वपूर्ण समझते हुये भ्रष्टाचारियों को भी गले लगाने से परहेज नहीं किया गया। दरअसल भाजपा कर्नाटक के उस वोटिंग पैटर्न से चिंतित है जिससे यह आशंका जताई जा रही है कि यदि देश के मतदाताओं ने कहीं कर्नाटक की ही तर्ज पर मतदान कर दिया यानी अल्पसंख्यक, दलित व पिछड़े मतदाता, विपक्ष विशेषकर कांग्रेस के पक्ष में चले गये और आम मतदाता धर्म के बजाये मंहगाई व बेरोजगारी के नाम पर वोट देने लगा तब स्वयं को विश्व की सबसे बड़ी पार्टी बताने वाली भाजपा का क्या होगा।

निश्चित रूप से कांग्रेस भी न केवल सवर्ण बल्कि अपने पारम्परिक ओबीसी, दलित और मुस्लिम मतदाताओं को अपने साथ पुनः जोड़ने का पूरा प्रयास कर रही है। तो भाजपा भी पसमांदा मुसलमानों के बहाने अल्पसंख्यकों के एक बड़े वर्ग को लुभाने की रणनीति बना रही है। यानी भाजपा इन दिनों युद्धस्तर पर एक साथ कई मिशन पर काम कर रही है। इनमें अपनी पार्टी में दूसरे दलों के लोगों को शामिल कर पार्टी मजबूत करना, विपक्षी दलों में तोड़ फोड़ को हवा देना, विपक्षी नेताओं को ई डी व सी बी आई जैसी केंद्रीय जाँच एजेंसियों का भय दिखाकर उन्हें अपने साथ जोड़ना तथा एन डी ए से अलग हुये दलों को पुनः एन डी में शामिल करना और संभव हो तो नये दलों को भी एन डी ए के कुंबे में शामिल करना जैसी रणनीतियां शामिल हैं।

भाजपा नें आगामी विधानसभा व लोकसभा चुनावी समर क्षेत्र के लिए रणनीति बनाई

स्वंय प्रधानमंत्री नरेन्द्र दामोदर दास मोदी जी के इन दिनों देश की सम्पूर्ण तुफानी दौरा व नए परियोजनाओं की शिलान्यास व नई घोषणा इस बात का सबसे बडा प्रमाण है। वहीं भाजपा नें पार्टी के संगठनात्मक संरचना में कई बदलाव के बड़े संकेत दिए है। इसी कम में विगत दिनों दो केंद्रीय मंत्रियों को दी बड़ी जिम्मेदारी सौपी है जो चार राज्यों के विधानसभा के चुनाव व आगामी लोकसभा 24 के आम चुनावों में जीत की रणनीति पर काम करेंगे। आप को बता दें कि भाजपा ने चार राज्यों में चुनाव प्रभारी और सह प्रभारी नियुक्त किए है। भूपेंद्र यादव, केंद्रीय वन एवं पर्यावरण मंत्री को मध्यप्रदेश का चुनाव प्रभारी बनाया है। वहीं अश्विनी वैष्णव रेल मंत्री को सह प्रभारी की जिम्मेदारी दी है। सर्व विदित रहे कि इसी बर्ष के अंत में मध्य प्रदेश में विधानसभा चुनाव होने वाले है। आप को बता दे कि भूपेन्द्र यादव चुनावी रणनीति में माहिर माने जाते हैं। वहीं अश्विनी बैष्णव आईटी एक्सपर्ट हैं। वह भारतीय प्रशानिक सेवा से सेवा निवृत अ अधिकारी व पीएम मोदी के विश्वसनीय पात्र हैं।

विनोद तकियावाला
लेखक स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं

भाजपा ने चार राज्यों के विधानसभा व आगामी वर्ष लोकसभा 2024 सफलता के लिए संगठन व सरकार में गहन मैराथन मंथन शुरू कर दी है। पार्टी के शीर्ष नेतृत्व के द्वारा आगामी विधानसभा व लोक सभा के चुनावी समर क्षेत्र में विजयश्री के लिए विशेष रणनीति बनाई है। स्वंय प्रधानमंत्री नरेन्द्र दामोदर दास मोदी जी के इन दिनों देश की सम्पूर्ण तुफानी दौरा व नए परियोजनाओं की शिलान्यास व नई घोषणा इस बात का सबसे बडा प्रमाण है। वहीं भाजपा नें पार्टी के संगठनात्मक संरचना में कई बदलाव के बड़े संकेत दिए है। इसी कम में विगत दिनों दो केंद्रीय मंत्रियों को दी बड़ी जिम्मेदारी सौपी है जो चार राज्यों के विधानसभा के चुनाव व आगामी लोकसभा 24 के आम चुनावों में जीत की रणनीति पर काम करेंगे। आप को बता दें कि भाजपा ने चार राज्यों में चुनाव प्रभारी और सह प्रभारी नियुक्त किए है। भूपेंद्र यादव, केंद्रीय वन एवं पर्यावरण मंत्री को मध्यप्रदेश का चुनाव प्रभारी बनाया है। वहीं अश्विनी वैष्णव रेल मंत्री को सह प्रभारी की जिम्मेदारी दी है। सर्व विदित रहे कि इसी बर्ष के अंत में मध्य प्रदेश में विधानसभा चुनाव होने वाले है। आप को बता दे कि भूपेन्द्र यादव चुनावी रणनीति में माहिर माने जाते हैं। वहीं अश्विनी बैष्णव आईटी एक्सपर्ट हैं। वह भारतीय प्रशानिक सेवा से सेवा निवृत अ अधिकारी व पीएम मोदी के विश्वसनीय पात्र हैं। यही नहीं, वैष्णव पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के साथ भी काम कर चुके हैं। राजनीति के विशेष नजर रखने वाले का मानना है कि इन दोनों नेताओं के प्रभारी बनने से यह साफ हो गया है कि बीजेपी की केन्द्रीय टीम मध्यप्रदेश के चुनाव पर सीधे नजर रखेगी। इसके पूर्व गुजरात के चुनाव प्रभारी रह चुके भूपेन्द्र यादव की मदद से राज्य के ओबीसी मतदाताओं को साधेगी।

मध्यप्रदेश में जाति के आधार पर ओबीसी वर्ग के 48फीसदी वोटर्स हैं। राज्य के विधान सभा में 230 में से 60 विधायकओबीसी वर्ग से आते हैं। वर्तमान विधान सभा में 32 सीटों पर भाजपा और 28 सीटों पर कांग्रेस के ओबीसी विधायक काबिज हैं। भूपेन्द्र यादव के चुनाव प्रभारी बनने से ओबीसी वर्ग के वोटर्स खासकर यादव मतदाताओं पर भी असर पड़ेगा। राज्य में करीब 18 से 20 सीटें ऐसी हैं, जहां यादव मतदाताओं निर्णायक भूमिका में हैं। केंद्रीय मंत्री भूपेन्द्र यादव गुजरात में भी विधानसभा चुनाव के प्रभारी रह चुके हैं। उन्होनें अपनी रणनीति व कुशल नेतृत्व में182 सीटों में से भाजपा को156सीटें जीतने में सफलता मिली थी।

वही राजस्थान के जोधपुर में 18 जुलाई 1970 को जन्मे अश्विनी वैष्णव पूर्व आईएएस अधिकारी हैं। वह वर्तमान में 2021 से 39वें रेल मंत्री, 55वें संचार मंत्री और दूसरे इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री और राज्यसभा के सदस्य के रूप में कार्यरत हैं। 2019 से ओडिशा का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं। इससे पहले, 1994 में वैष्णव ओडिशा कैडर में भारतीय प्रशासनिक सेवा में शामिल हुए। उन्होंने ओडिशा में काम किया है। उन्होंने बालासोर और कटक जिलों के कलेक्टर के रूप में कार्य करने समेत ओडिशा के विभिन्न हिस्सों में काम किया। सुपर साइक्लोन 1999 के समय वह चक्रवात के वास्तविक समय और स्थान से संबंधित डेटा एकत्र करने में कामयाब रहे। उस डेटा को एकत्र करके ओडिशा सरकार ने लोगों के लिए सुरक्षा उपाय किए। उन्होंने 2003 तक ओडिशा में काम किया, जब उन्हें पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के कार्यालय में उपसचिव के रूप में नियुक्त किया गया था।

केन्द्र ने जिन दोनों नेताओं को मप्र के विधानसभा चुनाव की कमान सौंपी है। वे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विश्वस्त रहे हैं। ऐसे में मप्र में होने वाले राजनीतिक फैसलों और गतिविधियों पर पीएम मोदी की सीधी नजर रहेगी। यादव जहां म प्र की परिस्थियों को लेकर जमीनी जानकारी जुटाएंगे, तो वैष्णव आईटी सेक्टर के अनुभव के आधार पर चुनावी रणनीति बनाएंगे। वहीं दुसरी ओर केन्द्रीय मंत्रिमंडल में फेरबदल की दबी जुबान से होने लगी है। भारतीय राजनीति पर पैनी निगाह रखने वाले का मानना है कि जल्द ही मोदी मंत्रो मण्डल में फेर बदल व विस्तार हो सकती है। उनका कहना है कि प्रधानमंत्री आवास में 29 जून को नरेंद्र मोदी, अमित शाह और जेपी नड्डा के बीच चले 4 घंटे की मेराथन मीटिंग के बाद से ही कैबिनेट विस्तार की अटकलें लगाई जा रही है।

आप को याद होगा कि 2021 में आखिरी बार मोदी कैबिनेट में फेरबदल हुआ था। उस वक्त 43 मंत्रियों ने शपथ ली थी। जिसमें रविशंकर प्रसाद, हर्षवर्धन और प्रकाश जावेड़कर जैसे मंत्रियों को हटाया गया था। वहीं दुसरी ओर अनुराग ठाकुर, किरेन रिजीजू और पुरुषोत्तम रुपाला का प्रमोशन हुआ था। इन विस्तार के पीछे तर्क दिये जाते है कि जिन राज्यों में चुनाव होने होते हैं, वहां के नेताओं को विशेष तरजीह मिलती है, जबकि चुनाव संपन्न हुए राज्यों के मंत्रियों का पत्ता कटता है।

केंद्रीय मंत्री मंडल के इस संभावित फेरबदल में माना जा रहा है कि गुजरात कोटे के कुछ मंत्रियों को हटाया जा सकता है। वर्तमान में प्रधानमंत्री मोदी, अमित शाह, मनसुख मांडविया, परषोत्तम रूपाला, दर्शना जरदोस, देवू सिंह चौहाण और महेन्द्र मुंजपरा मंत्री हैं। सुत्रों का मानना है कि राज्य के कोटे से मंत्रियों की अगर छंटनी होती है, तो मनसुख मांडविया, परषोत्तम रूपाला और दर्शना जरदोश की कुर्सी पर अधिक खतरा है। गुजरात से मोदी कैबिनेट में सीआर पाटिल को शामिल किए जाने की चर्चा तेज है। हाल के गुजरात चुनाव में बीजेपी को मिली बंपर जीत में पाटिल ने अंहम भूमिका निभाई थी। संगठन में नए उत्तरादायित्व सौपे जाने के कारण कैबिनेट से पीयूष गोयल और धर्मेंद्र प्रधान की भी बिदाई हो सकती है। सता के सियासी गलियारों में दोनों को संगठन में भेजे जाने की चर्चा जोरों पर है। पीयूष गोयल को अगर कैबिनेट से हटाया जाता है, तो उन्हें राजस्थान बीजेपी का प्रभार मिल सकता है। गोयल पिछले15 दिन में 3 बार राजस्थान का दौरा कर चुके हैं। राजस्थान के प्रभारी अरुण सिंह के पास मुख्यालय का भी प्रभार है। वहीं कैबिनेट से अगर धर्मेंद्र प्रधान की छुट्टी होती है, तो उन्हें यूपी बीजेपी का प्रभारी बनाया जा सकता है। यूपी का प्रभार अभी राधामोहन सिंह के पास है।

राजनीति के पंडितो का मानना है कि मोदी कैबिनेट के फेरबदल में बिहार-यूपी के मंत्रियों का भी पत्ता कट सकता है। मंत्रिमंडल में बिहार और यूपी से 20 मंत्री हैं। बिहार से अश्विनी चौबे पशुपति पारस और आरके सिंह की कुर्सी खतरे में है। तीनों में से कम से कम 2 मंत्रियों को हटाया जा सकता है। पिछले कैबिनेट विस्तार में ही चौबे को हटाए जाने की चर्चा थी, लेकिन अंतिम वक्त में उनका सिर्फ विभाग बदला था। उर्जा मंत्री आरके सिंह की भी कुर्सी पर संकट है। फरवरी 2023 में सिंह का एक कथित वीडियो वायरल हुआ था, जिसमें सिंह फाइल रोके जाने पर प्रधानमंत्री को इस्तीफा देने की बात कर रहे थे। वहीं बीजेपी के चिराग प्रेम से पारस की कुर्सी पर भी संकट है। 2021 में लोजपा तोड़ने के बाद पशुपति पारस को मंत्री बनाया गये थे। बिहार से चिराग पासवान की कैबिनेट में एंट्री हो सकती है। जबकि बीजेपी से संजय जायसवाल, अजय निषाद और राम कृपाल यादव में से एक को मंत्री बनाया जा सकता है।

ताकत दिखाकर दुनिया को झुकाने का षडयंत्र

डा. रवीन्द्र अरजरिया

देश-दुनिया में अशान्ति का वातावरण निरंतर विस्तार लेता जा रहा है। फ्रांस के हालात बेहद खराब हो चले हैं। वहां की सरकार भी कट्टरपंथियों की जामत के आगे घुटने टेकने का मन बना चुकी है। ऐसे में पोलैण्ड के प्रधानमंत्री माटुस्ज मोराविएकी ने फ्रांस पर व्यंग्य करते हुए कहा कि यूरोप में पोलैण्ड उन देशों में से एक है जहां एक भी मुस्लिम शरणार्थी नहीं है। पोलिश नेता डोमिनिक टार्जिस्की ने पहले ही घोषित कर दिया था कि पोलैण्ड ने जीरो मुस्लिम शरणार्थियों को देश में आने की जगह दी है। यही कारण है कि देश में शांति, खुशहाली और सौहार्य का वातावरण मौजूद है। हम सुरक्षित हैं। हमारे यहां कोई दंगा, आतंकी हमला या तनाव पैदा करने वाला कृत्य नहीं हुआ। उन्होंने आगे कहा कि यह सत्य है कि हमने 20 लाख यूक्रेनियों को शरण दी है जो शान्ति के यहां रह रहे हैं तथा काम कर रहे हैं। पोलिश नेता के वक्तव्य के कुछ समय बाद ही फ्रांस में पुलिस की गोली से 17 वर्षीय मुस्लिम युवक की मौत हुई और पूरा देश सुलग उठा। सुनियोजित ढंग से पूरे फ्रांस में ही दंगे नहीं भडके बल्कि दुनिया के अन्य देशों में रहने वाले मुसलमानों ने आक्रामक विरोध दर्ज करते हुए अपनी शक्ति का मनमाना प्रदर्शन किया। पूर्व नियोजित तैयारियों के साथ दुनिया भर में इस्लाम पर खतरा बताकर भडकाने वाले बयान, वीडियो और संदेश वायरल होने लगे। अल्लाह-हू-अकबर के नारे बुलन्द होने लगे। उन्माद फैलाने वाले दृश्यों को तेजी से प्रसारिक किया जाने लगा है। यूरोप के अधिकांश देश भी अब फ्रांस के हालातों के लिए मुस्लिम और अफ्रीकी शरणार्थियों को ही इसके लिए उत्तरदायी ठहराने लगे हैं। शान्ति का इमाम नाम से चर्चित इमाम तौहीदी ने विगत 09 सितम्बर 2022 को अपने वीडियो संदेश में खुलासा किया था कि इस्लामिक रेवोल्यूशनरी गार्ड कोर (आईआरजीसी) अधिकांश मुस्लिम देशों में अपनी गतिविधियां संचालित नहीं कर सका है। इस संगठन ने अमेरिका, यूके, कनाडा और आस्ट्रेलिया जैसे देशों को केन्द्र बनाकर अपनी गतिविधियों को मूर्त रूप दिया है। इमाम की इस स्वीकारोक्ति और खुलासे के बाद से दुनिया में हडकंप मच गया था परन्तु तब तक देर हो चुकी थी। विश्लेषण में सामने आया है कि धरातल पर आतंकवाद को दो तरह से फैलाया जा रहा है। पहला मुस्लिम देशों में तथा दूसरा मु

संक्षिप्त खबरें

सनकी पति ने पत्नी को चाकू गोदकर की हत्या

मधुबनी जिले के खुटौना थाना क्षेत्र के सिकटीयाही गांव में पति राम सुंदर सहनी एवं पत्नी सरिता देवी के बीच छोटी बातों को लेकर विवाद हुआ।विवाद इस कदर बढ़ गया कि सनकी पति राम सुंदर सहनी ने अपने पत्नी सरिता देवी को चाकू गोदकर बड़ी बेरहमी से हत्या कर दिया। मधुबनी सदर अस्पताल में पोस्टमार्टम करवाने के लिए आए खुटौना थाना के चौकीदार ने बताया कि पति और पत्नी के बीच छोटा विवाद हुआ था।जिसके कारण पति ने अपनी पत्नी सरिता देवी को चाकू मारकर हत्या कर दिया है।वही गांव के पड़ोसी ने बताया कि जिसने अपनी पत्नी की हत्या की है वे मानसिक विक्षिप्त है।इस मामले को लेकर अभी तक किसी भी व्यक्ति का गिरफ्तारी नहीं हुआ है।मृतक के तीन पुत्र और तीनो नाबालिक है।

जलगोड़वा में सर्पदंश से एक बच्ची की स्थिति गंभीर

गिद्धौरः थाना क्षेत्र के पूर्वी गुगुलडीह पंचायत अंतर्गत पड़नेवाले जलगोड़वा गांव में एक 02 वर्षीय बच्ची को किसी विषैले जीव ने काट लिया। जानकारी के अनुसार पूर्वी गुगुलडीह के जलगोड़वा गांव निवासी मनोज यादव के दो वर्षीय पुत्री अनुष्का कुमारी को किसी विषैले जीव ने काट लिया।जब घरवालों ने देखा तो एक सांप बच्ची को काटकर भाग रहा था। सर्प दंश के बाद उक्त बच्ची चिल्लाने लगी।तो आनन फानन में परिजनों द्वारा ईलाज के लिए उक्त बच्ची को सदर अस्पताल जमुई ले जाया गया।जहां सदर अस्पताल के चिकित्सक द्वारा उसका ईलाज जारी है।परिजनों की माने तो बच्ची की स्थिति स्थिर बतायी जाती है।

बंधा सिल्फेरी गांव स्थित बुढ़वा आहर में डूबने से एक बच्ची की हुई मौत

जमुई चंद्र मंडी थाना क्षेत्र के बांधा सिल्फेरी गांव स्थित बुढ़वा आहार में नहाने के दौरान एक बच्ची डूब गई।जब तक स्थानीय लोगों के द्वारा बच्ची को निकाला गया तब तक बच्ची की मौत हो चुकी थी।उसके बाद घटना की जानकारी चंद्र मंडीह थाना की पुलिस को दी गई। फिर मौके पर पहुंची पुलिस के द्वारा कागजी प्रक्रिया पूरी कर बच्ची के शव को रविवार की दोपहर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया गया मृतक बच्ची की पहचान चंद्र मंडीह थाना क्षेत्र के बंधा सिल्फेरी गांव निवासी मुमताज अंसारी की पुत्री गुलाबशां खातून के रूप में हुई है।बताया जाता है कि गुलाब सा खातून गांव के ही बुढ़वा आहार में अपने दो अन्य सहेलियों के साथ नहाने के लिए गई थी इसी दौरान वह गड्ढे में चली गई और डूब गई।

अवैध बिजली चोरी के आरोप में 5 लोगों पर प्राथमिकी हुई दर्ज

सोनो (जमुई)/ थाना क्षेत्र अंतर्गत बिजली विभाग द्वारा चलाए जा रहे जांच अभियान में 5 व्यक्तियों पर अवैध बिजली चोरी के आरोप में प्राथमिकी दर्ज की गई। कनीय विद्युत अभियंता रोशन कुमार और उनकी टीम ने गुप्त सूत्रों से मिली सूचना के आधार पर लखनक्यारी पंचायत के डुमरी स्थित कई घरों पर छापेमारी अभियान चलाया जिसमें कई उपभोक्ता 174 वाट बिजली की बाइपास चोरी के आरोपी पाए गए।छापेमारी दल में शामिल कनीय विद्युत अभियंता रोशन कुमार, सहायक विद्युत अभियंता विनोद कुमार नागर, मानव बल में शामिल रामदेव कुमार, प्रमोद कुमार और मिथिलेश कुमार की टीम जब डुमरी गांव पहुंची तब उन्होंने स्वर्गीय बिंदेश्वरी पांडे के पुत्र मिथिलेश पांडे पर अवैध बिजली उपयोग का दोषी पाते हुए 5242 का जुमार्ना, हरी पांडे के पुत्र सीताराम पांडे पर 183 वाट बाईपास बिजली के उपयोग का दोषी पाते हुए 5513 का जुमार्ना, स्वर्गीय केशव पांडे के पुत्र शिवचरण पांडे के ऊपर 5242 का जुमार्ना, शिवचरण पांडे के पुत्र राधारमण पांडे पर 8800 रुपए का जुमार्ना और शशि पांडे के पुत्र अजीत कुमार पर 6326 का जुमार्ना लगाया गया।उक्त अभियुक्तों पर भारतीय विद्युत अधिनियम 2003 की धारा 135 एवं अन्य सुसंगत धारा के तहत प्राथमिकी दर्ज कर अग्रेतर कार्यवाई की अनुशंसा की गई।

लायंस क्लब ऑफ रक्सौल के पुनः अध्यक्ष बनाए गए शम्भु प्रसाद चौरसिया

प्रात : किरण संवाददाता

रक्सौल। लायंस क्लब ऑफ रक्सौल डिस्ट्रिक्ट 322ई के नियमित मासिक व सत्र-2022-2023 की अंतिम एवं सत्र-2023-2024 की प्रथम बैठक एसएभी स्कूल परिसर में सम्पन्न हुई। जिसकी जानकारी देते हुए मिडिया प्रभारी लायन बिमल सर्राफ ने बताया कि बैठक में क्लब द्वारा किए गए समाजिक क्रियाकलापों की वार्षिक समीक्षा करते हुए लायनिस्टिक वर्ष-2023-2024 के लिए नई कार्यकारिणी का गठन सर्वसम्मति से किया गया। लायन बसंत जलान के प्रस्ताव के पश्चात उपस्थित सदस्यों ने ध्वनिमत से पुनः तीसरी बार अध्यक्ष पद के लिए लायन शम्भु प्रसाद चौरसिया, सचिव लायन पवन किशोर कुशवाहा एवं कोषाध्यक्ष लायन मोहम्मद निजामुद्दीन को निर्वाचित किया। वहीं प्रथम महिला लायन नूतन चौरसिया को क्लब एडमिनिस्ट्रेटर बनाया गया। साथ ही प्रथम उपाध्यक्ष लायन गणेश धनोठिया, लायन प्रियंका सोनी, द्वितीय उपाध्यक्ष लायन राजू कुमार गुप्ता, लायन रेणु रुंगटा, संयुक्त सचिव लायन सीमा वर्णवाल, सह कोषाध्यक्ष लायन शिल्पी भारतिया, फैमिली वेलफेयर चेयरपर्सन लायन सुशीला धनोठिया, लायन गीता कुशवाहा, लायन मधु गुप्ता, लायन अंशु अग्रवाल, लायन रितन देवी, क्लब एलसीआईएफ कॉर्डिनेटर सह मीडिया प्रभारी लायन बिमल सर्राफ, क्लब मेंबरशिप चेयरपर्सन लायन डॉ. प्रदीप कुमार, लायन पंकज वर्णवाल, लायन संजीव कुमार, लायन रमेश पूजन, लायन विजय कुमार, क्लब सर्विस चेयरपर्सन लायन नारायण रुंगटा, क्लब मार्केटिंग कम्युनिकेशन चेयरपर्सन लायन हेमंत अग्रवाल, लायन भैरव गुप्ता, लायन आमोद कुमार, लायन रमेश कुमार, लायन बसंत जलान, पीसपोस्टर चेयरपर्सन लायन पूनम सर्राफ, लायन विनिता कुमारी, लायन प्रियंका गुप्ता, लायन विनिता रंजन, लायन रेखा देवी, लायन रोबैदा खातून, लायन गीता देवी गुप्ता, लायन किरण देवी अग्रवाल, लायन क्वेस्ट चेयरपर्सन लायन प्रोफेसर रजनीश गुप्ता, लायन सुमित भारतिया, लायन नितीश कुमार, एडॉप्ट ए चाइल्ड चेयरपर्सन लायन साइमन रेक्स, विलेज एडॉप्शन चेयरपर्सन, लायन राजीव रंजन, लायन संजय कुमार गुप्ता, लायन राजेश कुमार,लायन अजय हिसारिया, फंड रेजिंग चेयरपर्सन, लायन हरीश खत्री, स्किल डेवलपमेंट चेयरपर्सनज, लायनेस डॉ.भावना चौहान, लायन नीलम हिसारिया, लायन सबिता उर्फ ममता गुप्ता, लायन आशा पूजन क्लब चिकित्सा प्रकोष्ठ पदाधिकारी लायन डॉ. राजीव रंजन कुमार, क्लब स्थायी योजना पदाधिकारी लायन पूनम देवी गुप्ता, लायन सीमा गुप्ता, लायन सरिता खत्री, लायन अनिता जालान, क्लब डायरेक्टर लायन प्रदीप अग्रवाल, लायन विवेकानन्द सिन्हा के साथ-साथ अध्यक्ष पद के अतिरिक्त मिडिया प्रभारी सह प्रवक्ता के रूप में लायन शम्भु प्रसाद चौरसिया को सर्वसम्मति से नियुक्त करते हुए पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई गई। शपथग्रहण के पश्चात संयुक्त संबोधन में अध्यक्ष शम्भु प्रसाद चौरसिया, सचिव कुशवाहा एवं कोषाध्यक्ष निजामुद्दीन ने कहा कि नई कार्यकारिणी में समस्त सक्रिय सदस्यों को उनकी उजार्वान कार्यक्षमता को सम्मान दिया गया है। नई कार्यकारिणी के गठन से सभी लायन सदस्यों में नव उर्जा का संचार उत्पन्न हुआ है। सभी सदस्यों ने एकमत से अपनी रचनात्मक एवं समाजसेवी कार्यकलापों को करने का संकल्प लेते हुए कहा कि लायंस क्लब ऑफ रक्सौल को अंतरराष्ट्रीय व जिला 322ई के स्तर पर एक अलग पहचान दिलाने का प्रयास किया जाएगा। वहीं बैठक की पूर्ण गतिविधियों एवं मंच का संचालन लायन गणेश धनोठिया ने बहुत हीं परिपक्वता के साथ किया। सभी नये सदस्यों को लायन पीन लगाकर स्वागत किया गया।

प्रधान शाखा जाने के दौरान प्रजापिता ब्रह्मकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय की बहनों का रक्सौल पहुंचने पर सजालय फर्निशिंग में भव्य स्वागत

प्रात : किरण संवाददाता

रक्सौल। भारत सहित कई देशों में लोकप्रिय प्रजापिता ब्रह्मकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय की नेपाल की मुख्य शाखा काठमांडू की बहनें कुसुम दीदी के नेतृत्व में प्रजापिता ब्रह्मकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय की प्रधान शाखा माउंट आबू जा रही हैं।

इस कड़ी में सभी बहने जब रक्सौल पहुंची तो इस कड़ी में वे सभी शहर के मुख्य पथ से सटे श्रीमान-श्रीमति प्रतिष्ठान के बगल के कंपाउंड में संचालित बेडशीट, पर्दा, कंबल, तोशक, एवं रजाई की प्रतिष्ठान सजालय फर्निशिंग पर पहुंचे, जहां संचालक समाजसेवी सह पूर्व पार्षद अशोक अग्रवाल के पुत्र निलेश अग्रवाल ने सबका स्वागत किया।

इस दौरान सभी बहनों ने अपना आशीर्वचन दिया। इस दौरान रक्सौल संस्था की संचालिका ज्ञानू बहन भी मौजूद थी।

गिद्धौर मौरा भाया मांगोंबंदर पथ जर्जर

प्रात : किरण संवाददाता

गिद्धौर : सरकार के सड़क योजना अंतर्गत लाखों की लागत से 06 किलोमीटर की दुरी तक क्षेत्र के लोगों के आवागमन के लिये बनाया गया सड़क गिद्धौर मौरा बायपास सड़क के जर्जर हो जाने से इस इलाके के हजारों राहगीरों, यात्रीयों, दोपहिया व चारपहिया वाहन चालकों की इस सड़क से सफर करने में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। उक्त सड़क पर जगह जगह गड्ढे बन जाने के कारण बरसात के दिनों में लोग सड़क से सफर के दौरान दुर्घटनाग्रस्त हो चोट चपेट के शिकार हो जाते हैं। बताते चलें कि यह सड़क मुख्यालय से कोल्हूआ, मौरा, धनियाठिका, भलूआही, धोबघट, मांगोंबंदर आदि कई महत्वपूर्ण गांवों को मुख्यालय से जोड़ने का काम करती है। इस सड़क के ताजा हालात पर गौर करें तो इस इलाके के समाजसेवी कुणाल सिंह, अजीत झा, शिक्षक ब्रजेश कुमार सिंह, ग्रामीण मनोहर सिंह, अशोक सिंह, बिपुल सिंह, बीरेंद्र यादव, बिरजू यादव, बालमूकूंद यादव,मनोज मांझी, कलेश्वर मांझी, भिखारी पासवान, तनकू मांझी आदि ने जानकारी देते हूए बताया कि यह सड़क सड़क पूरी तरह से जगह जगह टूटकर बड़े बड़े गड्ढे में तब्दील हो चुकी है लेकिन एक लंबे अंतराल के बीत जाने के बावजूद भी विभागीय स्तर से सड़क के मरम्मति को ले किसी ने आज तक कोई प्रयास नही किया है। ग्रामीणों का कहना है कि सड़क निर्माण के कुछ ही महीनों बाद सड़क जगह जगह से टूटकर गड्ढे में तब्दील हो गयी। अगर विभागीय स्तर से इस सड़क की मरम्मति के कार्य पर ध्यान दिया जाय तो इस इलाके के लोगों को मुख्यालय आने जाने में सुविधा होगी। वहीं वाहनों को इस सड़क से आवागमन में भी कठिनाइयों का समाना नही करना पड़ेगा। वहीं सड़क पर बने गड्ढे के कारण लोग दुर्घटना के भी शिकार होने से बच सकेंगे। क्षेत्र के ग्रामीणों ने जिले के वरीय अधिकारियों से जनहित में उक्त सड़क के मरम्मति की मांग की है।

राजद द्वारा अंबेडकर परिचर्चा का किया गया आयोजन

प्रात : किरण संवाददाता

रक्सौल। राजद प्रदेश प्रायोजित अंबेडकर परिचर्चा का आयोजन रक्सौल विधानसभा के प्रखंड रक्सौल के भेलाही पंचायत के पंचायत अध्यक्ष झूलन पटेल की अध्यक्षता में की गई। साथ ही पुरंदर पंचायत की पंचायत अध्यक्ष संजीत कुमार यादव की अध्यक्षता में किया गया, जिसका संचालन प्रखंड अध्यक्ष सौरंजन कुमार यादव के द्वारा किया गया और बताया गया कि आज देश में बाबा भीमराव अंबेडकर जी के सपनों को भारतीय जनता पार्टी के द्वारा तार-तार किया जा रहा है, अगर बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर नहीं होते तो हमारे दलित, वंचित, शोषित, गरीब, अल्पसंख्यक, पिछड़ा वर्ग की भविष्य अंधकार में हमेशा के लिए डूब जाता। साथ ही रक्सौल विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी रामबाबू प्रसाद यादव ने कहा कि भाजपा भगाओ, देश बचाओ। उन्होंने कहा कि आज महंगाई दिन प्रतिदिन बढ़ती जा रही है और देश में भारतीय जनता पार्टी नफरत की माहौल की बीज बो रही है। गैस सिलेंडर का दाम 13 सौ से पार हो गया, डीजल और पेट्रोल 100 के पार हो गया। केंद्र सरकार भाजपा चुनाव में जो वादा की, सारे वादे से वह मुकर रही है। कभी पाकिस्तान तो कभी चाइना दिखाकर बहुमत हासिल कर ले रही है। मौके पर महासचिव सह रक्सौल प्रभारी राजू सिंह, पूर्व प्रमुख प्रेम यादव, जिला परिषद मोहम्मद नबी हसन अंसारी, दिनेश यादव, पूर्व उप मुखिया भगेलु यादव, किसान प्रकोष्ठ के संजय यादव, संदीप कुमार यादव, छात्र अध्यक्ष कुणाल यादव, प्रखंड सचिव नौशाद अहमद, अशोक श्रीवास्तव, पूर्व मुखिया सह प्रदेश सचिव मदन प्रसाद, गोलू पासवान, अशोक सिंह, पूर्व पंचायत समिति विपिन पाल, राजेश साह, उमेश प्रसाद, पूर्व प्रखंड अध्यक्ष अनिल यादव, अशोक पासवान, श्री चंद्र पासवान, भवानी देवी, बबीता देवी, रानी देवी, सुगंधी देवी आदि लोग उपस्थित रहे।

श्रावणी मेला महोत्सव का एसडीएम , डीएसपी ने किया उद्घाटन भव्य हुआ शुभारंभ

- आस्था श्रद्धा पूर्वक आपसी सौहार्द शान्तिपूवर्क पर्व त्योहार मनाने विधिव्यवस्था बनाये रखने सहयोग की अपील
- विधिव्यवस्था भंग करने वालों पर चिन्हित कर होगी कर्रवाई :- प्रशासन

प्रात : किरण संवाददाता

मधुबनी जयनगर अनुमण्डल मुख्यालय स्थित कमला नदी के कमला पुल के समीप स्थित पश्चिमी तट पर पर्ण कुटी मन्दिर परिसर में बोल बम सेवा समिति के तत्वावधान में आयोजित श्रावणी मेला महोत्सव का भव्य उद्घाटन समारोह कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता समिति के अध्यक्ष शशि शेखर हाजरा और मंच संचालन समाज सेवी पूर्व मुखिया सह राजद के प्रखण्ड अध्यक्ष उमेश यादव ने किया। पंडित नरहरी जोशी एवं श्रवण झा के द्वारा विधिवत पूजा पाठ मंत्रोच्चारण से शुभारंभ किया गया। पवित्र सावन के दो माह तक चलने वाले श्रावणी मेला महोत्सव के उद्घटकर्ता अतिथि एसडीएम वीरेंद्र कुमार , डीएसपी विप्लव कुमार थाना अध्यक्ष अमित कुमार , कार्यपालक पदाधिकारी डॉ. इन्द्र कुमार मण्डल, समेत गणमान्य लोगों समिति के सदस्यों के द्वारा संयुक्त रूप से फीता काटकर उद्घाटन किया। आयोजन समिति के सदस्यों के द्वारा मंचासीन अतिथि एसडीएम वीरेंद्र कुमार , डीएसपी विपल्व कुमार, ईओ डॉ. इन्द्र कुमार मण्डल, थाना अध्यक्ष अमित कुमार, उप मुख्यपार्षद प्रतिनिधि अरविंद तिवारी, राजद के प्रखण्ड अध्यक्ष उमेश यादव, मुखिया राम दास हाजरा, कांग्रेस प्रखण्ड अध्यक्ष सुरेंद्र कुमार महतो, जदयू प्रखण्ड अध्यक्ष राज कुमार सिंह, राजद के वरिष्ठ नेता प्रदीप प्रभाकर, संयोजक महंत बाबा बालक दास, पूर्व पंचायत समिति मनोज चौधरी,दिनेश वर्मा, मो.जिलानी आजाद समेत अन्य गणमान्य लोगों पाग दोपट्टा से स्वागत कर सम्मानित किया गया एवं अतिथियों गणमान्य लोगो ने समारोह कार्यक्रम को सम्बोधित किया। वक्ताओं ने कहा कि श्रावणी मेला ईस वर्ष लगभग दो माह तक आयोजन होना है। श्रावणी मेला महोत्सव में संगीतमय भजन कीर्तन झांकिया और मनोरंजन हेतू कई तरह के झूले मीनाबाजार लगाये गये हैं। कमला नदी पर श्रद्धालु और बड़ी संख्या में कांवरिया शनिवार और रविवार को कमला नदी पहुँचकर स्नान ध्यान पूजा पाठ कर जलाभिषेक पूजा पाठ को लेकर जल बोझकर कपिलेश्वर स्थान शिलानाथ धाम समेत अन्य शिवालयों को ले जाते हैं। इंडो नेपाल बॉर्डर क्षेत्र होने को लेकर नेपाल और आसपास क्षेत्र से हजारों लाखो की संख्या में श्रद्धालु भक्त कंविया कांवर यात्रा को लेकर विभिन्न शिवालयो में जलाभिषेक पूजा पाठ को लेकर कमला नदी से जल बोझकर मंदिरों के लिए जाते है। काफी भीड़ होने की संभावना है। कार्यक्रम में उपस्थित गणमान्य लोग समिती के सदस्यों के द्वारा अधिकारियों और पुलिस प्रशासन से सहयोग की अपील की गई। श्रद्धालुओं और कांवरियों की सुरक्षा एवं विधि व्यवस्था को ले नदी परिसर , कमला पुल , मेला परिसर , आसपास क्षेत्रों और मंदिरों एवं शिवालयों और कांवर पथ पर पुलिस प्रशासन की तैनाती गस्ती दल , मेडिकल टीम , नाव बोर्ट, गोताखोरों, साफ सफाई कराने समेत अन्य सुविधाओं की मांग की गई। वही प्रशासन ने सम्बोधित करते हुए कहा कि विधिव्यवस्था बनाये रखने और कांवरियों श्रद्धालुओं एवं समिति के सहयोग को लेकर नदी के आसपास क्षेत्रों मेला परिसर मन्दिरों एवं शिवालयों में मजिस्ट्रेट और महिला पुरूष पुलिस प्रशासन की तैनाती की जाएगी। सादे लिवास में भी प्रशासन की टीम भर्मण करते रहेंगे। कमला पुल के समीप मेला परिसर में मेडिकल टीम भी मौजूद रहेंगे। कांवरिया पथ पर और आसपास के क्षेत्रों में पुलिस प्रशासन की गस्ती टीम गस्त लगाते रहेंगे। जिला से ज्यादा संख्या में पुलिस बल , गोताखोरों और बोर्ट की मांग की गई है। समितियों को आवश्यक दिशा निर्देश देते हर परिसर सीसीटीवी लगाने , नदी परिसर में स्नान और जलाभिषेक पूजा पाठ को लेकर जल लेने को लेकर ब्रेकेटिंग करवाने, ज्यादा संख्या में स्वयं सेवकों की तैनाती करने लोकल गोता खोर भी रखने समेत कई आवश्यक दिशा निर्देश दिए। विधिव्यवस्था बनाये रखने को लेकर अफवाह पर ध्यान नहीं देने, असमाजिक तत्वों और सोशल मीडिया पर पैनी नजर रहेगी, सोशल मोडिया पर आपत्ति जनक पोस्ट करने, विधिव्यवस्था भंग करने वालों पर चिन्हित कर करवाई की जाएगी। विधिव्यवस्था बनाये रखने में सभी सहयोग की अपील करते हुए आस्था के साथ श्रद्धा पूर्वक आपसी सौहार्द माहौल में शान्तिपूवर्क पर्व त्योहार मनाने की अपील की गई। मौके पर बोल बम सेवा समिति के अध्यक्ष शशि शेखर हजरा,सचिव अनुराग कुमार पंकज,कोषाध्यक्ष अजय कापड़, उप कोषाध्यक्ष सुर्यदेव पासवान,संतोष साह, रंजीत राय मीडिया प्रभारी सुधांशु कुमार , पप्पू पूर्वे ,कृष्णा समेत समिति के कई सदस्य और गणमान्य मौजूद थे।

अभाविप द्वारा झंडारोहण के बाद किया गया वृक्षारोपण

प्रात : किरण संवाददाता

रक्सौल। विश्व के सबसे बड़े छात्र संगठन अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के 75 वां स्थापना दिवस के शुभ अवसर पर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद रक्सौल नगर इकाई द्वारा स्थानीय कार्यालय में नगर मंत्री रोशन कुमार ने झंडारोहण कर सबों के बीच मिठाइयां बांट कर स्थापना दिवस मनाया, जिसमें शहर के रक्सौल थाना परिसर में एसडीपीओ धीरेंद्र कुमार के साथ परिषद के कार्यकताओं ने वृक्षारोपण किया एवं स्थानीय अनुमंडल अस्पताल में कार्यकताओं ने वृक्ष लगाएं। वही एसडीपीओ श्री धीरेंद्र ने परिषद के कार्यकताओं को सुझाव देते हुए यह कहा कि वृक्षारोपण एक अच्छा पहल है, इससे हमारे वातावरण सुरक्षित रहते हैं, परंतु यह हमारी जिम्मेवारी है कि जब हम वृक्ष लगाएं और पौधारोपण करें तो उसकी संरक्षण करने हेतु संकल्प लेना चाहिए। उसकी देखभाल कर उसको बड़ा करना चाहिए, तभी हमारा पेड़-पौधा लगाना पहल सफल बनेगा। मौके पर नगर मंत्री रोशन कुमार, नगर सह मंत्री गोलू कुमार, अरुण कुमार गिरी, आदापुर प्रखंड एसएफडी प्रमुख छोटू सिंह, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य सूरज कुमार, नगर कार्यालय मंत्री सोनू कुमार, चंदेश्वर कुमार उपस्थित रहे।

24 घंटे अनलोडिंग एवं लोडिंग नियम से व्यापारी परेशान, भरना पड़ता है रेलवे को लाखों रुपये का जुमार्ना

प्रात : किरण संवाददाता

मधुबनी खजौली रेल विभाग द्वारा रैंक पॉइंट खजौली में मालगाड़ी से सीमेंट गिट्टी एव बालू अनलोडिंग की नियम में बदलाव को लेकर सीमेंट कंपनी एव गिट्टी व्यापारी को लाखों की फाईन रेलवे विभाग को भरने से व्यापारी वर्ग में उदासीनता छा गयी है.एसीसी. सीमेंट कंपनी के सीएफए कर्मी अभिनाश कुमार ने बताया कि पूर्व में रेल विभाग द्वारा रैंक पॉइंट पर अनलोडिंग का निर्धारित समय सुवह 6 से रात्रि 10 वजे तक निर्धारित किया गया था. जिससे शाम 7 वजे के बाद कोई भी रैक स्टेशन पर लगता था, उस रैंक रात्रि 10 वजे तक मे सीमेंट एव गिट्टी को अनलोडिंग कर लिया जाता था. लेकिन रेल विभाग अब 24 घंटे अनलोडिंग एव लोडिंग नियम लागू करने से व्यापारी वर्ग को रात्रि 10 वजे के बाद डीसी लगने के बाद मजदूर उपलब्ध नही रहने से गिट्टी व्यापारी एव सीमेंट कंपनी को लाखों रुपये की फाईन रेलवे को भरना पड़ता है.जिस कारण सीमेंट व्यापारी एव गिट्टी व्यापारी को भारी नुकसान उठाना पड़ता है.वही एसीसी. सीमेंट के डीलर सर्वोत्तम सेल्स मधुबनी के प्रोपराइटर मनीष कुमार ने कहा कि रात में दस वजे के बाद रैंक पॉइंट पर डीसी लगती है तो मजदूर उपलब्ध नही होने दो घंटे के मालगाड़ी की वैगन खाली नही कराने पर प्रति वैगन 150 रूपता जुमार्ना भरना पड़ता है.यदि दो घंटे के बाद वैगन खाली नही होने से प्रति दो घंटे पर दो गुना, तीन गुना एव चार गुना चक्रवत्ति व्याज प्रति वैगन के हिसाब से फाईन भरना पड़ता है.वही रैंक खजौली रैंक पॉइंट के नियमित मजदूर रघु सदाय,कैलाश दास,भोला सदाय, मो. ईशराइल, पवन पासवान,राजू सदाय सहित दर्जनों मजदूरों ने बताया कि मजदूर सुवह से रात्रि के दस वजे तक काम करने पर शरीर थक जाने से सभी मजदूर अपने घर चले जाते है. फिर सुवह से अनलोडिंग काम करते है.जिस कारण रात्रि में खड़े डीसी की अनलोडिंग नही की जाती है. वही रैंक पॉइंट के दर्जनों व्यापारी ने रेल विभाग को चेतावनी दी है कि रैक पॉइंट पर अंलोडिंग की पूर्व की नियम रेल विभाग द्वारा लागू नही करने पर सभी व्यापारी वर्ग रेल विभाग के विरोध उग्र आंदोलन करने पर बाध्य होगी।

अम्बेडकर परिचर्चा सह प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित

प्रात : किरण संवाददाता

मुजफ्फरपुर। राष्ट्रीय जनता दल के तत्वाधान में कुढ़नी विधानसभा अंतर्गत चैनपुर वाजिद एवं अख्तियारपुर परेया पंचायत में अंबेडकर परिचर्चा एवम् प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर जी के चित्र पर माल्यार्पण एवम् पुष्प अर्पित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। जिसकी अध्यक्षता चैनपुर वाजिद में राजद पंचायत अध्यक्ष मोहम्मद इबरार ने किया संचालन राजद नेता मोहम्मद शाहिद ने किया।

वहीं अख्तियारपुर परेया में कार्यक्रम की अध्यक्षता राजद पंचायत अध्यक्ष नागेंद्र राम ने किया। संचालन उमेश राम ने किया। जिसमें मुख्य रूप से सभी वक्ताओं ने बाबासाहेब डॉ भीमराव अंबेडकर जी के जीवनी एवं उनके विचार के बारे में प्रकाश डालें।मौके पर वक्ता के रूप में उपस्थित प्रखण्ड अध्यक्ष मो. खुर्शीद आलम ने कहा कि बाबा साहब के बनाए हुए संविधान के बदौलत थी आज देश मैं शोषित वंचित उपेक्षित अकलियत पिछड़ा अति पिछड़ा की आजादी है। सामाजिक न्याय की इस देश में सरकार रहेगी तो मनुस्मृति सिद्धांत कभी लागू नहीं होगा,वहीं युवा राजद प्रखंड अध्यक्ष रंजन यादव सरकारों बाबा साहब हमारे आदर्श थे और हमें भी उनके आदर्श पर चलने की जरूरत है।

शंकर कुशवाहा ने कहा कि आज अगर बाबा साहब के राह पर कोई चल रहा है तो उस व्यक्ति का नाम है श्री लालू प्रसाद यादव,राजद नेता रविंद्र राय,अनीश सिंह,पूर्व सरपंच सतनारायण राम, रोहित पासवान,रामलाल राम,उदय कुमार,विजय राम,सीमा देवी एवम् सवाना प्रवीण सहित सैकड़ों राष्ट्रीय जनता दल के नेता कार्यकर्ता एवं आम आवाम महिला पुरुष एवम्-नौजवान सहित बच्चे भी उपस्थित थे।

तीन लोगों ने चाचा भतीजा को तलवार से किया घायल

प्रात : किरण संवाददाता

झाझा- थाना क्षेत्र के बराजोर गांव के एक घर मे चोरी करने के लिए गए 3 लोगो ने घर के दो लोगो के साथ मारपीट करते हुए तलवार से वार कर दिया।जिससे दोनों चाचा भतीजा घायल हो गए।

जिसे स्वजनों के सहयोग से इलाज हेतु अस्पताल में भर्ती कराया गया।जहा डॉक्टर से दौरा दोनो का प्रारंभिक इलाज कर बेहतर इलाज के लिए जमुई सदर अस्पताल रेफर कर दिया।

घायल की पहचान बाराजोर के रहने वाले सज्जाद ओर उसका चाचा सजाफ अंसारी के रूप में हुआ।घायल सज्जाद ने बताया की मेरे गाँव के ही जावेद,एनामूल अरमान मेरे घर मे देर रात चोरी करने को लेकर प्रेवेश कर गया। और समान निकलाना चाहा तभी हम आवाज सुनकर हम उठ गए।

हम लोगो को देख आरोपी हाथ मे रखे तलवार से हमला कर दिया।इधर दोनो की स्थिति गम्भीर बनी हुई है।

भूमि विवाद से संबंधित मामलों का हुआ निष्पादन

प्रात : किरण संवाददाता

मधुबनी थाना दिवस के अवसर पर खजौली थाना मे भूमि विवाद से संबंधित मामलों का निष्पादन के लिए जनता दरवार का आयोजन किया गया., जिसका नेतृत्व थानाध्यक्ष सुरेंद्र प्रसाद एवं सीओ मनीष कुमार ने किया. जनता दरबार में भूमि विवाद से संबंधित कई मामलों का निष्पादन किया गया. सुरेश पासवान एवं हरिदेव पासवान के बीच भूमि विवाद था. दोनों पक्ष को सुनवाई के लिए बुलाया गया. कागजात की मांग की गई उपलब्ध नही कराया गया. उन्होंने कहा कि पंद्रह दिनों के भीतर सभी जमीन की कागजात उपलब्ध कराने का निदेश दिया गया. वही भकुआ मरार गांव निवासी होरिल सहनी एवं नरेश सहनी के बीच भूमि विवाद था,. सुनवाई के दिन प्रथम पक्ष उपस्थित हुए दूसरा पक्ष उपस्थित नहीं हुआ जिसके कारण मामला को अनुमंडल पदाधिकारी मधुबनी के न्यायालय में भेज दिया गया । कस्मा मरार गांव के पिकी कुमारी एवं विनोद दास के बीच विवाद था। दोनों पक्ष की दलील सूनी गई. केवाल कैथी भाषा में होने के कारण उसे हिन्दी रूपांतरण कराते हुए सुनवाई की अगली तारीख को बुलाया गया. इसके अलावा सुरेश सिंह एवं मोहनराम के बीच भूमि विवाद में सुनवाई के दिन प्रथम पक्ष उपस्थित हुए जबकी द्वितीय पक्ष नहीं पहुंचे। दोनों पक्ष का अगली न्यायालय में भेज गया।

दबंगो ने एक ही परिवार के चार लोगों को पीट कर किया घायल

प्रात : किरण संवाददाता

झाझा- थाना क्षेत्र अंतर्गत फतेहपुर गांव में शनिवार की देर शाम को ईरिक्शा मबेसी पर चढ़ा दिए जाने की शिकायत करने पर घर के बगल के लोगो ने एक ही परिवार के चार लोगो के साथ मारपीट किया है जिसमे 3 लोगो को स्वजनों के दौरा इलाज के लिए रेफरल अस्पताल में भर्ती कराया ।घायल की पहचान टुनटुन यादव उसका भाई सनोज यादव और उसकी माँ गेनिया देवी के रूप में हुई है।घायल टुनटुन यादव ने बताया की घर के बगल के श्याम सुंदर यादव और उनके घर के अन्य सदस्यों ने हम लोगो पर इट पथर व लाठी से मारकर घायल किया।इधर घायल का उपचार होने के बाद उसकी स्थिति खतरे से बाहर बताया।घायल ने बताया की इसकी सूचना इलाज के बाद पुलिस को दी जाएगी।

संक्षिप्त खबरें

सीओ, वीडिओ ने गंगा घाट पहुंच लिया मेला क्षेत्र का जायजा

शाहकुंड (भागलपुर)। सुलतानगंज अजगैविनाथ गंगा घाट पर श्रावणी मेला का जायजा लेने के लिए सीओ अमित राज, विडिओ मनोज कुमार मुर्मू अपनी टीम के साथ गंगा घाट पर पहुंचे। इस दौरान वीडिओ मनोज कुमार ने मिडिया प्रतिनिधि से बातचीत क्रम में बताया कि गंगा घाट का निरक्षण कर जायजा लेने पहुंचे है। गंगा घाट में जल स्तर बढने पर गंगा घाट में फिसलन बढी घाट होने पर उसे दुरुस्त व ठीक कराया जाएगा, साथ ही अजगैविनाथ गंगा घाट स्थल पर बिजली के पोल पर लाईट नहीं होने की जानकारी प्राप्त हुई है, जहां लाईट लगाये जाने की बात कही। इस दौरान कई कांवरिया एंव पुरोहित मौके पर मौजूद थे।

सोमवार के दिन छात्र संवाद कार्यक्रम का होगा आयोजन

मुंगेर। छात्र राजद के प्रदेश महासचिव यीशु यादव ने एक बयान जारी कर कहा है कि सोमवार के दिन छात्र राजद के प्रदेश अध्यक्ष गगन यादव का मुंगेर जिला में आगमन हो रहा है। उनके स्वागत की सारी तैयारी पूरी कर ली गई है। उन्होंने कहा है कि प्रदेश अध्यक्ष श्री यादव 1:00 दिन मुंगेर के गांधी चौक स्थित साईं सेलिब्रेशन एचडीएफसी बैंक परिसर में छात्र राजद के साथ संवाद करेंगे।

भारतीय ग्रामीण चिकित्सा संघ सम्मेलन का किया गया बहिष्कार

मुंगेर। ग्रामीण चिकित्सा सेवा समन्वय समिति बिहार उपाध्यक्ष डॉक्टर राम दुलारी देवी ने एक बयान जारी कर कहा है कि भारतीय ग्रामीण चिकित्सक संघ मुंगेर इकाई के द्वारा आयोजित वार्षिक जिला सम्मेलन जो हुआ है उसमें हमारे एक ग्रामीण चिकित्सा सेवा समन्वय समिति के डॉक्टर बंधुओं ने जो इसका बहिष्कार किया है। इसके लिए जिला अध्यक्ष डॉक्टर मोहम्मद इकबाल कोषाध्यक्ष डॉ सूर्य नारायण यादव एवं जिला सचिव डॉक्टर योगेंद्र प्रसाद यादव सहित सभी 09 प्रखंड के अध्यक्ष कोषाध्यक्ष सचिव एवं डॉक्टर बंधुओं का बहुत-बहुत धन्यवाद देती हूं। इधर जिला उपाध्यक्ष डाक्टर रामाकांत और डाक्टर सुबोध भारती ने संयुक्त रूप से कहा की सभी 09 प्रखंडों के पदाधिकारी एवं डॉक्टर बंधुओं ने अपनी चट्टानी एकता की जो परिचय दिया है इसके लिए सभी को बहुत-बहुत धन्यवाद तथा जिला उपाध्यक्ष डॉक्टर राम दुलारी देवी ने आगे कहा की जिस तरह से आप लोगों ने आज अपनी चट्टानी एकता का परिचय दिए हैं उसी तरह हमेशा देते रहेंगे।

ऑल बिहार ट्रेड लाइब्रेरियन वेलफेयर फाउंडेशन ने कुलपति को सौंपा ज्ञापन

मुंगेर। ऑल बिहार ट्रेड लाइब्रेरियन वेलफेयर फाउंडेशन के जिलाध्यक्ष मनीष यादव ने मुंगेर विश्वविद्यालय के कुलपति को स्मार पत्र सौंप कर विश्वविद्यालय में लाइब्रेरी से संबंधित समस्या निदान का मांग किया है। मनीष यादव ने अपने ज्ञापन में विभिन्न बिंदुओं पर कुलपति का ध्यान आकृष्ट किया है जिसमें लाइब्रेरी स्टाफ की कमी मौजूद स्टाफ ज्यादातर अप्रशिक्षित हैं, ।लाइब्रेरी हेतु आवश्यक परिसर का अभाव ,पाठ्यक्रम से संबंध पुस्तकों का नियमित क्रय का अभाव,लाइब्रेरी हेतु पुस्तक खरीद के लिए स्वतंत्र बजट ना होना,स्वतंत्र अध्ययन कक्ष का अभाव, मूलभूत सुविधाएं का अभाव जैसे पेयजल वॉशरूम , इ -लाइब्रेरी से संबंधित सुविधा का अभाव,लाइब्रेरी का टाइम स्टार्ट कम से कम 8 घंटे होना चाहिए, पत्रिकाएं जनरल अखबार आदि का नियमित व्यवस्था,लाइब्रेरी में अबाधित बिजली की सुविधाएं,मुंगेर विश्वविद्यालय के अंतर्गत सभी कॉलेज में लाइब्रेरी की व्यवस्था करवाना,आदि शामिल हैं। मौके पर लाइब्रेरी एसोसिएशन के सदस्य सह पूर्व छात्र संघ उपाध्यक्ष सुमित कुमार यादव,देव सागर, अमित रंजन आदि मौजूद थे।

मुंगेर विश्वविद्यालय का निर्णय छात्र छात्राओं के हितों में नहीं : विनय

मुंगेर। लोकमंच सामाजिक - सांस्कृतिक संस्थापक के महासचिव विनय कुमार सिंह ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर मुंगेर विश्वविद्यालय के निर्णय को अव्यवहारिक और छात्र छात्राओं के हितों के प्रतिकूल बताते हुए कहा कि यह निर्णय छात्र छात्राओं के भविष्य के साथ खेलवाड़ करने जैसा है। उन्होंने कहा कि मुंगेर विश्वविद्यालय में अध्ययन कर रहे छात्र छात्राओं का पार्ट - थर्ड (सत्र - 2020 - 23) में नामांकन दाखिल करने की तिथि - 10 - 14 जुलाई 2023 रखा गया है और परीक्षा फॉर्म भरने की तिथि 15- 18 जुलाई 2023 रखा गया है जो कि पूरी तरह से अव्यवहारिक है ।क्योंकि ऐसे में छात्र छात्राएं परीक्षा में क्या लिखेंगे यह महत्वपूर्ण प्रश्न है ।मुंगेर विश्वविद्यालय के द्वारा । सत्र नियमित करने के नाम पर छात्र छात्राओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय के द्वारा बिना एक भी दिन कक्षा कराये ही परीक्षा देने के लिए छात्र छात्राओं को बाध्य करना कहां तक उचित है ? सनद रहे कि अभी तक विश्वविद्यालय द्वारा पाठ्यक्रम भी तैयार नहीं किया जा सका है।

नरेंद्र मोदी को फिर से प्रधानमंत्री बनाने के लिए बीजेपी संकल्पित : जिलाध्यक्ष

प्रात : किरण ब्यूरो

भागलपुर। आगामी 2024 के लोकसभा चुनाव का समय जैसे जैसे नजदीक आता जा रहा हैं, वैसे ही राजनीतिक सरगर्मी तेज होती चली जा रही है। सभी राजनीतिक दल के नेता अपने अपने तरीके से हर दिन नए-नए हथकंडे अपना रहे हैं। वहीं भारतीय जनता पार्टी भी पीछे नहीं रही है, उन्होंने नरेंद्र मोदी को फिर से प्रधानमंत्री बनाने के लिए पूरे सावन भागलपुर अंतर्गत लगभग सभी शिवालयों में जलाभिषेक करने की संकल्प के साथ शुरूआत कर दी है। वही जलाभिषेक की तैयारी के साथ आगामी 10 जुलाई को प्रारंभ किये जाने की जानकारी प्रेसवार्ता के दौरान जिलाध्यक्ष संतोष कुमार साह ने दी है। उन्होंने बताया कि हजारों की संख्या में भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता गेरुआ वस्त्र धारण कर बरारी पुल घाट से जल भरेंगे और भागलपुर जीरोमाइल के जीछो स्थित शिवालय में जलाभिषेक करेंगे। मामले को लेकर भारतीय जनता पार्टी भागलपुर शाखा के जिला अध्यक्ष संतोष ने बताया कि कार्यक्रम आगामी 10 जुलाई से प्रारंभ की जाएगी और पूरे सावन यह जलाभिषेक कार्यक्रम जारी रहेगा, उन्होंने कहा भागलपुर का एक बड़ा मुद्दा भोलानाथ पुल का है जो हर चुनाव में अपना एक अहम योगदान वोट लेने के लिए बनाता है, उक्त भोलानाथ पुल पर ओवरब्रिज का निर्माण कार्य प्रारंभ हो गया है, लेकिन इसमें उत्तर और दक्षिण के लोगों के लिए आने जाने की तो सुविधा है इसमें कहीं भी एप्रोच पथ नहीं दिया गया है, जिसको लेकर बीजेपी के कार्यकताओं ने बिहार सरकार से यह मांग की है कि इस पुल में एप्रोच पथ भी दी जाय, जिससे कि दक्षिणी क्षेत्र के लोग इसका पूर्णतः लाभ ले सके, साथ ही उन्होंने कहा कि बंगाल में पंचायत चुनाव हो रहा है, जिसके दौरान 13 लोगों की निर्मम हत्या कर दी गई है, यह कहीं से सही नहीं है। इसका जिम्मेदार वहां की ममता सरकार है, उस पर उसे सख्त कार्रवाई करनी चाहिए, जिसने ऐसा जघन्य अपराध किया, साथ ही भागलपुर स्टेशन में जीएम डीआरएम और सांसद पहुंचे थे । भारतीय जनता पार्टी के कार्यकताओं ने उन लोगों से दक्षिणी भाग में टिकट काउंटर को बढ़ाने व प्रवेश द्वार को बड़ा करने और न्यू भागलपुर टर्मिनल बनाने की मांग रखी है। इस प्रेस वार्ता के दौरान भारतीय जनता पार्टी भागलपुर शाखा के मनजीत कुशवाहा, राजीव मिश्रा, राज किशोर गुप्ता, श्रवण कुमार, प्राणिक बाजपेई व लक्ष्मण कुमार के अलावे कई कार्यकर्ता के अलावा संगठन के बरिय पदाधिकारी उपस्थित थे।

तीन नशेड़ी युवक ब्लड खरीद बिक्री करते धराया, अस्पताल कर्मियों ने किया पुलिस के हवाले

प्रात : किरण ब्यूरो

भागलपुर। इन दिनों पूर्वी बिहार के सबसे बड़े अस्पताल जेएलएनएमसीएच अस्पताल के ब्लड बैंक में लोगों के जीवन रक्षा के लिये विचौलियों और दलालों का खून खरीद बिक्री का कारोबार धड़ल्ले से फल फूल रहा है, जिसे रोकने में अस्पताल प्रशासन व स्थानीय थाना नाकाम साबित हो रहा है, ऐसा कहा जा रहा है एक बार खून देने में खून के दलालों को 25 सौ से 3 हजार रूपए की कमाई होती है, जिसको लेकर दलाल जरूरत मंद मरीजों के परिजनों से मोटी रकम बसूल करते हैं, वही मोटी रकम की लालच में आकर नशेड़ी व गलत कारोबार में फंसे युवक को उक्त दलाल की निगरानी में ब्लड डोनेट करवाने के साथ जरूरत मंद को मुहैया कराया जाता रहा है, वही इस कारोबार में नशेड़ी युवक अपना ब्लड को नशे के पैसे जुटाने के लिए उक्त दलाल के चंगुल में आ जाते हैं और हर 2 महीने पर अपना खून बेचने पहुंच जाते हैं। वही कुछ युवक पुनः ब्लड को डोनेट करने के लिए दलाल के सहयोग से ब्लड बैंक पहुंचा था। जिसे ब्लड बैंक में कार्यरत स्टाफ नर्स सोनी के द्वारा पहचान लिया गया और वहीं मौजूद सुरक्षा गार्ड कर्मियों के सहयोग से पकड़ लिया गया है।

वही ब्लड बैंक पहुंचे तीनों युवक ब्लड खरीद बिक्री करने वाले कई दलाल के नुमाइंदे के रूप में पहचान की, वही पूछताछ के क्रम में गिरफ्त में आये तीनो युवक नाथनगर थाना क्षेत्र के बड़ी मस्जिद के मो. रिजलूल रहमान के पुत्र मो. हारुन अंसारी, मधुसुदनपुर थाना क्षेत्र के नूरपुर के संजय कुमार साह के पुत्र रोहित कुमार और इसाकचक थाना क्षेत्र के इस्लामनगर के मो. आसिफ के पुत्र मो. अमन के रूप में बताया गया है। वही गिरफ्त में आये तीनो युवकों ने ब्लड बेचने का अपना अपराध कबूल किया कि वह दलाल के चक्कर में फस गए थे, जिसके द्वारा खून देने के बदले में 25 सौ रुपये दिये जाते थे, फिलहाल अभी दलाल पुलिस के गिरफ्त से बाहर हैं लेकिन दलालों की गिरफ्तारी के लिए बरारी थाना पुलिस मायागंज क्षेत्र इलाके में दबिश देने के साथ छानबीन करने जुटी हुई है। वही अस्पताल के सुरक्षा कर्मियों ने बरार पुलिस के हवाले कर दिया है, वही मामले की सूचना मिलते ही बरारी थाना की गस्ती पुलिस मौके पर पहुंचकर सभी युवको को हिरासत में लेते हुए थाना लेजाया गया, जहां पुलिस युवकों से अन्य जानकारी को लेकर पूछताछ कर रही है।

श्रम कार्ड बनाने के नाम पर ठगी करने वाले गिरोह जिले क्षेत्र में है सक्रिय, रहे सावधान : एसएसपी

ठग गिरोह का शिकार हुए दम्पती न्याय की गुहार ले पहुंचा, एसएसपी कार्यालय

प्रात : किरण ब्यूरो

भागलपुर। अगर आपके घर में भी कोई श्रम कार्ड बनाने के लिए आते हैं तो हो जाएं सावधान क्योंकि ऐसी ठगी करने वाले एक गिरोह पूरे जिले क्षेत्र में इर्दगिर्द घूम घूम कर बेहतर लाभ दिलाने का प्रलोभन देकर ठगने का काम करने में सक्रिय रूप से जुटा हुआ है। एक ऐसा ही ठगी करने का मामला भागलपुर अलीगंज के महेशपुर वार्ड नंबर 42 से सामने आया है। जहां चंदन कुमार पाल और सविता देवी से हजारों रुपये की श्रम कार्ड बनाने के नाम पर सक्रिय गिरोह ने ठग लिया है। गौरतलब हो कि यह ठग उनके घर श्रम कार्ड बनाने के नाम से गया था, जहां उन्होंने अत्यधिक लाभ दिलाने का प्रलोभन देकर कहा कि सरकार की ओर से श्रम कार्ड सबों को फ्री में बनाया जा रहा है, आपको आधार कार्ड देना है और अपना अंगूठा लगाना है, तभी इस लालच में आकर उक्त दोनों पति व पत्नी ने अपना आधार कार्ड दे दिया और अंगूठा भी लगवा लिया और जब शाम में मोबाइल पर मैसेज देखते हैं, तो उनके मानो पांव तले जमीन खिसक गई हो, मेसेज को देख दोनों के होश उड़ गये, उक्त ठग गिरोह ने उनके बैंक अकाउंट से कई हजार रुपये की अवैध रूप से निकल लिये थे, इसी बाबत पीड़ित दंपति न्याय की गुहार ले एसएसपी आनंद कुमार के पास पहुंचे, जहां दंपति ने अपनी सारे घटना से अवगत कराते हुए न्याय की गुहार लगायी है। वही एसएसपी आनन्द कुमार ने मामले की गम्भीरता को देखते हुए संज्ञान लेते हुए साइबर थाने के संबंधित पुलिस पदाधिकारी को मामले का पता लगाने के लिए निर्देशित करते हुए कहा है। वही पीड़ित चंदन कुमार पाल और उसकी पत्नी सविता देवी का कहना है कि इस फर्जी व्यक्ति को जल्द से जल्द पकड़ा जाय, और उसे कठोर सजा देने के साथ मेरा गमन पैसा रिकवरी करा दिया जाय। जिससे उक्त ठग गिरोह के चक्कर में और कोई न फंस सकें।

तीन साल की मासूम बच्ची की ट्रक के चक्के से दब कर हुई मौत

प्रात : किरण संवाददाता

जगदीशपुर (भागलपुर)। थाना से महज 100 मीटर की दूरी पर स्थित जगदीशपुर मुख्य बाजार के समीप बाइक व ट्रक की हुई टक्कर में बाइक पर सवार तीन वर्षीय मासूम की ट्रक के चक्के के नीचे चले जाने से मौके पर ही मौत हो गई। वही बच्ची की पहचान वादे हसनपुर गांव के रहने वाले वकील मंडल की तीन वर्षीय पुत्री आयुषी कुमारी के रूप में हुई है ।घटना को लेकर मिली जानकारी के अनुसार वकील मंडल अपने घर वादे हसनपुर गांव से भवानीपुर स्थित एक राशन डीलर के पास अपने परिवार का बायोमेट्रिक पर फिंगर प्रिंट देने अपने पत्नी और बच्चों के साथ जा रहा था, इसी क्रम में जगदीशपुर के मुख्य बाजार स्थित एक ट्रक और बाइक में टक्कर हो गई, घटना क्रम में बच्ची बाइक से गिर गई और तीन वर्षीय आयुषी उक्त ट्रक के चक्के के नीचे दब कर मौके पर मौत हो गई। वही घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय जगदीशपुर थाना प्रभारी अमित कुमार अपनी पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंच कर आक्रोशित परिजन को शांत कराने की कोशिश में जुट गए लेकिन आक्रोशित परिजन ने बच्ची के शव को बीच सड़क पर रख कर मुख्य सड़क मार्ग को बाधित कर जाम करने की कोशिश करने लगे थे, लेकिन पुलिस की सूझबुझ से जाम नही लगा पाया, वही घटना को लेकर जगदीशपुर के सीओ भूषण भगत और बिडियो रघु नंदन आनन्द मौके पर पहुंचे और आक्रोशित परिजन को समझा बुझा कर मुख्य सड़क मार्ग से हटाया और मृत बच्ची के शव का पोस्टमार्टम प्रक्रिया को लेकर मायागंज भेज दिया। वही इस घटना से आहत हुए बच्ची के माता पिता का रो रो कर बुरा हाल है, रोते बिलखते हुऐ बच्ची के पिता बोल रहे थे, अब किसके सहारे रहेंगे। मैने बच्ची को बड़े लाड प्यार से पाला था, जमीन गिरवी रख कर उसका इलाज कराया था, 21 दिन की मेरी बच्ची आईसीयू में भर्ती रही थी, वही मृत बच्ची के मां का भी रो रो कर बुरा हाल है, घटना के सदमे से मां बार बार बेहोश हो रही थी।

देवर ने भाभी को पीटा, चल रहा ईलाज

प्रात : किरण संवाददाता।

गोराडीह (भागलपुर)। एक महिला को उसके अपने ही देवर ने बुरी तरह से धुनाई कर दी। घटना से पीड़ित घायल महिला को उसके परिजनों ने त्वरित इलाज के लिए गोराडीह रेफरल अस्पताल में भर्ती कराया, जहाँ मौजूद चिकित्सक द्वारा महिला की हालत की गम्भीरता को देखते हुए बेहतर इलाज के लिए मायागंज अस्पताल रैफर कर भेज दिया। वही मामले को लेकर पीड़ित महिला ने बताया कि वह बकरीद के मौके पर अपने ससुर से मिलने पैतृक गांव गोराडीह गई थी, इस दौरान उनका देवर मो. फैजल और उनकी पत्नी आफरीन ने अचानक बर्तन साफ करने के दौरान हमपर गमला फेंक कर हमला कर दिया। जिससे वह गंभीर रूप से चोटिल हो जख्मी हो गई, वही घटना की सूचना मिलते ही घायल महिला के परिजन गोराडीह पहुंचे और उन्होंने आनन-फानन में इलाज हेतू अस्पताल ले जाया गया। जहां से बेहतर इलाज के लिए चिकित्सक द्वारा रेफर कर मायागंज अस्पताल के इमरजेंसी सर्जरी वार्ड इलाज के लिए भर्ती कराया गया। जहां चिकित्सकों द्वारा उनका इलाज किया जा रहा है, फिलहाल गोराडीह थाने में पीड़ित परिजन के द्वारा लिखित शिकायत दर्ज करा दी गई है, जबकि घटना को लेकर उनका कहना है कि इंजरी रिपोर्ट देने के बावजूद पुलिसिया कार्रवाई नहीं हो रही है, उन्होंने पुलिस प्रशासन से मामले के संदर्भ में कार्रवाई करने के साथ न्याय करने की मांग कर रही है।

संत निरंकारी मिशन संस्थान के द्वारा रक्तदान शिविर का हुआ आयोजन

प्रात : किरण ब्यूरो

भागलपुर। संत निरंकारी मिशन संस्थान के नेतृत्व में स्थानीय जिला इंटर स्कूल प्रांगण में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर कार्यक्रम में लगभग एक सौ यूनिट रक्तदान करने का लक्ष्य रखा गया था। इस मुहिम को लेकर संस्था के कार्यकताओं ने कार्यक्रम के दौरान शहर के कई गणमान्य चिकित्सक, शिक्षाविद व समाजसेवी उपस्थित थे। वही कार्यक्रम को लेकर संत निरंकारी मंडल के संयोजक दिनेश मंडल ने बताया कि हम लोगों का मुख्य उद्देश्य है जब किसी को ब्लड की जरूरत पड़े तो उसे आसानी से ब्लड मिल जाए और उसके जान की रक्षा में सहायक बनकर एक सार्थक पहल किया गया है। वही कार्यक्रम को संबोधित करते हुए समाज सेवी कमल जायसवाल ने कहा कि यह संत निरंकारी मंडल की अनूठी पहल है, इससे शहरवासियों के बीच घटित होने वाले घटना में घायल हुए लोगों व जरूरत मंद के बीच काफी फायदा पहुंचेगा, इसमें हम लोगों को बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने की जरूरत है, तभी यह मिशन कामयाब व सफल हो सकेगा। वही कार्यक्रम में मंचासीन अतिथियों व समाजसेवी के द्वारा कार्यक्रम का दीप प्रज्वलित कर शुरूआत की। डॉ./प्रो. डी.पी सिंह, डॉ. हेमशंकर शर्मा, डॉ. मणिभूषण, संस्था के सदस्यों के अलावा दर्जनों सामाजिक कार्यकर्ता सहित अन्य लोग मौजूद थे।

डीएम के निर्देश पर गठित पांच सदस्य जांच टीम को धरहरा दक्षिण पंचायत में विकास कार्यों में मिली भारी अनियमितता

प्रात : किरण ब्यूरो चीफ मुंगेर

मुंगेर। जिलाधिकारी नवीन कुमार के निर्देश के आलोक में नगर निगम मुंगेर के नगर आयुक्त निखिल धनराज निप्पणीकर की अध्यक्षता में पांच सदस्यीय टीम ने शनिवार को धरहरा प्रखंड के धरहरा दक्षिण पंचायत में किए गए विकासात्मक कार्यों का स्थलीय जांच मे काफी पैमाने पर अनियमितता को उजागर किया। इस दौरान नगर आयुक्त ने वित्तीय वर्ष 2021 - 2022 , 2022 - 2023 एवं 2023 - 2024 में धरहरा दक्षिण पंचायत में किए गए करीब आधा दर्जन से अधिक योजनाओं का प्राक्कलन ,अभिलेख, गुणवत्ता एवं योजना का स्थलीय मापी कर विस्तृत जांच क्रम मे संबंधित पदाधिकारी बीडीओ मृत्युंजय कुमार को कडी फटकार लगाते हुए योजनाओं के सही देख रेख नही करने के अभाव के कारण योजना मे काफी पैमाने पर अनियमितता दिखाई पड़ी है जो बीडीओ के विरुद्ध स्पष्टीकरण पुछे जाने की बात कही । पांच सदस्यों में शामिल नगर आयुक्त निखिल धनराज, जिला पंचायती राज पदाधिकारी मो० मंजूर आलम, सदर अनुमंडल पदाधिकारी संजय कुमार, पथ निर्माण विभाग के कार्यपालक अभियंता संजय शर्मा, पथ निर्माण विभाग के कनीय अभियंता शेखर भाष्कर ने संबंधित आधा दर्जन योजनाओ की मापी कर योजनाओं मे फैले भ्रष्टाचार व गबन का मामला पकड़ते हुए दोषी अभिकर्ता, तकनीकी सहायक, बीडीओ सहित जबावदेह के विरुद्ध जिलाधिकारी नवीन कुमार को जांच रिपोर्ट समर्पित करने की बात कही ।

पदाधिकारीयों ने धरहरा दक्षिण पंचायत के महादलित दास टोला धरहरा मे नाला ढक्कन सहित निर्माण कार्य मे जहां अनियमितता उजागर किया वही वार्ड संख्या 1 में नाला का पानी निकासी हेतु जगह जगह पर लगायें गये होम पाईप योजनाओं मे प्राक्कलन को नजर अंदाज कर लाखो रुपए गबन का मामला पकड़ा । वही सुसज्जित ढंग से पंचायत भवन मे लगा गए फाईवर ईट सोलिंग निर्माण, छवीला यादव घर के घर के आगे पीसीसी सड़क निर्माण की अधतन में जांच किया ।

ज्ञात हो कि गुरुवार को जिलाधिकारी नवीन कुमार धरहरा प्रखंड के महगामा पंचायत का निरीक्षण किया था निरीक्षण के क्रम में ग्रामीणों ने जिलाधिकारी से धरहरा दक्षिण पंचायत में विकासात्मक कार्यों में काफी पैमाने पर गड़बड़ी एवं सरकारी राशि का लूट-खसोट किए जाने की शिकायत किया था, जिसके बाद जिलाधिकारी ने नगर आयुक्त ,नगर निगम मुंगेर की अध्यक्षता में पांच सदस्य टीम गठित कर धरहरा दक्षिण पंचायत के विभिन्न योजनाओं का प्राक्कलन, अभिलेख , मापी - पुस्तिका एवं स्थलीय जांच कर तीन दिनो के अंदर संबंधित रिपोर्ट जिलाधिकारी कार्यालय मुंगेर को सुपुर्द करने का आदेश जारी किया था ।

बीआरसी कार्यालय में सरकारी कार्य में बाधा के साथ अभद्रता का आरोप

पूर्णिया/ बड़हरा कोठी । प्रखंड अंतर्गत मध्य विद्यालय कमलपुर अनुसूचित जाति के प्रधानाध्यापिका मनीषा कुमारी एवं मनीषा कुमारी के भाई आशीष कुमार के विरुद्ध प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी शीला रानी द्वारा बीआरसी कार्यालय में घुसकर गाली गलौज, धक्का मुक्की, बीआरसी कार्यालय में ढाई घंटे तक बंधक बनाते हुए सरकारी कार्य में बाधा डालने का आरोप लगाते हुए बड़हरा कोठी थाना में मामला दर्ज करवाया गया है।

घटना 27 जून 2023 की बताई जा रही है। थाना को दिए आवेदन में बीईओ शीला रानी ने बताई है कि 27 जून 2023 को 4 बजे मैं अपने कार्यालय में अपने सभी कर्मियों के साथ काम कर रही थी। तभी अचानक मनीषा कुमारी एवं उनका भाई आशीष कुमार पिता अशोक कुमार सिंह ग्राम भटोत्तर थाना बड़हरा कोठी जिला पूर्णिया द्वारा बीआरसी कार्यालय आकर जोर जोर से चिल्ला चिल्ला कर बोलने लगी कि नवसृजित प्राथमिक विद्यालय कल्याणा कामत में भवन निर्माण के लिए 27 लाख रुपया आया है मुझे वहां का प्रभारी प्रधान नियुक्त कीजिये मैं वहां मकान बनाउंगी। उनके इन बातों पर मैंने उन्हें बताया कि उस विद्यालय में प्रधानाध्यापक का पदस्थापना हो चुका है। इस संबंध में जिला शिक्षा पदाधिकारी को प्रतिवेदित किया गया है ।आप मध्य विद्यालय कमलपुर अनुसूचित जाति की प्रधानाध्यापिका है आपको प्राथमिक विद्यालय कल्याणा कामत का प्रभार नही दिया जा सकता है। आप इस संबंध में जिला शिक्षा पदाधिकारी से संपर्क कर सकते हैं। इस पर मनीषा कुमारी जोर जोर से चिल्ला चिल्ला कर मुझे जाती सूचक गाली देते हुए धक्का मुक्की करने लगी। कार्यालय में लेपटॉप पर कार्य कर रहे लेखापाल का लेपटॉप पटककर बन्द कर दिया और बोलने लगी कि अब बीआरसी में कोई काम नही होगा। डाटा ऑपरेटर को भी कार्यालय से भगा दिया। इस घटना की जानकारी मोबाइल से थाना प्रभारी को देने लगी तो मनीषा कुमारी द्वारा मुझे धक्का देकर मेरा मोबाइल छीन लिया।

मेला के छठे दिन प्रखण्ड आपुर्ति पदाधिकारी अपनी टीम के साथ पहुंचे सुल्तानगंज

प्रात : किरण संवाददाता

शाहकुंड (भागलपुर)। सुलतानगंज नगर परिषद परिक्षेत्र स्थित अजगैविनाथ धाम में मेला के छठे दिन जिला आर्पुति पदाधिकारी व उनकी टीम जिला प्रशासन के निर्देश पर कांवड़िया भोजन व्यवस्था के अलावा अन्य व्यवस्था की जांच को लेकर सुल्तानगंज पहुंचे जहां प्रखण्ड आर्पुति पदाधिकारी कृष्णानंद आनंद कुमार के द्वारा गंगा घाट से लेकर धांधीबेलारी तक संचालित ढाबो व होटलों के अलावा फुटकर दुकानदार के समक्ष पहुंच कर मेला में आगन्तु श्रद्धालुओं को सामानों के खरीद बिक्री मुल्य को लेकर जिला प्रशासन के द्वारा तय मानक निधारित एंव सामान व भोजन के रख रखाव को लेकर जांच व सर्च अभीयान चलाया गया। इस दौरान इसलाईमपुर के खाद आर्पुति पदाधिकारी कृष्णानंद आनंद ने सैकड़ों कांवर की दुकान, भोजनालय की दुकान सहित अन्य दुकान का जांच प्रताल करते हुए मुल्य तालिका के निधारित रैट पर बैचने एंव कोमर्सियल गैस सिलेंडर उपयोग करने के दुकानदार को दिशा निर्देश भी दिये साथ ही सभी दुकानदारों हिदायत देते हुए कहा कि कांवड़िया श्रद्धालुओं को दिया गया सामान का मूल्य तय मानक दर से बसूल करे अन्यथा पकड़े जाने पर दुकान के सामानों को जब्त कर मेला क्षेत्र के बाहर कर कानून कार्रवाई की जायेगी। इस दौरान इसलाईमपुर प्रखण्ड आर्पुति पदाधिकारी कृष्णानंद आनंद कुमार ने मिडिया प्रतिनिधि से बातचीत में बताया कि जिला प्रशासन के निर्देश पर मेला मुल्य तालिका एंव रख रखाव को लेकर गंगा घाट से लेकर धांधीबेलारी तक सर्च अभीयान चलाया गया था ।इस दौरान सभी दुकानदारों को हिदायत दिया गया है कि मुल्य तालिका के अनुसार सामान बैचने एंव रख रखाव सही रखने और भोजनालय के दुकानों में कोमर्सीयल गैस सिलेंडर उपयोग करने के दिशा निर्देश दिये गये है, ऐसा नहीं करने पर कानुनी कार्रवाई किये जाने की बात कही गयी है। इस दौरान एसआई नवीन कुमार सिंह, डीलर शत्रुधन चौधरी, अनिल रजक सहित इत्यादि पुलिस कर्मी मौजूद थे।

मेला में अवैध रूप से सड़कों पर लगाए दुकानों को एसडीएम ने कराया अतिक्रमण मुक्त

प्रात : किरण संवाददाता

शाहकुंड (भागलपुर)। मेले को लेकर भागलपुर जिला प्रशासन की टीम लगातार सुल्तानगंज के पवित्र उत्तरवाहिनी गंगा तट पर पहुंच कर आगन्तु श्रद्धालुओं की भीड़ को देखते हुए अतिक्रमण हटाने की कवायद में जुटी हुई है। नगर परिषद परिक्षेत्र में बढ़ती जा रही श्रद्धालुओं की भीड़ के परिचालन को सुदृढ़ बनाने को लेकर मेला क्षेत्र इलाके में लगाये जाने वाले फुटकर दुकानदारों के द्वारा अवैध रूप से सड़क अतिक्रमण किए जाने की सूचना पर एसडीएम धनंजय कुमार के नेतृत्व में अतिक्रमण मुक्त कराए जाने को लेकर अभियान चलाया गया। इस दौरान सुल्तानगंज के कार्यपालक पदाधिकारी अभिनव कुमार, वीडियो मनोज मुर्मू , सीईओ अमित राज सहित बड़ी संख्या में नगर परिषद के कर्मचारी और पुलिस बल के जवान मौजूद थे। वही नगर एसडीओ ने माइकिंग के माध्यम से सड़क और नाले पर किए गए सड़क को अतिक्रमण से मुक्त कराया जिससे आगन्तु श्रद्धालुओं के आने जाने मार्ग को सुगमता से बेहतर बनाया वही इस अभियान को लेकर सुल्तानगंज मुख्य बाजार चौक मार्ग से होकर नमामि गंगे घाट और सीढ़ी घाट तक बल पूर्वक अतिक्रमण हटाने का अभियान चलाया साथ ही अतिक्रमणकारियों से अपील कर कहा गया कि अपनी दुकानों को सड़क मार्ग के नाले के भीतर ही रखे अन्यथा कानूनी कार्रवाई के पात्र होंगे। इसी क्रम में एसडीओ धनंजय कुमार ने बताया कि सड़क और नाले पर किए गए अतिक्रमण को मुक्त कराया गया है, और इस दौरान अतिक्रमणकारियों का सामान भी जप्त किया गया है, साथ ही जुमार्ना भी नगर परिषद के द्वारा वसूला गया है।

हरदिल अजीज मुन्ना सांई की सातवीं पूण्यतिथि मनी

आरा। शहर के न्यू एरिया बाबू बाजार में रविवार को हरदिल अजीज व समाजसेवी संजय प्रसाद उर्फ मुन्ना साईं की सातवीं पुण्यतिथि मनाई गई। इस मौके पर लोगों ने उनके तैलचित्र पर माल्यार्पण व पुष्प अर्पित कर भावभीनी श्रद्धांजलि दी। उनको याद कर लोगों की आंखे नम हो गयी। लोग उस समय भावूक हो गये, जब उनको छोटे-छोटे मासूम बच्चों ने श्रद्धांजलि दी। इस मौके पर वक्ताओं ने कहा कि मुन्ना साईं ने जीवनपर्यंत समाजसेवा से जुड़े रहें। आज उनके अधूरे कार्यो को पूरा करने में उनकी पत्नी अंजना श्रीवास्तव प्रयासरत हैं। श्रद्धाजंलि देने वालो में पत्नी अंजना श्रीवास्तव, पुत्र सत्यम साईं, पटना टाउन डीएसपी अशोक कुमार सिंह, अंजय प्रसाद उर्फ गुड्डू, भानू जी, मिथलेश सिंह, मधुरेन्द्र सिंह, डॉ. जितेंद्र शुक्ला, डी. राजन (अधिवक्ता), शैलेश कुमार राय, धीरज, विवेक, यदुनंदन उर्फ गोपी, राजूल कौल, अशोक कुमार शर्मा, मिथलेश कुमार, सोनू सिंह, राजीव मिश्र, मनोज सिंह, आमिर कुमार बंटी समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

जोगिनिया पोखर : बार बार जीर्णोद्धार की मांग के बावजूद स्थिति यथावत

पूर्णिया । रुपौली प्रखंड क्षेत्र के भिखना पंचायत स्थित बांकी गांव में मौजूद जोगिनिया पोखर पिछले काफी समय से अपनी जीर्णोद्धार एवं सौंदर्यकरण की बाट जोहता नजर आ रहा है। पोखर के जीर्णोद्धार की दिशा में अबतक न तो प्रशासनिक स्तर पर ही कोई कवायद हुई है और न ही सरकारी स्तर से ही इस दिशा में कोई कदम उठाया गया है। इस बाबत जनता दल अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के जिला उपाध्यक्ष मोहम्मद समद

संक्षिप्त खबरें

पुलिस ने शव का सदर अस्पताल में कराया पोस्टमार्टम

आरा। भोजपुर जिले के तरारी थाना क्षेत्र के खरौना गांव में शनिवार की शाम ठनका गिरने से किसान की मौत हो गई। घटना को लेकर लोगों के बीच काफी देर तक अफरा-तफरी मची रही। जानकारी के अनुसार मृतक तरारी थाना क्षेत्र के खरौना गांव निवासी स्व.राम भजू राय के 69 वर्षीय पुत्र धनजी राय है। इधर मृतक के चचेरे भाई अखिलेश राय ने बताया कि शनिवार की शाम वह गांव में ही स्थित बधार में आहार बांधने गए थे। तभी तेज बारिश शुरू हो गई। बारिश के दौरान अचानक उन पर ठनका गिर पड़ा। जिससे उनकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई। इसके बाद उनके खेत से कुछ दूरी पर काम कर रहे हैं अन्य लोगों ने इसकी सूचना मृतक के परिजनों को दी। सूचना पाकर परिजन घटनास्थल पर पहुंचे। जिसके पश्चात उन्होंने इसकी सूचना स्थानीय थाना को दी। सूचना मिलते ही स्थानीय थाना घटनास्थल पर पहुंची और शव को अपने कब्जे में लेकर उसका पोस्टमार्टम करवाया। बताया जाता है कि मृतक आपने सात भाई व एक बहन में चौथे स्थान पर थे।

दो ऑटो की आपसी भिड़ंत में ऑटो पर सवार दंपती समेत तीन जख्मी

आरा। शहर के टाउन थाना क्षेत्र के नाला मोड़ पर रविवार की सुबह दो ऑटो की आपसी भिड़ंत हो गई। हादसे में एक ऑटो पर सवार दंपति समेत तीन लोग गंभीर रूप से जख्मी हो गए। जिसके बाद उन्हें इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल लाया गया। जहां उनका इलाज कराया जा रहा है। जानकारी के अनुसार जख्मियों में बड़हरा थाना क्षेत्र के चातर गांव निवासी रामा शंकर ओझा, उनकी पत्नी आरती देवी एवं पुत्री सुप्रिया कुमारी शामिल है। वही आरती देवी ने बताया कि वह अपने पति रामा शंकर ओझा एवं पुत्री सुप्रिया कुमारी के साथ शनिवार को पटना अपना इलाज कराने के लिए गई थी। रविवार की सुबह वह वापस अपने गांव लौट रही थी। लौटने के क्रम में जैसे ही उनकी ऑटो नाला मोड़ पर पहुंची। तभी पीछे से आ रही दूसरी ऑटो उनके ऑटो में जोरदार टक्कर मार दी। जिससे तीनों ऑटो से गिर पदे और गंभीर रूप से जख्मी हो गए। जिसके बाद उन्हें इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल लाया गया जहां उनका इलाज कराया जा रहा है।

बीमारी के कारण अज्ञात वृद्ध महिला की मौत

आरा। भोजपुर जिले के बिहिया थाना क्षेत्र के बिहिया पीएचसी में बीमारी के कारण अज्ञात 65 वर्षीया वृद्ध महिला की मौत हो गई। इलाज के दौरान शनिवार की दोपहर उन्होंने दम तोड़ दिया। घटना को लेकर लोगों के बीच अफरा-तफरी का आलम रहा। इसके बिहिया पीएचसी अस्पताल प्रशासन द्वारा इसकी सूचना बिहिया थाना पुलिस को दी गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को अपने कब्जे में लेकर उसका पोस्टमार्टम सदर अस्पताल में करवाया। इसके पश्चात पुलिस शव की पहचान करने एवं मामले की छानबीन में जुट गई है। इधर थाना इंचार्ज उदय भानु सिंह ने बताया कि मृतका वृद्ध अज्ञात महिला अस्पताल के आसपास रहती थी। वही अस्पताल में कार्यरत स्वास्थ्य कर्मियों द्वारा बताया गया कि गुरुवार को उनके पेट में तेज दर्द हुआ। जिसके बाद उन्हें बिहिया पीएचसी में भर्ती कर इलाज किया जा रहा था। जहां इलाज के दौरान शनिवार की दोपहर उन्होंने दम तोड़ दिया। वहीं पुलिस द्वारा बनाया गया मृत्यु समीक्षा रिपोर्ट के अनुसार मृतका अज्ञात वृद्ध महिला की मौत बीमारी के कारण एवं इलाज के दौरान होना प्रतीत होता है। हालांकि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत का कारण स्पष्ट हो पाएगा।

महादलित टोला के समस्या को सांसद ने सुना

गया। गया के मानपुर प्रखंड के सादीपुर पंचायत के कुकासीमीन सादीपुर महादलित टोले का गया सांसद विजय मांझी ने भ्रमण किया और वहा पर के लोगों की समस्या को सुना, कुछ समस्या को जगह पर ही हल कर दिया गया और कुछ समस्या को जल्द से दुर करने का भरोसा दिलाया है लोगों को, सादीपुर मुखिया हिप्पी सिह, लाल बाबु, काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

इनरव्हील क्लब गया के द्वारा वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित

गया। इनरव्हील क्लब गया सिटी के तरफ से अध्यक्षा निशा सेठ की अध्यक्षता में जुलाई के प्रथम सप्ताह में चाणक्यपुरी कॉलोनी और शहर के अन्य हिस्सों में वृक्षारोपण किया गया है। जैसा कि हम जानते हैं पेड़ पौधे हमारे जीवन में कितना महत्व रखते हैं वृक्ष हमारे वातावरण को संतुलित करते हैं वृक्ष से हमें ऑक्सीजन प्राप्त होता है जिससे हम सांस ले पाते हैं और जीवित रहते हैं इससे मानव जीवन सुरक्षित रहता है इस बात को ध्यान में रखते हुए हमारे क्लब के तरफ से विभिन्न तरह के पौधे लगाए गए हैं। जिसमें तुलसी नीम एलोवेरा जामुन मनी प्लांट आदि पौधे शामिल है।

अनुसूचित जाति/जनजाति कर्मचारी संघ का बने सर्वेश राम जिलाध्यक्ष, चंद्रमा राम जिला सचिव

प्रात : किरण संवाददाता

आरा/अनुसूचित जाति/जनजाति कर्मचारी संघ बिहार, जिला शाखा- भोजपुर आरा की 23 वॉ जिला सम्मेलन नागरी प्रचारिणी सभागार आरा में हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष सर्वेश राम तथा संचालन सचिव चंद्रमा राम ने किया। कार्यक्रम का उद्घाटन पर्यवेक्षक संजय कुमार वरिष्ठ लेखा परीक्षण एवं संजय कुमार ,वरीय कोषागार पदाधिकारी भोजपुर ने संयुक्त रूप से किया। कार्यक्रम को जिला उप निर्वाचन पदाधिकारी दीवाकर दास, बिहार प्राथमिक शिक्षक संघ (गोप गुट) के जिला सचिव धर्म कुमार राम, सेवानिवृत्त शिक्षक हरिनाथ राम, असिस्टेंट प्रोफेसर डॉड्ड रमेश कुमार सहित विभिन्न वक्ताओं ने संबोधित किया। निर्वाचन सत्र में पूर्णतः लोकतांत्रिक व्यवस्था के अंतर्गत निर्वाचन प्रक्रिया शुरू की गई पूर्व कमेटी द्वारा दी गई पैनल को पर्यवेक्षक द्वारा सदन में प्रस्तुत किया गया तत्पश्चात अध्यक्ष पद के लिए दो नाम आया एक सर्वेश राम एवं दूसरा अशोक कुमार राम जिसमें बहुमत के आधार पर सर्वेश राम को अध्यक्ष पद पर निर्वाचित किया गया। सचिव पद के लिए दो नाम आया एक चंद्रमा राम तथा दूसरा रंजन पासवान बहुमत के आधार पर चंद्रमा राम को जिला सचिव पद पर निर्वाचित किया गया। जबकि विभीषण राम को सर्वसम्मति से कोषाध्यक्ष पद पर निर्वाचित किया गया। कार्यक्रम में आनंद मोहन निराला, श्याम सुंदर राम, सुनील राम, विजय कुमार राम, इंदु कुमारी, उप निर्वाचन पदाधिकारी दीवाकर दास, सहायक प्रोफेसर मुकेश कुमार, मुन्ना कुमार, राजीव रजक उर्फ महेश रजक, अनिल कुमार, सुशील कुमार राम, संजीव कुमार रेड्डी, राजा नंद दास, कृष्ण कुमार भास्कर, राम गोविंद राम, सत्येंद्र कुमार गौड़, सतनारायण राम, प्रमोद कुमार, विश्वनाथ राम, परमेश्वर पासवान, दिनेश कुमार, नंदकिशोर चौधरी, श्री भगवान राम, आर. बी. सी. डी. गौतम, प्रधानाध्यापिका गीता कुमारी, ललन प्रसाद, सावित्री कुमारी, सुरेंद्र कुमार राम, गुप्तेश्वर पासवान, कुमारी लक्ष्मी, शंभू , भगवान, विमल राम, राघो राम, कुमारी अंजू वर्मा, पंकज कुमार, मनोज कुमार, जोगेंद्र जी नंदकुमार राम, पूजा वर्मा, प्रमोद कुमार रंजन, श्री गौतम, जेसी बोस, अशोक त्यागी, गोपाल जी, शैलेश कुमार, नगेंद्र प्रताप कमलेश, भगवती प्रसाद मुकुल प्रसाद, रमेश कुमार, कानन कौशल, रतन कुमार, भरत प्रसाद, सहित सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

भारतीय जनता पार्टी ने किया बैठक

प्रात : किरण संवाददाता

आरा/बामपाली स्थित भारतीय जनता पार्टी कार्यालय मैं भारतीय जनता युवा मोर्चा के जिलाध्यक्ष बिभु जैन के अध्यक्षता में एक बैठक बुलाई गई जिसमें मुख्य अतिथि के तौर पर प्रदेश अध्यक्ष दुर्गेश सिंह जी, विशिष्ट अतिथि के तौर पर प्रदेश मंत्री जितेंद्र सिंह जी, भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष दुर्गा राज इसमें प्रदेश अध्यक्ष द्वारा यह बताया गया कि 13/07/23 को बिहार सरकार और महागठबंधन सरकार के खिलाफ गांधी मैदान से विधानसभा तक मार्च नीतीश सरकार के खिलाफ जो एक काला कानून बिहार के नौजवानों के लिए खिलाफ लाई है उसके लिए करना है डोमिसाइल नीति बिहार नौजवानों का हक मारने का काम यह सरकार कर रही है यह अंधी गूंगी बहरी सरकार हो गई है ।

इसे जनहित नहीं सिर्फ माफियाओं के द्वारा संरक्षित सरकार चल रही है इस सरकार को उखाड़ फेंकने के लिए विधानसभा का मार्च में सभी नौजवानों को शामिल होने का अपील करने के लिए कहा गया है अधिक से अधिक संख्या में सम्मिलित होने के लिए बोला गया है मंच संचालन जिला महामंत्री राहुल सिंह के द्वारा किया गया इस बैठक में जिला उपाध्यक्ष प्रेम पंकज , कौशल यादव, भाजपा युवा मोर्चा के निर्वत मान जिलाध्यक्ष प्रकाश सिंह, बक्सर के प्रियरंजन चौबे, क्षेत्रीय प्रभारी श्री चंद्रांशु मिश्रा ,उपाध्यक्ष निशांत सिंह सिंगर, सरवन कुमार, जिला मंत्री आशुतोष मिश्रा, राजीव कुमार ऋषि, कार्यालय प्रभारी अभय सिंह, जिला प्रवक्ता अंकित तिवारी, अंकेश सिंह, निरंजन तिवारी अमर कुमार चौबे, आईटी सेल के संयोजक प्रतिक चंद्रवंशी सहसंयोजक राहुल कुमार ,विनय कुमार सिंह ,शुभम सिंह , अभिषेक पांडे, स्टडी सेल के ससंयोजक आनंद मोहन प्रताप सिंह, चरपोखरी मंडल अध्यक्ष शैलेश जी, उदवंतनगर दीपू जी, गजराजगंज वैभव कुमार सिंह, आरा ग्रामीण सोनू सिंह जी जिला आईटी सेल के ओंकार पांडे और बहुत से कार्यकर्ता उपस्थित हुए और साथ में जिला कार्यालय प्रभारी डॉ रमेश कुमार सिन्हा, धन्यवाद ज्ञापन जिला उपाध्यक्ष श्री मुकेश कुमार सिंह के द्वारा किया गया और साथ में भारतीय जनता युवा मोर्चा के द्वारा टिफिन कार्यक्रम भी किया गया इसमें कार्यकताओं के द्वारा घर से टिफिन लाया गया और सभी कार्यकर्ता सामूहिक रूप में से एक साथ एक दूसरे के टिफिन से खाना लेकर खाया।

भाजपा विधानसभा मार्च कर दस लाख लोगों को नौकरी देने के वादे पर बिहार सरकार से जवाब मांगेगी: सी डी शर्मा

प्रात : किरण संवाददाता

आरा। भारतीय जनता पार्टी सहार मंडल की बैठक कौलोडीह ग्राम में आयोजित की गई जिसकी अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष रवि रंजनसिंह ने किया। इस बैठक में मुख्य रूप से मुख्य अतिथि के रूप में सीडी शर्मा एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में जिला महामंत्री राकेश सिंह उपस्थित रहे। बैठक में मंडल अध्यक्ष रवि रंजन सिंह ने स्वागत भाषण किया। बैठक को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता सह जहानाबाद लोकसभा के प्रभारी सी डी शर्मा ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी बिहार प्रदेश 13 जुलाई को विधानसभा मार्च करेगी यह मार्च गांधी मैदान से 11:00 शुरू होगा और विधानसभा पहुंचेगा। श्री शर्मा ने कहा कि इस मार्च के जरिए 10 लाख लोगों को नौकरी देने के बादे के मामले पर बिहार सरकार से जवाब मांगा जाएगा। उन्होंने कहा कि बिहार सरकार ने डोमिसाइल नीति हटा दिया है यह एक साजिश है। सरकार की नियत साफ नहीं है बिहार सरकार के नीति के कारण बिहार के युवा काफी हतोत्साहित है। बिहार में शिक्षक बनने के लिए बिहार का स्थानीय निवासी का होना अनिवार्य नहीं है अन्य राज्यों के लोग भी शिक्षक बनने के लिए आवेदन दे सकते हैं। ऐसा करके सरकार ने बिहार के युवाओं का हक छीना है। इस मार्च में बिहार के सभी जिलों के कार्यकर्ता शामिल होंगे श्री शर्मा ने आह्वान किया कि सहार मंडल के प्रत्येक बूथ से कार्यकर्ता विधानसभा के घेराव करने के लिए पटना जाएंगे इस मार्च के जरिए सरकार से सीसीईटी एसटीटी पास अभ्यर्थियों को बिना परीक्षा दिए नियुक्ति करने नियोजित शिक्षकों को राज्य कर्मी का दर्जा दिए जाने की मांग की जाएगी उन्होंने कहा कि कानून का राज समाप्त हो गया है श्री शर्मा ने स्पष्ट लहजे में भ्रष्टाचार में मुख्यमंत्री की संलिप्तता और महागठबंधन को जिम्मेदार बताते हुए कहा कि राज्य सरकार की नीति भ्रष्टाचारियों को प्रोत्साहित करने की है इन सभी मुद्दों को लेकर सड़क से सदन तक लड़ाई लड़ी जाएगी। बैठक में मुख्य रूप से निवर्तमान मंडल अध्यक्ष केशव राय महामंत्री नारायण सिंह उपाध्यक्ष अशोक साह उपाध्यक्ष नवल सिंह परमेश्वर गुप्ता जी एवं अन्य सभी मंडल के पदाधिकारी मौजूद रहे।

भारोत्तोलन प्रतिभा खोज चयन प्रतियोगिता 17 को आरा में

आरा। बिहार में खेलो का जन आन्दोलन का रूप देते हुये सभी खेलो के विकास हेतु नियंतर प्रयास किया जा रहा है है इसी क्रम में भोजपुर जिले के इकछुक भारोत्तोलन खेल एवं खिलाड़ियो को राष्ट्रीये एव अंतरराष्ट्रीय पटल पर पहुंचाने के उद्देशय से बिहार राज्य खेल प्राधिकरण एवं बिहार भारोत्तोलक संघ के संयुक्त तत्वधान में दिनांक 17 जुलाई 2023 को सुवह 8 बजे से भोजपुर जिला भारोत्तोलन संघ के सहयोग से भारोत्तोलन प्रतिभा खोज चयन प्रतियोगिता का आयोजन राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीये भारोत्तोलन प्रशिक्षक के दवरा खेल भवन भोजपुर (आरा)में आयोजित होगी । प्रतिभा खोज चयन प्रक्रिया के उपरांत चयनित खिलाड़ियों का जिला में प्रशिक्षण कैंप का भी आयोजन होना है प्रशिक्षण उपरांत चयनीत खिलाड़ियों को जिला, राज्य एव राष्ट्रीये स्तरीय प्रतियोगिता में हिस्सा लेने का मैका मिलेगा ।

उक्त चयन प्रतियोगिता में 12 वर्ष से कम उम्र के बालक / बालिका कोई भी खिलाड़ी हिस्सा ले सकते हैं इसके लिये कोई शुल्क नही है भाग लेने के लिए खिलाड़ियो की सुचि(7979869577/7903472162) दी जा सकती है इससे पूर्व पिछले वर्ष भी प्रतिभा खोज चयन प्रतियोगिता का आयोजन विभ्रिन जिलो मे कराया गया था एव चयनीत खिलाडियो को बिहार राज्य खेल प्राधिकरण के सहयोग से राष्ट्रीय एव अंतरराष्ट्रीये प्रशिक्षको के द्वारा पटना में एक माह का प्रशिक्षण कैम्प का आयोजन भी किया गया था जो की इस वर्ष भी प्रस्तावित है इस बात की जानकारी कुमार बिजय सयोजक भोजपूर जिला भारोत्तोलन संघ ने दी।

बेलागंज से लाखों की संख्या में कार्यकर्ता पटना विधानसभा का घेराव में लेंगे भाग

प्रात : किरण संवाददाता

भारतीय जनता पार्टी बेलागंज विधानसभा का बैठक पंडित दीनदयाल उपाध्याय नगर रसलपुर में आहूत की गई इस बैठक में जिला उपाध्यक्ष सह बेलागंज प्रभारी राजेंद्र प्रसाद अधिवक्ता, जिला मीडिया प्रभारी संतोष ठाकुर उपस्थित हुए बैठक की अध्यक्षता चंदौती उत्तरी मंडल के अध्यक्ष बिनोद पासवान के द्वारा किया गया है ।इस बैठक का मुख्य उद्देश्य 13 जुलाई 2023को बिहार विधानसभा मार्च को लेकर गहन विचार विमर्श किया गया इस बैठक को संबोधित करते हुए राजेंद्र प्रसाद अधिवक्ता ने कहा की बिहार में जबसे महागठबंधन की सरकार बनी है उस समय से बिहार में अराजकता का माहौल है उस अराजकता के खिलाफ भाजपा कार्यकताओं 13जुलाई को बेलागंज विधानसभा से हजारों की संख्या में उपस्थित होकर विरोध मार्च कर महागठबंधन सरकार को चेतावनी दे और अपनी ताकत का एहसास कराते हुए अगर बिहार में लूट, हत्या, डकैती, बलात्कार नही रुका तो लगातार कार्यकर्ता विधानसभा का घेराव करेगा और मेरा नेता विधानसभा के अंदर विरोध करेगा बेलागंज विधानसभा के कार्यकर्ता पार्टी का को निर्णय हुआ है पटना चलो उस कार्यक्रम में हजारों की संख्या में जरूर जायेंगे जिसका पुष्टि उपस्थित नेताओ कार्यकताओं के द्वारा हाथ उठाकर किया गया है।

आज के बैठक में बेलागंज पश्चिमी के अध्यक्ष दिलीप सिंह, सुबोध सिंह, संघ विचारक काशी प्रसाद, गिरजा सिंह, अनिल सिंह, कंचन अर्जुन पासवान, दिनेश कुमार, पप्पू प्रसाद, आनंदी प्रसाद, भोला चौधरी, मनोज सिंह, रामजी ठाकुर, जगदीश चौधरी, श्रीकांत प्रसाद, सुरेंद्र साव, इंदु चौधरी सहित बेलागंज विधानसभा के कार्यकर्ता उपस्थित हुए हैं।

7 अगस्त को भ्रष्टाचार व जनता के ज्वलंत मुद्दों को लेकर नगर निगम के समक्ष होगा धरना-प्रदर्शन:माले

प्रात : किरण संवाददाता

आरा। लोकसभा चुनाव की तैयारी को लेकर भाकपा-माले नगर कमेटी की बैठक मीराचक आरा आयोजित की गई!

बैठक में आरा में बुथ आधारित पार्टी सदस्यता भर्ती करने, पार्टी सदस्यता नवीकरण कर ब्रांचों का पुनर्गठन करने, लोकयुद्ध पत्रिका का सदस्यता भर्ती करने, 28 जुलाई को शहीद कामरेड चारु मजूमदार की शहादत दिवस बनाने व वोटरलिस्ट में नाम चढ़ाने व आरा नगर निगम में भ्रष्टाचार व जनता ज्वलंत मुद्दों को लेकर आरा शहर अभियान चलाने का निर्णय लिया!बैठक की अध्यक्षता माले नगर सचिव दिलराज प्रीतम ने किया।

बैठक के दौरान भाकपा-माले नगर सचिव दिलराज प्रीतम ने बताया कि विगत दिनों हुए आरा नगर निगम चुनाव में आरा शहरवासियों ने भाजपा नेताओं को मेयर पद लिए इंदू देवी एवं उपमेयर पद के लिए पूनम देवी को जिताया था! लेकिन चुनाव जीतने के बाद मात्र छः माह में ही मेयर एवं उपमेयर शहर का विकास करने के बजाए नगरनिगम के पैसों का लूटने के लिए अपनी गिद्ध दृष्टि लगाए इन दोनों लोगों के द्वारा अपनी असली मंशा जाहिर करते एक-दूसरे पर आरोप-प्रत्यारोप के बाद यह साबित हो रहा है कि नगर निगम में भ्रष्टाचार चरम पर है आरा नगर निगम में कौन कितना लूट रहा है इसका एक दूसरे पर आरोप-प्रत्यारोप के जरिए साबित हो रहा है और इन दोनों लोगों के द्वारा लूटने की एक दूसरे से प्रतियोगिता कर रहें हैं!और मेयर एवं उपमेयर के पति प्रतिनिधि बनकर वे लोग ही प्रेस कांफ्रेंस कर रहे हैं!आरा शहर के मुख्य नालों की सफाई नहीं होने के चलते विभिन्न मोहल्लों में नाली का पानी घुस रहा है!आरा शहर में नल-जल योजना में भारी लूट मचा है!विभिन्न मोहल्लों पानी का पाइप तो बिछा है लेकिन पानी नहीं मिल रहा है और कहीं-कहीं तो वो भी पाईप नहीं बिछा है और सारा पैसा निकाल लिया गया है! आगे माले नगर सचिव दिलराज प्रीतम ने बताया कि आरा शहर की जनता इस चुनाव में भाजपा उम्मीदवारों को मेयर एवं उपमेयर को जिताया था लेकिन यह दोनों जनप्रतिनिधि आरा नगर निगम को दोनों हाथों से लूटने का जरिया बना दिया है ऐसा पहली बार हो रहा है कि मेयर एवं उप मेयर के द्वारा कौन कितना लूट रहा है इसका पदार्फाश ये लोग खुद ही कर रहे हैं और नगर आयुक्त इन दोनों लोगों को तितिर की तरह लड़ा रहे हैं और इन दोनों की लूट का तमाशाबीन बनकर ये भी उसमें बहती गंगा में हाथ धो रहे हैं!उन्होंने आगे कहा कि आरा शहर की जनता का टैक्स एवं सरकार का पैसे का बंदरबांट नहीं होने दिया जाएगा!नगर निगम में हो रहे भ्रष्टाचार को लेकर व आरा शहर के ज्वलंत मुद्दों को माले अभियान चलाते हुए 7 अगस्त को नगर निगम के समक्ष धरना-प्रदर्शन करेगा!बैठक में राज्य कमेटी सदस्य क्यामुद्दीन अंसारी, जिला कमेटी सदस्य गोपाल प्रसाद, बालमुकुंद चौधरी, शोभा मंडल, अमित बंटी, दीनानाथ सिंह, राजेंद्र यादव, हरिनाथ राम, संतविलास राम, मो०राजन, बब्लू गुप्ता, धीरेंद्र आर्यन, रामाशंकर प्रसाद शामिल थे।

बीटीएमयू के अतिरिक्त महासचिव संजीव बने एटक के राज्य सचिव

प्रात : किरण संवाददाता

बेगूसराय। विगत 16 से 18 जून तक दलसिहसराय (समस्तीपुर) में आयोजित एटक (अखिल भारतीय ट्रैड यूनियन कांग्रेस) के 23वें राज्य सम्मेलन में एटक प्रदेश कार्यकारिणी का गठन किया गया। प्रदेश कार्यकारिणी गठन के तहत बरौनी तेलशोधक मजदूर यूनियन के अतिरिक्त महासचिव संजीव कुमार एटक के राज्य सचिव, बरौनी तेलशोधक मजदूर यूनियन के सचिव ललन कुमार उपाध्यक्ष चुने गये। जबकि बीटीएमयू के कार्यकारी अध्यक्ष रजनीश रंजन व बीटीएमयू के संगठन मंत्री भोगेंद्र कुमार कमल, एटक प्रदेश कार्यकारिणी के सदस्य निर्वाचित हुए।

नवनिर्वाचित सचिव संजीव कुमार ने कहा कि श्रमिकों के आर्थिक स्थिति में सुधार करना ही मेरा लक्ष्य है। श्रमिकों को संगठित करके उनके लक्ष्यों के प्राप्ति हेतु संघर्षरत रहेगे। एटक प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य रजनीश रंजन ने कहा कि श्रमिको के सुख-सुविधाओं के लिए हमेशा प्रयास करते रहेगे।

बरौनी तेलशोधक मजदूर यूनियन के अतिरिक्त महासचिव संजीव कुमार के एटक राज्य सचिव चुने जाने पर बधाईयों का तांता लगा हुआ है। बरौनी तेलशोधक मजदूर यूनियन के सहायक महासचिव मो. अयूब ने कहा कि पहलीबार बीटीएमयू के चार पदाधिकारियों को एटक के प्रदेश कार्यसमिति में स्थान मिला है। यह बरौनी रिफाइनरी कर्मचारियों बरौनी के लिए गर्व की बात है। बरौनी तेलशोधक मजदूर यूनियन के वरीय उपाध्यक्ष संजय प्रसाद सिंह, उपमहासचिव साइमन मूर्म, सहायक महासचिव रमेश कुमार, उपाध्यक्ष राम प्रमोद कुमार राय, ललन कुमार, महेश राव, विभाकर कुमार, रंजन कुमार, गोपाल कुमार, फूलेना रजक, सचिव संजीत कुमार, अमित कुमार, रमेश मिश्रा, हरवेन्द्र कुमार, कल्याण केन्द्र उपाध्यक्ष वागीश आनंद, संयुक्त सचिव विजय कुमार शर्मा, कोषाध्यक्ष धर्मेन्द्र कनौजिया ने शुभकामनाएं व्यक्त की है। राम प्रमोद कुमार राय ने बधाई देते हुए कहा कि उपरोक्त नेतृत्व में एटक नयी ऊंचाई को हासिल करेगा।

विक्रमपुर पंचायत में पद्म भूषण स्वर्गीय रामविलास पासवान की मनी जयंती

बेगूसराय। रविवार को जिला अध्यक्ष प्रेम कुमार पासवान ने इस विज्ञप्ति जारी कर कहा कि पूरी जयंती माह के रूप में मनाया जाएगा। उसी क्रम में बेगूसराय जिले के चेरिया बरियारपुर विधानसभा के विक्रमपुर पंचायत में पद्म भूषण स्वर्गीय रामविलास पासवान की जयंती धूमधाम से मनाया गया। पद्म भूषण स्वर्गीय रामविलास पासवान के सपनों को साकार करने के लिए तमाम कार्यकर्ता संकल्पित हुए। लोक जनशक्ति पार्टी रामविलास के राष्ट्रीय अध्यक्ष चिराग पासवान के विशन डॉक्यूमेंट बिहार फर्स्ट बिहारी फर्स्ट जान तक पहुंचाना ही हम लोग का कर्तव्य है। जिसे आम जनमानस को लाभ मिलेगा। जयंती माह के कार्यक्रम में ही चेरिया बरियारपुर प्रखंड अध्यक्ष शिव शंभू प्रसाद सिंह को मनोनीत किया। जिला अध्यक्ष प्रेम कुमार पासवान, लोजपा (रामविलास) के वरिष्ठ नेता सुदर्शन सिंह, अनुसूचित जाति जनजाति के प्रदेश उपाध्यक्ष सुजीत कुमार, विक्रमपुर पंचायत के तमाम लोजपा कार्यकर्ता मौजूद थे।

फेंसी फुटबॉल मैच के उद्घाटन मुकाबले में बलिया ने बखरी को हराया

प्रात : किरण संवाददाता

बखरी, बेगूसराय। अभाविप बखरी नगर इकाई के तत्वाधान में फैंसी फुटबॉल मैच आयोजित हुई। शकरपुरा उच्च विद्यालय के मैदान में आयोजित फुटबॉल मैच का उद्घाटन प्रशिक्षु डीएसपी व बखरी थानाध्यक्ष चांदनी सुमन, बाइट कंप्यूटर के निर्देशक संजय कुमार सिंह, जिला प्रमुख मुकेश कुमार, चिकित्सा पदाधिकारी शैलेन्द्र कुमार, पूर्व अध्यक्ष राजेश अग्रवाल आदि ने संयुक्त रूप से किया। दोनों टीम के खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त करने के बाद फुटबॉल में किक मारकर मैच का शुभारंभ बखरी थानाध्यक्ष चांदनी सुमन ने किया। इस अवसर पर काफी संख्या में खेल प्रेमी मौजूद थे। वहीं प्रतियोगिता में शिरकत करने वाले दोनों टीम के 30 खिलाड़ियों ने मार्च पास्ट किया।मैच के पहले हाफ में बखरी और बलिया एक-एक गोल बनाकर बराबरी पर रही। कड़े मुकाबले में देर शाम पेनल्टी शूटआउट से मैच का नतीजा निकला। जिसमें बलिया की टीम ने बखरी को 2-0 से पराजित कर खिताब जीता।मौके पर एसआई मनीष कुमार पंडित, पूर्व नगर मंत्री प्रिंस सिंह, कोमल आर्य, वार्ड पार्षद उमेश पाठक, सामाजिक सामाजिक कार्यकर्ता विनोद शर्मा, अशोक प्रियदर्शी, अनुभव आनंद, विकास मिश्रा, राहुल मैक्स थे। मैच के रेफरी के रूप में संतोष पोद्दार और उद्घोषक का कार्य पूर्व मुखिया तुफैल खान एवं मधुसूदन महतो ने किया।

कांग्रेस ने पीएम का पुतला किया दहन

प्रात : किरण संवाददाता

बेगूसराय। सदर प्रखंड अध्यक्ष विजय सिंह के नेतृत्व में रजौरा चौक पर नेता राहुल गांधी के ऊपर झूठा आरोप लगाकर झूठे मुकदमें में फंसाने और बढ़ती महंगाई के खिलाफ मोदी का पुतला दहन किया।

वहीं पूर्व प्रखंड अध्यक्ष श्रीकांत ने कहा कि यह केंद्र की हिटलर शाही सरकार ने लोकतंत्र को ताक पर रख कर अपना हिटलर शाही सरकार चलाना चाहती हैं, जो कि कांग्रेस के एक-एक कार्यकर्ता इसका मुँहतोड़ जबाब देने के लिए तैयार हैं। एक राहुल गांधी नहीं लाखों राहुल गांधी तैयार है। इस तानाशाही सरकार के खिलाफ आवाज उठाने के लिए। आज मंहगाई आसमान छू रही है।

आज से पहले इतनी महगाई सैकड़ों वर्ष पहले ना थी और आगे क्या होगा। भगवान ही मेरे देश को बचा सकते हैं। इस जुमले बाजो से। आज टमाटर, हरी मिर्च, दाल, गैस सिलेंडर हो पेट्रोल, डीजल आदि सामग्री का दाम आसमान छू रही। लेकिन साहब को पूंजीपतियों का पेट और अपना सेट बदले से फुर्सत ही नहीं है। इस कार्यक्रम में विजय राय, जयप्रकाश गुप्ता, सुधीर राय, मो. करीम, सोहित तांती आदि मौजूद थे।

आरा-सासाराम मुख्यपथ पर गड़हनी के बँगवा में गिरा पेड़,लगभग सात घण्टे आवागमन रहा बाधित

प्रात : किरण संवाददाता

गड़हनी।भोजपुर के गड़हनी थाना क्षेत्र के बँगवा में शनिवार के मध्य रात्रि जोरदार आंधी पानी से मुख्यपथ पर बँगवा टावर के समीप एक विशालकाय वृक्ष अचानक धारासाई हो गया।स्थानीय ग्रामीणों व प्रशासन के सूझ बूझ से रविवार के सुबह लगभग 07 बजे के करीब आवागमन बहाल कराया गया।वही पेड़ गिरने की खबर मिलते ही थानाध्यक्ष राजीव रंजन कुमार दल-बल के साथ घटनास्थल पहुंचे,अपनी सूझ बूझ से थानेदार ने सुबह में जेसीबी मँगवा पहले सड़क से पेड़ को हटवा उसके बाद छोटा छोटा काट सुचारू रूप से आवगमन बहाल कर दी गई। सड़क के दोनों ओर वाहनों की लम्बी कतार लगभग एक किलोमीटर तक लगी रही।इस दौरान कसाप फीडर अंतर्गत बँगवा समेत कई गांवों में बिजली आपूर्ति बाधित रही।जिससे रात में तीन से चार घंटे बिजली बंद था।किसी तरह गाड़ी वाला जान जोखिम में डाल कर साइड से पार कर रहे थे।उमस भरी गर्मी में उपभोक्ताओं को रात भर काफी परेशानी करनी पड़ी।वही ग्रामीणों ने आरोप लगाया की पेड़ गिरने से बिजली पोल तार टूट कर गिर गया था लेकिन जे ई के पास फोन करने पर नही उठा रहे थे।अंत में ग्रिड में जाकर बिजली बंद कराया गया था।

बेगूसराय के एसपी ने भगवानपुर थानाध्यक्ष को किया लाइन हाज़िर

बेगूसराय। जिले के एसपी योगेंद्र कुमार को भगवानपुर थाना क्षेत्र के फरियादियों से यह शिकायत मिला था कि थाना पर जाने के बाद शिकायत करने पर फरियादियों का एफआईआर समय से नहीं किया जाता है।इसको गंभीरता से लेते हुए एसपी ने 7 जुलाई को स्वंय भगवानपुर थाना का निरीक्षण जाकर किया और फरियादियों के द्वारा किए गए शिकायत का गहन समीक्षा की तो वह सही पाया। इसे गंभीरता से लेते हुए एसपी ने भगवानपुर थाना अध्यक्ष संतोष कुमार शर्मा को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर विभागीय कार्रवाई प्रारंभ करने का निर्देश दिया है।

जगदीशपुर के पूर्व विधायक को सस्ती पब्लिसिटी बटोरनी है: किशोर कुणाल

जगदीशपुरः भोजपुर के जगदीशपुर के वर्तमान विधायक राम विशुन सिंह लोहिया व पूर्व विधायक भाई दिनश के बीच जुबानी जंग के बीच में अब जगदीशपुर विधायक के पुत्र सह राजद युवा नेता व समाजसेवी किशोर कुणाल भी कूद पड़े हैं। पूर्व विधायक द्वारा लगाए गए सारें आरोपों को निराधार व बेबुनियाद बताते हुए कुणाल उर्फ राजू यादव ने कहा है कि पूर्व विधायक को अनर्गल बातों के साथ सस्ती पब्लिसिटी बटोरनी है। जिसके लिए वो अनर्गल प्रलाप करते फिर रहे हैं। उपरोक्त बातें उन्होंने प्रेस वार्ता कर कहा है। बताया कि जब एक तरफ सुरेंद्र सिंह के द्वारा सरकारी जमीन पर किये गए अतिक्रमण को प्रशासन द्व

1 महीने में पैसा डबल

नई दिल्ली। जून 2023 में बड़ी संख्या में एसएमई आईपीओ ने भारतीय शेयर बाजार में धूम मचाई। इन एसएमई आईपीओ की एसएमई एक्सचेंज पर जबरदस्त शुरुआत हुई और इन छोटे और मध्यम साइज के कंपनी शेयरों ने बाजार में तेजी से आगे बढ़े और अपने निवेशकों को तगड़ा रिटर्न दिया। ऐसा ही एक आईपीओ है- वासा डेंटिसिटी। वासा डेंटिसिटी के शेयरों ने अपने उन आवंटियों के निवेश को दोगुना कर दिया जो मजबूत लिस्टिंग के बाद भी स्टॉक में निवेशित रहे।

फिनटेक कंपनियों पर बढ़ेगी आरबीआई की सख्ती,

नई दिल्ली। फिनटेक कंपनियों के लिए भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) नियमन लाने पर विचार कर रहा है। आरबीआई के डिप्टी गवर्नर टी रवि शंकर ने इसके संकेत दिए हैं। एक कायक्रम में शंकर ने कहा- आरबीआई फिनटेक क्षेत्र के बदलते माहौल को बारीकी से देख रहा है। इस संबंध में अभी कोई नियमन नहीं है।

जीएसटी में गड़बड़ी करने वालों पर अब ईडी कसेगी शिकंजा, पीएमएलए एक्ट के तहत आएगा जीएसटी नेटवर्क

नई दिल्ली, एजेंसी। सरकार ने जीएसटी में चोरी को लेकर एक बड़ा कदम उठाया है। अब सरकार ने गुड्स एंड सर्विसेट टैक्स नेटवर्क को पीएमएलए के तहत लाने का फैसला किया है, जिसके लिए अधिसूचना जारी की गई है। इसका मतलब है कि अब जीएसटी से जुड़े मामलों में ईडी सीधा दखल दे सकेगी। ईडी जीएसटी चोरी करने वालों फर्म, व्यापारी या संस्था के खिलाफ सीधे कार्रवाई कर सकेगी। इनडायरेक्ट टैक्स और कस्टम टैक्स चोरी को रोकने के लिए सरकार की ओर से एक और कदम उठाया गया है। सरकार की ओर से जारी की गई अधिसूचना के अनुसार, जीएसटी नेटवर्क का डाटा की पूरी सूचना ईडी को दी जाएगी। अधिसूचना पीएमएलए की धारा 66(1) के तहत ईडी और जीएसटीएन के बीच जानकारी साझा करने के संबंध में है।

पीएमएलए को आतंकी फंडिंग और नशे के पदार्थों की तस्करी से निपटने के लिए लाया गया था। जीएसटीएन के तहत बहुत संवेदनशील जानकारी होती है, जिसके तहत जांच में सहायता हो सकती है। एक्सपर्ट ने कहा कि ईडी को इससे जांच में ज्यादा मदद मिल सकेगी। अधिसूचना अब जीएसटीएन और ईडी दोनों के बीच जानकारी या अन्य चीजों को शेयर करने की सुविधा देगी।

मनी लॉन्ड्रिंग को रोकने और इसमें शामिल संपत्ति को जब्त करने के लिए प्रिवेंशन ऑफ मनी लॉन्ड्रिंग कानून को तैयार किया गया था। इसके तहत सरकार गैरकानूनी तरीके से कमाए गए संपत्तियों को जब्त करने का अधिकारी रखती है। साल 2002 में इस कानून को पारित किया गया था।

सक्रिय डीमैट एकाउंट की संख्या 12 करोड़ के पार, पिछले महीने 23.6 लाख नए खाते खुले

नई दिल्ली, एजेंसी। सक्रिय डीमैट खातों की संख्या पहली बार जून में 12 करोड़ के पार निकल गई। देश की दो डिपॉजिटरीज सीडीएसएल और एनएसडीएल ने पिछले महीने कुल मिलाकर 23.6 लाख नए डीमैट खाते जोड़े, जो मई 2022 के बाद का सर्वोच्च आंकड़ा है।

अगस्त में डीमैट खातों की कुल संख्या पहली बार 10 करोड़ के पार निकल गई थी। तब से उद्योग ने हर महीने औसतन 20 लाख नए खाते जोड़े। उद्योग के प्रतिभागियों ने कहा, द्वितीयक बाजारों में तेजी और प्राथमिक बाजारों की ओर आकर्षण ने जून के आंकड़ों को मजबूती दी।

जून में बेंचमार्क सेंसेक्स और निफ्टी ने लगातार चौथे महीने बढ़ोतरी दर्ज की और नई रिकॉर्ड ऊंचाई को छू गया। अक्टूबर 2021 के बाद बेंचमार्क सूचकाकों की यह सबसे लंबी मासिक बढ़त है क्योंकि तब उसने लगातार छह महीने तक बढ़ोतरी दर्ज की थी। जून में निफ्टी में 3.5 फीसदी की उछाल दर्ज हुई जबकि निफ्टी मिडकैप-100 में 5.9 फीसदी, निफ्टी स्मॉलकैप-100 में 6.6 फीसदी का इजाफा हुआ।

इक्विटी नकदी बाजार में रोजाना औसत कारोबार जून में 14 महीने के सर्वोच्च स्तर 67,491 करोड़ रुपये पर पहुंच गया। इस बीच, रोजाना औसत कारोबार डेरिवेटिव बाजार में 259 लाख करोड़ रुपये की नई रिकॉर्ड ऊंचाई पर पहुंच गया और इस तरह से उसमें लगातार आठवें महीने इजाफा हुआ।

जियोजित फाइनैंशियल सर्विसेज के मुख्य निवेश रणनीतिकार वीके विजयकुमार ने कहा, बाजार में तेजी के दौरान नए डीमैट खाते में इजाफा होता है। नए डीमैट खाते खुलने और बाजार के प्रदर्शन के बीच सीधा संबंध है। उन्होंने कहा, मार्च के निचले स्तर से निफ्टी में तीव्र बढ़ोतरी और इस वजह से संपत्ति सृजन की कहानी नए निवेशकों को आकर्षित कर रही है। जब तक बाजार में सुदृढ़ता रहेगी, यह प्रवृत्ति जारी रहेगी।

बाजार ने इसके अलावा करीब आधा दर्जन आईपीओ की पेशकश देखी, जिनमें से कई में निवेशकों ने काफी बोली लगाई। आईकियो लाइटिंग, आइडियाफोर्ज टेक्नोलॉजी और सायंट डीएलएम में खुदरा निवेशकों ने 10-10 लाख से ज्यादा आवेदन जमा कराए। ब्रोकरेज फर्मों के अधिकारियों ने कहा कि कई निवेशकों ने इन आईपीओ के लिए नए ट्रेडिंग खाते व डीमैट खाते खुलवाए।

ब्रोकिंग फर्म फायर्स के सह-संस्थापक व सीईओ तेजस खोडे ने कहा, हाल में आईपीओ को मिली कामयाबी ने भी नए डीमैट खातों में इजाफा किया है। अगर सेंसेक्स व निफ्टी इन स्तरों पर टिकता है या नए सर्वोच्च स्तर पर पहुंचता है तो व्यापक बाजारों में तेजी रहेगी, जिससे इस साल खुदरा भागीदारी में भी इजाफा होगा। नए डीमैट खातों और ट्रेडिंग वॉल्यूम में इजाफा ब्रोकरेज उद्योग के लिए सकारात्मक संकेत हैं, जिसने क्लाइंटों की प्रतिभूतियों तक पहुंच व फंड को लेकर नियामकीय सख्ती के कारण चुनौतीपूर्ण समय का सामना किया है। उद्योग के प्रतिभागियों ने कहा कि छूट व तकनीक से जुड़ाव रखने वाले ब्रोकरों को सबसे ज्यादा फायदा हो सकता है।

स्टॉक ब्रोकरों की उद्योग निकाय एएनएमआई के अध्यक्ष विजय मेहता ने कहा, छोटे ब्रोकर क्लाइंट हासिल कर रहे हैं, लेकिन मेरा मानना है कि ऑनलाइन कंपनियां को इसमें ज्यादा बढ़त हासिल है। अब एनएसई के सक्रिय क्लाइंटों में डिस्काउंट ब्रोकरों की ज्यादा हिस्सेदारी है। उन्होंने कहा, देश में डीमैट खातों में बढ़ोतरी की एक वजह निवेशक जागरूकता अभियान में इजाफा है। यह पारंपरिक से आधुनिक तरीके से ट्रेडिंग की ओर शिफ्ट होने का मामला है। अब हर चीज उंगली पर उपलब्ध है।

जियो फाइनेंशियल का हो रहा डीमर्जर, ईशा अंबानी और राजीव महर्षि को मिली जिम्मेदारी

रिलायंस ग्रुप कर रहा रिलायंस स्ट्रैटेजिक इन्वेस्टमेंट्स का डीमर्जर

नई दिल्ली, एजेंसी। अरबपति मुकेश अंबानी की अगुवाई वाली रिलायंस इंडस्ट्रीज अपनी फाइनेंशिल सर्विसेज कंपनी रिलायंस स्ट्रैटेजिक इन्वेस्टमेंट्स का डीमर्जर कर रही है। कंपनी ने शनिवार को शेयर बाजार को दी गई सूचना में कहा कि कंपनी को अलग करने की प्रभावी तारीख एक जुलाई तय की गई है। वहीं, नई कंपनी के शेयर आवंटित करने के लिए 20 जुलाई की तारीख निर्धारित की गई है। डीमर्जर के पूरे होने के बाद नई कंपनी का नाम जियो फाइनेंशियल सर्विसेज होगा। इस डीमर्जर को पिछले महीने रेगूलेटरी अप्रूवल मिला था। इसके बाद शुक्रवार को बोर्ड की बैठक में रिकॉर्ड डेट तय कर दी गई।

ईशा अंबानी और पूर्व ष्टत्त राजीव महर्षि को इस अलग की गई फाइनेंशियल सर्विसेज कंपनी के डायरेक्टर बोर्ड में शामिल किया गया है। शुक्रवार को हुई बैठक में नए डायरेक्टर्स की नियुक्ति को मंजूरी दी गई। कंपनी ने बताया कि गृह सचिव और सीएजी रह चुके पूर्व नौकरशाह राजीव महर्षि को आरएसआईएल में पांच साल के लिए स्वतंत्र निदेशक नियुक्त किया गया है। इंडियन बैंक्स एसोसिएशन के मुख्य कार्यकारी सुनील मेहता और पीडब्ल्यूसी के साथ काम कर चुके चार्टर्ड अकाउंटेंट बिमल मनु तन्ना को भी स्वतंत्र निदेशक नियुक्त किया गया है। बैंकर हितेश कुमार सेठिया को तीन साल के लिए आरएसआईएल का प्रबंध निदेशक और मुख्य कार्यपालक अधिकारी नियुक्त किया गया है।



एक शेयर के बदले एक शेयर

रिलायंस के प्रत्येक शेयरधारक को मूल कंपनी के एक शेयर पर नई कंपनी का एक शेयर मिलेगा। इस डीमर्जर के लागू होने की तारीख एक जुलाई तय की गई थी। लेकिन नई कंपनी के शेयर अलॉट करने के लिए 20 जुलाई रिकॉर्ड डेट तय की गई है।

क्या करेगी कंपनी : यह कंपनी उपभोक्ताओं और कारोबारियों को संपत्ति के आंकड़ों के विश्लेषण के आधार पर लोन देगी। बाद में यह बीमा, पेमेंट, डिजिटल ब्रोकिंग और एसेट मैनेजमेंट सेवाएं भी देगी। ब्रोकरज फर्म मैक्वेरी के अनुसार जियो फाइनेंशियल सर्विसेज की वैल्यू 1.52 लाख करोड़ रुपये से अधिक होगी। इस तरह यह भारत की पांचवीं सबसे बड़ी फाइनेंशियल सर्विसेज कंपनी बन जाएगी

अडानी ने रेलवे टिकट बुकिंग मंच ट्रेनमैन में 30 प्रतिशत हिस्सेदारी खरीदी

नई दिल्ली, एजेंसी। अडानी समूह की प्रमुख कंपनी अडानी एंटरप्राइजेज ने रेलवे टिकट बुकिंग से जुड़ी कंपनी स्टार्ट एंटरप्राइजेज प्राइवेट लिमिटेड (एसईपीएल) की लगभग 30 प्रतिशत हिस्सेदारी खरीद ली है। एसईपीएल रेलवे टिकट की ऑनलाइन बुकिंग करने वाले मंच ट्रेनमैन की संचालक कंपनी है। एसईपीएल ने वित्त वर्ष 2022-23 में 4.51 करोड़ रुपए का कारोबार किया था। अडानी एंटरप्राइजेज ने पिछले महीने एसईपीएल की समूची हिस्सेदारी खरीदने के लिए समझौता करने की घोषणा की थी।

अडानी एंटरप्राइजेज ने शनिवार को शेयर बाजार को दी गई सूचना में कहा, कंपनी की पूर्ण स्वामित्व वाली अनुषंगी अडानी डिजिटल लैब्स प्राइवेट लिमिटेड ने 3.56 करोड़ रुपये में 29.81 प्रतिशत हिस्सेदारी खरीद ली है। हालांकि अडानी एंटरप्राइजेज ने पिछले महीने एसईपीएल का जिक्र 'ऑनलाइन ट्रेन बुकिंग और सूचना मंच के रूप में किया था लेकिन शनिवार को उसने इसे 'ई-कॉमर्स और वेबसाइट विकास से संबंधित कंपनी बताया। अडानी समूह के रेल टिकट कारोबार से जुड़ने की घोषणा पर पिछले महीने कांग्रेस ने कड़ी प्रतिक्रिया दी थी।

पार्टी महासचिव जयराम रमेश ने कहा था कि अडानी के ट्रेनमैन मंच का अधिग्रहण करने से अंततः भारतीय रेलवे की टिकटिंग इकाई आईआरसीटीसी के अधिग्रहण का रास्ता साफ हो सकता है। भारतीय रेलवे खानपान एवं पर्यटन निगम (आईआरसीटीसी) ने इसका खंडन करते हुए कहा था कि भारतीय रेलवे में रोजाना करीब 14.5 लाख आरक्षित टिकट बुक किए जाते हैं। इनमें से लगभग 81 प्रतिशत टिकटों की बुकिंग ऑनलाइन होती है और आईआरसीटीसी के जरिए ही बुक किए जाते हैं। इस स्थिति में आईआरसीटीसी और ट्रेनमैन जैसे उसके एजेंटों के बीच कोई प्रतिस्पर्धा नहीं है। आईआरसीटीसी की टिकटिंग साझेदार ट्रेनमैन की कुल आरक्षित टिकटों में 0.13 प्रतिशत हिस्सेदारी है।

जैक मा की कंपनी को बड़ा झटका, चीन ने लगाया एक अरब डॉलर का जुर्माना

नई दिल्ली, एजेंसी। कारोबारी जैक मा की कंपनी एंट ग्रुप को चीन ने बड़ा झटका दिया है। उसने कंपनी पर करीब एक अरब डॉलर का जुर्माना लगाया है। जुर्माना लगाने के पीछे की वजह उपभोक्ता सुरक्षा कानून और कार्पोरेट नियमों का उल्लंघन बताया गया है। ये मामले कॉरपोरेट गवर्नेंस, उपभोक्ता की सुरक्षा और मनी लॉन्डरिंग से जुड़ी गड़बड़ियों के हैं। एंट ग्रुप पेमेंट फर्म अली पे का संचालन भी करता है।

मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, चीन सिक्योरिटीज रेगुलेटरी कमीशन, पीपुल्स बैंक ऑफ चाइना और नेशनल फाइनेंशियल रेगुलेटरी एडमिनिस्ट्रेशन ने एक संयुक्त बयान में कहा, एंट ग्रुप ने बैंकिंग और बीमा, भुगतान, मनी लॉन्ड्रिंग और फंड बिक्री में व्यावसायिक गतिविधियों से संबंधित नियमों को तोड़ा है। वहीं, एंट ग्रुप ने जुर्माने की शर्तों का पालन करने की बात कही है। ग्रुप का कहना है कि वह अपने अनुपालन प्रशासन को और बढ़ाएगा।

एंट ग्रुप ई-कॉमर्स दिग्गज अलीबाबा का सहयोगी है, जिसकी स्थापना भी मा ने की है। अलीबाबा के शेयरों में शुक्रवार को तेजी दर्ज की गई। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, कंपनी तीन साल पहले ही जांच के घेरे में आ गई थी, जब रिकॉर्ड तोड़ पेशकश की गई थी। साल 2020 के अंत में कंपनी ने 37 अरब डॉलर का आईपीओ लाने का फैसला टाल दिया था। कहा जा रहा था कि यह इतिहास में सबसे बड़ी शेयर बिक्री बनने की राह पर था।

इसके सामने आने पर देश के निजी उद्यम पर अंकुश लगाने के लिए चीनी सरकार द्वारा एक व्यापक अभियान की शुरुआत की गई थी। उसके बाद से चीन के डोमेस्टिक टेक्नोलॉजी सेक्टर पर दो साल तक सरकार ने शिकंजा कस दिया और एंट को अपने बिजनेस में बदलाव करने पर मजबूर होना पड़ा।

चीनी सेंट्रल बैंक और सिक्योरिटीज रेगुलेटर ने एक बयान में कहा कि टेक दिग्गज कंपनियों में सुधार लाने के अपने कैपेंन में आगे बढ़ रहे हैं और अब उनका ध्यान सामान्य देखरेख की तरफ है। एंट के इस सेक्टर में उभरने को भी देश की वित्तीय स्थिति के लिए चुनौती के तौर पर देखा गया था।

बता दें, अप्रैल 2021 में, एकाधिकारवादी की तरह व्यवहार करने के लिए अलीबाबा पर 2.5 अरब डॉलर का जुर्माना लगाया गया था, जो चीन के लिए एक रिकॉर्ड है। पीपुल्स बैंक ऑफ चाइना में कम्युनिस्ट पार्टी के बॉस गुओ शूकिंग ने जनवरी में बताया कि सरकार की कार्रवाई अनिवार्य रूप से खत्म हो गई है क्योंकि उन्हें आर्थिक विकास, नौकरियों और विदेशों में चीन की प्रतिस्पर्धात्मकता को बढ़ावा देने की उम्मीद है।

टॉप 6 कंपनियों का मार्केट कैप 1.19 लाख करोड़ बढ़ा, रिलायंस और आईटीसी को हुआ सबसे अधिक लाभ

नई दिल्ली, एजेंसी। सेंसेक्स की शीर्ष 10 में से छह कंपनियों के बाजार पूंजीकरण (मार्केट कैप) में बीते सप्ताह 1,19,763.25 करोड़ रुपए की बढ़ोतरी हुई। सबसे अधिक लाभ में रिलायंस इंडस्ट्रीज और आईटीसी रहीं। बीते सप्ताह बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 561.89 अंक या 0.86 प्रतिशत की बढ़त में रहा। सात जुलाई को सेंसेक्स ने 65,898.98 अंक के अपने सर्वकालिक उच्चस्तर को छुआ।

समीक्षाधीन सप्ताह में रिलायंस इंडस्ट्रीज का बाजार पूंजीकरण 57,338.56 करोड़ रुपए बढ़कर 17,83,043.16 करोड़ रुपए पर पहुंच गया। सबसे अधिक लाभ में रिलायंस इंडस्ट्रीज ही रही। आईटीसी का बाजार मूल्यांकन 21,291.04 करोड़ रुपए के उछाल के साथ 5,82,602.46 करोड़ रुपए पर पहुंच गया। भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) की बाजार हैसियत 18,697.06 करोड़ रुपए की बढ़ोतरी के साथ 5,29,898.83 करोड़ रुपए और टाटा कंसल्टेंसी सर्विसज (टीसीएस) की 9,220.81 करोड़ रुपए के उछाल के साथ 12,16,890.72 करोड़ रुपए रही। आईसीआईसीआई बैंक की बाजार हैसियत 8,998.26 करोड़ रुपए की बढ़ोतरी के साथ 6,62,702.30 करोड़ रुपए पर पहुंच गई। हिंदुस्तान यूनिलीवर ने सप्ताह के दौरान 4,217.52 करोड़ रुपए जोड़े और उसकी बाजार हैसियत बढ़कर 6,33,532.04 करोड़ रुपए पर पहुंच गई। इस रुख के उलट एचडीएफसी बैंक का बाजार पूंजीकरण 22,926.37 करोड़ रुपए घटकर 9,28,657.99 करोड़ रुपए रह गया। एचडीएफसी के मूल्यांकन में 9,782.7 करोड़ रुपए की गिरावट आई और यह 5,12,585.94 करोड़ रुपए पर आ गया।

किसानों की कमाई में जीरे की छौंक, कम खेती से कीमत 150 प्रतिशत तक बढ़ी

नई दिल्ली, एजेंसी। पाटन के मेहराम भाई के पास 6 एकड़ जमीन है, लेकिन खेती के लिए अपना ट्रैक्टर नहीं था। अपना ट्रैक्टर खरीदना मेहराम भाई का बहुत पुराना सपना था। पैसों की कमी की वजह से वह अपना यह सपना पूरा नहीं कर पा रहे थे और किराए के ट्रैक्टर से खेती करते थे। इस साल जीरे की फसल में मेहराम भाई को जबरदस्त मुनाफा हुआ है और वह ट्रैक्टर खरीदने के लिए पैसे जुटा चुके हैं।

दरअसल, मेहराम भाई ने अपने खेत में लगभग 27 क्विंटल जीरा की खेती की और लगभग 32,000 प्रति क्विंटल की दर पर इसकी बिक्री की। इस तरह, 27 क्विंटल जीरा को बेचकर उन्होंने करीब 8.65 लाख कमा लिए हैं। मेहराम कहते हैं, मैं बहुत खुश हूं क्योंकि मेरे पास ट्रैक्टर खरीदने के लिए पैसे हो गए हैं। अब मैं अपना कई साल पुराना सपना साकार कर सकूंगा। पिछले कुछ समय से जीरा की कीमतों में जबरदस्त इजाफा हुआ है। पिछले साल से तुलना करें तो जीरा की कीमतें 150 प्रतिशत से अधिक बढ़ गई है। पिछले साल इसी समय जीरा की कीमत 19,000-21,000 प्रति क्विंटल थी। इस साल वर्तमान में कीमत लगभग 32,000-33,000 प्रति क्विंटल है। बता दें कि आमतौर पर फरवरी-मार्च में यह रबी फसल काटी जाती है। इसके बाद बिक्री की प्रक्रि या शुरू होती है। इस साल जीरा की बढ़ती कीमतों ने किसानों को चौंकाया है। आर्थिक रूप से कमजोर जीरा उत्पादकों ने पैसे कमाने के लिए अपनी फसल बेच दी, लेकिन जो किसान संपन्न थे और उन्हें जीरे के बुनियादी सिद्धांतों की समझ थी, उन्होंने अपनी फसल को कुछ और समय के लिए रोके रखा।

शराब कंपनी की बिक्री में जबरदस्त उछाल, 8 महीने पहले आया था आईपीओ

नई दिल्ली, एजेंसी। देश की सबसे बड़ी शराब उत्पादक कंपनी सुला वाइनयार्ड्स लिमिटेड ने कहा है कि चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही में उसकी बिक्री दहाई अंक में बढ़ी है। सुला वाइनयार्ड्स ने अपने तिमाही बिक्री आंकड़े जारी करते हुए कहा कि अप्रैल-जून तिमाही में सालाना आधार पर उसका अनुमानित शुद्ध राजस्व 17 प्रतिशत बढ़ गया। कंपनी के अपने ब्रांड की बिक्री 24 प्रतिशत बढ़कर 103.5 करोड़ रुपये रही, जबकि आयातित विशिष्ट और प्रीमियम ब्रांड के कैटेगरी की बिक्री 30 प्रतिशत बढ़ी। सुला वाइनयार्ड्स के मुताबिक कंपनी ने समग्र रूप से अपने ब्रांड, वाइन पर्यटन व्यवसाय के लिए पहली तिमाही में अब तक का सर्वाधिक राजस्व दर्ज किया है। वाइन पर्यटन से राजस्व 11 प्रतिशत वृद्धि के साथ 11.4 करोड़ रुपये रहा। सुला के मुख्य कार्यपालक अधिकारी राजीव सामंत ने कहा कि प्रीमियम उत्पादों पर ध्यान देना लगातार फायदेमंद साबित हो रहा है। हमारी विशिष्ट और प्रीमियम वाइन ग्रोथ के मामले में अग्रणी हैं। बता दें कि दिसंबर 2022 में सुला वाइनयार्ड्स की शेयर बाजार में लिस्टिंग हुई थी। इससे पहले कंपनी ने आईपीओ लॉन्च किया था। इस आईपीओ के लिए इश्यू प्राइस 340 से 357 रुपये प्रति शेयर के बीच तय किया गया था। बता दें कि पिछले शु वार को कंपनी का शेयर भाव 444.90 रुपये पर था। एक दिन पहले के मुकाबले शेयर में 0.92 प्रतिशत की गिरावट रही। शेयर के ऑल टाइम हाई की बात करें तो 489.60 रुपये है। यह स्तर इसी साल जून महीने में टच किया है।

अगले हफ्ते कैसा रहेगा शेयर बाजार का हाल मार्केट में आएगी और तेजी या गिरावट

नई दिल्ली, एजेंसी। शेयर बाजारों की दिशा इस सप्ताह सूचना प्रौद्योगिकी क्षेत्र की प्रमुख कंपनियों टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज तथा विप्रो के तिमाही नतीजों के साथ घरेलू मुद्रास्फीति और औद्योगिक उत्पादन के आंकड़ों से तय होगी। विश्लेषकों ने यह राय जताई है।

उनका कहना है कि इसके अलावा वैश्विक कारक और विदेशी निवेशकों की गतिविधियां भी बाजार की दृष्टि से महत्वपूर्ण रहेंगी। स्वस्तिका इन्वेस्टमार्ट के शोध प्रमुख संतोष मीणा ने कहा, अब पहली तिमाही के नतीजों का सीजन शुरू हो रहा है। इस सप्ताह एचसीएल टेक, टीसीएस और विप्रो अपने तिमाही परिणाम घोषित करेंगी। इसके अलावा 12 जुलाई को मुद्रास्फीति और आईआईपी के आंकड़े भी आने हैं। साथ ही निवेशकों की निगाह अमेरिका के वृहद आर्थिक आंकड़ों तथा कच्चे तेल की कीमतों पर रहेगी। साथ ही निवेशक शु वार को आने वाले जून के थोक मूल्य सूचकांक आधारित मुद्रास्फीति के आंकड़ों पर भी नजर रखेंगे। सप्ताह के दौरान फेडरल बैंक, बंधन बैंक और जेएसडब्ल्यू एनर्जी भी अपने जून तिमाही के नतीजों की घोषणा करेंगी। मोतीलाल ओसवाल फाइनेंशियल सर्विसेज लिमिटेड के खुदरा शोध प्रमुख सिद्धार्थ खेमका ने कहा, चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही के नतीजों की वजह से इस सप्ताह शेयर आधारित गतिविधियां देखने को मिलेंगी। खेमका ने कहा कि टीसीएस और एचसीएल टेक के तिमाही नतीजे बुधवार को आएंगे। उसके बाद बृहस्पतिवार को विप्रो जून तिमाही के नतीजों की घोषणा करेगी। ऐसे में प्रौद्योगिकी क्षेत्र पर सभी की निगाह रहेगी। मास्टर कैपिटल सर्विसेज वरिष्ठ उपाध्यक्ष अरविंदर सिंह नंदा ने कहा, वैश्विक और घरेलू संकेतक, भारत के मुद्रास्फीति और आईआईपी के आंकड़े, विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) और घरेलू संस्थागत निवेशकों (डीआईआई) का रुख आगामी दिनों में बाजार की दिशा तय करेगा। बीते सप्ताह बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 561.89 अंक या 0.86 प्रतिशत के लाभ में रहा। सात जुलाई को सेंसेक्स दिन में कारोबार के दौरान 65,898.98 अंक के अपने सर्वकालिक उच्चस्तर पर पहुंचा। बीएसई की सूचीबद्ध कंपनियों का बाजार पूंजीकरण बृहस्पतिवार को 301.70 लाख करोड़ रुपये के अपने उच्चतम स्तर पर पहुंच गया।

कनाडा ओपन सुपर-सेन फाइनल में पहुँचे

सिंधू सेमीफाइनल में यामागुची से हारीं

कालगैरी (एजेंसी)। राष्ट्रमंडल खेलों के चैम्पियन लक्ष्य सेन ने यहां जापान के केंटा निशिमोटो पर सीधे गेम में जीत दर्ज कर कनाडा ओपन सुपर 500 बैडमिंटन टूर्नामेंट के फाइनल में प्रवेश किया। सेन ने जापान के 11वीं रैंकिंग के खिलाड़ी को 21-17 21-14 से हराकर अपने दूसरे सुपर 500 फाइनल में जगह बनाई। यह एक साल में उनका पहला बीडब्ल्यूएफ फाइनल भी होगा। सत्र के शुरु में सेन फॉर्म में नहीं थे जिससे रैंकिंग में 19वें नंबर पर खिसक गए। 2021 विश्व चैम्पियनशिप में इस 21 साल के खिलाड़ी ने कांस्य पदक जीता था। अब रविवार को फाइनल में उनका सामना चीन के लि शि फेंग से होगा जिनके खिलाफ उनका जीत का रिकॉर्ड 4-2 का है। सेन ने कहा, 'काफी खराब शुरुआत हुई, मैं शटल पर अच्छी तरह नियंत्रण नहीं बना पाया। जैसे ही मैं लय में आय तो बेहतर होता गया। 'परफेक्ट नेटप्ले' अहम रहा और हम दोनों ऐसा ही करने की कोशिश कर रहे थे। उन्होंने कहा, 'आखिर में मैंने नेट पर नियंत्रण बना लिया और स्मैश भी अच्छे रहे। तकनीकी रूप से काफी अच्छा मैच खेला। मैं अपने प्रदर्शन से खुश हूं। वहीं दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधू अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन नहीं कर सकीं और महिला एकल के सेमीफाइनल में जापान की नंबर एक खिलाड़ी अकाने यामागुची से 14-21 15-21 से हार गईं। रैंकिंग में छठे स्थान पर रह चुके सेन ने पिछला फाइनल पिछले साल अगस्त में राष्ट्रमंडल खेलों में खेला था। वह यहां सेमीफाइनल के शुरु में 0-4 से पिछड़ रहे थे लेकिन जल्द ही उन्होंने 8-8 से बराबरी हासिल की।

प्रियांश कम्पांउड तीरंदाजी में विश्व अंडर-21 चैम्पियन बने

लिमेरिक (आयरलैंड) (एजेंसी)। भारतीय तीरंदाज प्रियांश यहां चल रही विश्व तीरंदाजी युवा चैम्पियनशिप में स्वर्ण पदक जीतने में सफल रहे जिससे देश के पदकों की संख्या 9 हो गई। प्रियांश को एकतरफा पुरुष अंडर-21 व्यक्तिगत फाइनल में स्लोवेनिया के अलजाज ब्रेंक को 147-141 से हराकर अंडर-21 विश्व चैम्पियन बने।

इससे पहले उभरती हुई तीरंदाज अदिति स्वामी अमेरिका की लिएन ड्रेक को हराकर अंडर-18 महिला विश्व चैम्पियन बनीं। पिछले महीने विश्व कप में अंडर-18 कम्पाउंड महिला क्वालीफाइंग रिकॉर्ड बनाने वाली अदिति ने इसी लय को जारी रखते हुए यहां चल रही युवा विश्व चैम्पियनशिप के फाइनल में लिएन को 142-136 से पराजित किया।

भारत-वेस्टइंडीज-रिंकू-रुतुराज को टी20 टीम में जगह ना मिलने पर बोले गांगुली

'किसी को तो चूकना ही होगा'

नईदिल्ली (एजेंसी)। टी20 विश्व कप के पिछले संस्करण में अच्छा प्रदर्शन करने में असफल रहने के बाद यह खबर आई थी कि चयनकर्ता युवा क्रिकेटरों को अधिक मौके दे सकते हैं और विराट कोहली, रोहित शर्मा और यहां तक कि केएल राहुल जैसे खिलाड़ियों को योजना से बाहर रख सकते हैं। वेस्टइंडीज के खिलाफ पांच मैचों की टी20आई श्रृंखला के लिए अपेक्षाकृत युवा टीम का चयन हुआ है। पूर्व बोर्ड अध्यक्ष सौरव गांगुली के अनुसार विराट और रोहित दोनों को योजना का हिस्सा होना चाहिए क्योंकि दोनों ने सबसे छोटे प्रारूप में अच्छा प्रदर्शन किया है। उन्होंने कहा, अपने सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुनें; इससे कोई फर्क नहीं पड़ता कि वे कौन हैं। मेरी राय में विराट कोहली और रोहित शर्मा दोनों के पास अभी भी टी20आई क्रिकेट में जगह है और मैं समझ नहीं पा रहा हूं कि कोहली या रोहित टी20आई क्रिकेट क्यों नहीं खेल सकते। कोहली आईपीएल में शानदार फॉर्म में थे और अगर आप मुझसे पूछें तो दोनों की टी20 क्रिकेट में जगह है। इंडियन प्रीमियर लीग में शानदार सीज़न के बाद रिंकू सिंह, रुतुराज गायकवाड़ और जितेश शर्मा के पांच मैचों की श्रृंखला के लिए वेस्टइंडीज की यात्रा करने की उम्मीद थी। हालांकि 15 सदस्यीय टीम में कोई भी जगह नहीं बना सके। गांगुली ने कहा, उन्हें बस खेलना जारी रखना है। उन्हें जो भी मौका मिले उसमें प्रदर्शन करते रहना होगा। ऐसा हमेशा होता है। टीम में केवल 15 को चुना जा सकता है और 11 खेल सकते हैं। तो, किसी को तो चूकना ही होगा। मुझे पूरा यकीन है कि उनका समय आएगा।

पाकिस्तान ने फिर खड़े किए हाथ, भारत आने के लिए बीसीसीआई के सामने रखी शर्त

करांची (एजेंसी)। भारत अक्तूबर में आईसीसी वनडे विश्व कप की मेजबानी करेगा, लेकिन इससे पहले एशिया कप होगा। वनडे विश्व कप के लिए पाकिस्तान की टीम का शेड्यूल भी जारी हो चुका है। यह तय है कि पाकिस्तान की टीम को भारत आना पड़ेगा, लेकिन उन्होंने एक बार फिर हाथ खड़े करते हुए बीसीसीआई के सामने एक शर्त रखी है। दरअसल, पाकिस्तान के खेल मंत्री एहसान मजारी ने भारत में होने वाले आगामी 2023 विश्व कप में मेन इन ग्रीन की भागीदारी के लिए कुछ मजबूत शर्तें रखी हैं। मजारी का मानना है कि यह दोनों तरीकों से काम करता है क्योंकि अगर बीसीसीआई एशिया कप के लिए अपनी टीम पाकिस्तान नहीं भेजता है तो वे 2023 विश्व कप के लिए अपनी मर्जी के अनुसार स्टेडियमों की मांग कर सकते हैं।

पृथ्वी ने कहा पुजारा सर मेरी तरह बल्लेबाजी नहीं कर सकते

नईदिल्ली (एजेंसी)। अपने करियर की शानदार शुरुआत के बाद पृथ्वी शॉ अब भारतीय टीम में निचले क्रम पर खिसक गए हैं, लेकिन मुंबई के इस युवा खिलाड़ी ने शनिवार को कहा कि वह रन बनाने और राष्ट्रीय टीम में अपनी जगह वापस हासिल करने के लिए अपने स्वाभाविक 'आक्रामक' खेल पर भरोसा कर रहे हैं। शॉ आखिरी बार भारत के लिए जुलाई 2021 में कोलंबो में श्रीलंका के खिलाफ टी20ढ्ढ मैच में दिखाई दिए थे।

पृथ्वी शॉ ने कहा, व्यक्तिगत रूप से मुझे लगता है कि मुझे अपना खेल बदलने की जरूरत नहीं है, लेकिन मैं जितना हूं उससे थोड़ा अधिक स्मार्ट हूं। मैं पुजारा सर की तरह बल्लेबाजी नहीं कर सकता। बल्लेबाज या पुजारा सर मेरी तरह बल्लेबाजी नहीं कर

सकते। अलूर में सेंट्रल जोन के खिलाफ वेस्ट जोन के दलीप ट्रॉफी सेमीफाइनल के बाद शॉ ने कहा,तो, मैं जो करने की कोशिश कर रहा हूं वह वे चीजें हैं जो मुझे यहां तक लेकर आई हैं, उदाहरण के लिए, आक्रामक बल्लेबाजी, मैं इसे बदलना पसंद नहीं करता। शॉ ने कहा कि वह अपने करियर के इस चरण में अधिक से अधिक मैच खेलना चाह रहे हैं। 23 वर्षीय खिलाड़ी ने कहा कि वापसी के प्रयास में प्रत्येक रन उनके लिए बहुत महत्वपूर्ण होगा। शॉ ने कहा, मुझे लगता है कि इस समय मेरे लिए जो भी खेल है वह उतना ही महत्वपूर्ण है। भले ही मैं दलीप ट्रॉफी या अपना मुंबई मैच खेल रहा हूं, मुझे लगता है कि मेरे लिए अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना बहुत महत्वपूर्ण है।

शॉ दलीप ट्रॉफी सेमीफाइनल में बड़ी पारी खेलना पसंद करते, लेकिन वह अपनी 25 और 26 रन की पारी को प्रभावशाली पारियों में नहीं बदल सके। शॉ ने स्वीकार किया कि बल्लेबाजों के लिए परिस्थितियां थोड़ी कठिन थीं लेकिन उन्होंने रन बनाने की योजना बनाई। शॉ ने कहा, ऐसा नहीं है कि आप हमेशा परफेक्ट हो सकते हैं, लेकिन इस तरह की चीजें होने (रन नहीं बनने) के बाद मैं और अधिक मेहनत करने की कोशिश करता हूं। टी20 थोड़ा अधिक स्लैशिंग है, लेकिन एक समान मानसिकता है।

एशियाई कप से पहले स्टिमक ने चार हफ्ते के शिविर की मांग की, कप्तान सुनील छेत्री ने किया समर्थन

नई दिल्ली (एजेंसी)। भारतीय फुटबॉल कप्तान सुनील छेत्री ने रविवार को मुख्य कोच इगोर स्टिमक की अगले साल एशियाई कप से पहले कम से कम चार हफ्ते लंबे शिविर की मांग का समर्थन करते हुए कहा कि टीम को महाद्वीप में सर्वश्रेष्ठ टीमों से भिड़ने की तैयारी के लिये काफी समय की जरूरत है।

छेत्री (38 वर्ष) दोहा में (12 जनवरी से 10 फरवरी तक) अपना अंतिम एशियाई कप खेलेंगे और उन्होंने साथ ही इस महाद्वीपीय टूर्नामेंट से पहले एशिया में शीर्ष सात रैंकिंग पर काबिज टीम जैसे ईरान, जापान या सऊदी अरब के खिलाफ कम से कम एक अंतरराष्ट्रीय मैत्री मैच कराने की भी वकालत की। छेत्री ने मीडिया से वर्चुअल बातचीत में कहा, ''हम एशियाई कप (ग्रुप मैच) में आस्ट्रेलिया, उज्बेकिस्तान और सीरिया से भिड़ने जा रहे हैं, इसलिये स्टिमक (और गोलकीपर गुरप्रीत सिंह संधू) ने लंबे शिविर लगाने की बात कही। हमें इसकी

जरूरत है और मुझे उम्मीद है कि हमें ये मिलेंगे।

उन्होंने पिछले दो टूर्नामेंट में टीम की सफलता के लिए 50 से ज्यादा दिन के लंबे शिविर को श्रेय देते हुए कहा, 'जब आप राष्ट्रीय शिविर में जाते हो तो उसमें खिलाड़ियों को चोट भी होती हैं और वे अपने संबंधित क्लब से अलग मानसिक स्तर के साथ आते हैं। आपको इन सभी चीजों को देखना होता है और ये सब करने के लिए आपको और अधिक समय की जरूरत होती है।

भारत ने मणिपुर में 22 से 28 मार्च तक त्रिकोणीय अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंट जीतने के बाद नौ से 18 जून तक भुवनेश्वर में इंटरकांटिनेंटल कप और 21 जून से चार जुलाई तक बेंगलुरु में सैफ चैम्पियनशिप जीती। खिलाड़ी मई के मध्य से सैफ चैम्पियनशिप तक राष्ट्रीय शिविर में रहे थे। स्टिमक ने कहा था कि उन्हें एशियाई कप में अच्छा प्रदर्शन करने के लिए कम से कम चार हफ्ते का शिविर चाहिए होगा जबकि अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) के शीर्ष अधिकारियों ने संकेत दिया था कि उनकी मांग पूरी करना मुश्किल होगा क्योंकि क्लब अपने खिलाड़ियों को घरेलू सत्र के बीच में इतने लंबे समय के लिए रिलीज करने के लिये शायद राजी नहीं होंगे।

इस करिश्माई स्ट्राइकर ने कहा, 'पर अंत में हमें राष्ट्रीय शिविर के लिए कितने दिन मिलेंगे, यह हितधारकों के बीच बातचीत पर निर्भर करेगा लेकिन मुझे ज्यादा से ज्यादा दिन मिलने की उम्मीद है। सैफ चैम्पियनशिप में बतौर शीर्ष स्कोरर 'मोस्ट वैल्यूएबल प्लेयर चुने गये छेत्री ने यह भी कहा कि टीम को एशियाई कप से पहले महाद्वीप में शीर्ष छह या सात रैंकिंग पर काबिज एक देश से कम से कम एक अंतरराष्ट्रीय मैच खेलने की जरूरत है। उन्होंने कहा, 'अगर हमें एशियाई कप से पहले कम से कम दो या तीन महत्वपूर्ण अंतरराष्ट्रीय मैत्री मैच मिल जाएं जो एशिया में शीर्ष छह या सात रैंकिंग पर काबिज एक देश के खिलाफ हों तो इससे हमें खुद की तैयारी के बारे में ज्यादा अच्छी तरह पता चल जायेगा और इससे हम अच्छी तरह तैयार हो पाएंगे। छेत्री ने कहा, 'अगर मैं नाम दूं तो ये देश ईरान, जापान या सऊदी अरब हो सकते हैं। अगर हम जापान, ईरान या दक्षिण कोरिया के खिलाफ नहीं खेलेंगे तो हमें आस्ट्रेलिया (एशियाई कप में भारत की मजबूत प्रतिद्वंद्वी) के स्तर का पता नहीं चल पाएगा।

उन्होंने साथ ही कहा, 'शीर्ष टीमों के खिलाफ इतने बड़े मैचों की तैयारी के लिए हमें चार हफ्तों का शिविर चाहिए। अगर हमें राष्ट्रीय शिविर में पांच दिन मिलते हैं तो हम इन बड़े मुकाबलों के लिए तैयार नहीं होंगे। एशियाई कप में ऑस्ट्रेलिया का सामना करने के लिए हमें कम से कम आईएसएल (इंडियन सुपर लीग) से दो स्तर ऊपर होना चाहिए और इसकी तैयारी के लिए हमें लंबा समय चाहिए।

टी-20 हरमनप्रीत ने लगाया अर्धशतक भारत ने बांग्लादेश को 7 विकेट से हराया

नईदिल्ली (एजेंसी)। भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने पहले टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच में बांग्लादेश को 7 विकेट से हरा दिया। कप्तान हरमनप्रीत सिंह ने 35 गेंदों में नाबाद 54 रनों की पारी खेल टीम को जीत दिलाने का काम किया। स्मृति मंधाना ने 38 रनों की पारी खेली।

इससे पहले भारतीय स्पिनरों ने बांग्लादेश को पांच विकेट पर 114 रन ही बनाने दिये। अनुभवी दीप्ति शर्मा (चार ओवर में 14 रन) की अगुआई वाले स्पिन आक्रमण ने कप्तान हरमनप्रीत कौर की योजना को बहुत अच्छी तरह मैदान पर उतारा। स्पिन विभाग में अनुषा बारेड्डी (चार ओवर में 24 रन) और मीनू मणी (तीन ओवर में 21 रन देकर एक विकेट) ने उनका बखूबी साथ निभाया। बांग्लादेश की शीर्ष स्कोरर सोर्ना अख्तर (28 गेंद में 28 रन) द्वारा लगाया गया एक छक्का छोड़ दें तो लेग स्पिनर शेफाली वर्मा (तीन ओवर में 18 रन देकर एक विकेट) ने भी

अच्छी गेंदबाजी की। बांग्लादेश की बल्लेबाजों को भारतीय गेंदबाजों की रणनीति से काफी मुश्किल हुई। डेब्यू कर रही मणी ने अपना पहला विकेट शमीमा सुल्ताना (17 रन) के रूप में लिया जो स्वीप शॉट खेलने के प्रयास में जेमिमा रोड्रिग्स को स्क्वायर लेग पर कैच दे बैठीं। पूजा वस्त्राकर ने फिर शाथी रानी (22 रन) को शार्ट गेंद से आउट किया।

भारतीय गोलकीपरों के लिए शिविर आयोजित करेंगे नीदरलैंड के गोलकीपिंग कोच वान डि पोल

नई दिल्ली (एजेंसी)। नीदरलैंड के गोलकीपिंग कोच डेनिस वान डि पोल चीन के हांगझोउ में सितंबर में होने वाले एशियाई खेलों से पहले भारतीय पुरुष हॉकी टीम के गोलकीपरों के लिए बेंगलुरु में दो विशेष शिविर लगायेंगे।

भारतीय टीम के साथ वान डि पोल का पहला शिविर 13 से 19 जुलाई तक होगा जबकि वह सात से 14 सितंबर तक एक हफ्ते तक चलने वाले एक अन्य शिविर के लिए फिर भारत आयेंगे। भारतीय पुरुष हॉकी टीम बेंगलुरु के भारतीय खेल प्राधिकरण (साइ) में मुख्य कोच क्रेग फुल्टन की देखरेख में एक हफ्ते तक लगने वाले शिविर के दौरान विशेष सत्रों में हिस्सा लेगी। पीआर श्रीजेश, कृष्ण पाठक, सूरज करकेरा, प्रशांत कुमार चौहान और पवन मलिक शिविर में हिस्सा लेंगे।

ट्रैविस हेड ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में पूरे किए 5,000 रन, यह है सबसे सफल प्रारूप

लीड्स (एजेंसी)। ऑस्ट्रेलियाई मध्यक्रम बल्लेबाज ट्रैविस हेड ने शनिवार को 5,000 अंतरराष्ट्रीय रन पूरे कर लिए हैं। हेड ने हेडिंग्ले में इंग्लैंड के खिलाफ ऑस्ट्रेलिया के तीसरे एशेज टेस्ट के दौरान यह उपलब्धि हासिल की। पहली पारी में हेड ने 74 गेंदों में 39 रन की पारी खेली और मिशेल मार्श के साथ 155 रन की साझेदारी कर ऑस्ट्रेलिया की पारी को संभाला। दूसरी पारी में हेड ने एक बार फिर मुश्किल में फंसी अपनी टीम की मदद की और 112 गेंदों में सात चौकों और तीन छक्कों की मदद से 77 रन की पारी खेली और अपनी टीम की दूसरी पारी में बढ़त 250 रन तक पहुंचा दी।

अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में 111 मैचों में हेड ने 42.20 की औसत से 5,065 रन बनाए हैं। उनका स्ट्राइक रेट 76.55 का है। उन्होंने 132 पारियों में 9 शतक और 30

अर्द्धशतक भी बनाए हैं जिसमें उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर 175 रहा है। बाएं हाथ के बल्लेबाज का सबसे सफल प्रारूप टेस्ट है। उन्होंने 40 टेस्ट मैचों में 46.80 की औसत और 64.08 की स्ट्राइक रेट से 2,808 रन बनाए हैं। उनके नाम 65 पारियों में छह शतक और 16 अर्धशतक हैं, जिसमें उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर 175 है।

2021 से टेस्ट क्रिकेट में ट्रैविस हेड

2021 में - 248 रन, 62 एवेन्यू, 86.7 स्ट्राइक रेट
2022 में - 655 रन, 55.4 एवे, 80.8 स्ट्राइक रेट
2023 में - 752 रन, 53.7 एवे, 78.01 स्ट्राइक रेट

उन्होंने ऑस्ट्रेलिया के लिए 54 वनडे मैचों में भी हिस्सा लिया है। उन्होंने 51 पारियों में 40.68 की औसत और 96.81 की स्ट्राइक रेट से 1,912 रन बनाए हैं। हेड ने इस प्रारूप में तीन शतक और 14 अर्धशतक बनाए हैं जिसमें उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर 152 है। हेड ने ऑस्ट्रेलिया के लिए 17 टी20 मैच भी खेले हैं जिसमें उन्होंने 26.53 की औसत से 345 रन बनाए हैं। इस फॉर्मेट में उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर 48* है और उनका स्ट्राइक रेट 133.20 है। यह बल्लेबाज 2023 में शानदार फॉर्म में है। इस साल 11 अंतरराष्ट्रीय मैचों में उन्होंने 52.56 की औसत से 841 रन बनाए हैं। उन्होंने 18 पारियों में एक शतक और छह अर्द्धशतक बनाए हैं जिसमें उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर 163 रहा है।

संक्षिप्त समाचार

दिल्ली में एक बार फिर चाकूबाजी, दो लोगों ने मिलकर युवक को गोदा; दर्दनाक मौत

नई दिल्ली, एजेंसी। राजधानी दिल्ली में चाकूबाजी का एक नया केस सामने आया है। पुलिस ने बताया कि एक युवक की चाकू मारकर हत्या करने के आरोप में दो लोगों को गिरफ्तार किया गया है। यह उत्तरी दिल्ली के सराय रोहिल्ला इलाके की घटना है। आरोपियों की पहचान शास्त्री नगर निवासी अभिषेक उर्फ डांसर (21) और सुनीत (18) के रूप में हुई है। डांसर और सुनीत ने मिलकर एक युवक की हत्या कर दी। पुलिस के एक अधिकारी ने बताया, बुधवार की रात करीब 10 बजे कमल (23) नाम के एक युवक पर आरोपियों ने अटैक कर दिया। अभिषेक और सुनीत ने चाकू मारकर कमल की हत्या कर दी। हत्या करने के बाद दोनों आरोपी मौके से फरार हो गए। आनन-फानन में कमल को हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया। वहां कमल ने दम तोड़ दिया। पुलिस उपायुक्त (उत्तर) सागर सिंह कलसी ने बताया कि दोनों आरोपियों को शुक्रवार को गिरफ्तार कर लिया गया। पूछताछ के दौरान पुलिस को यह पता चला कि आरोपियों ने मामूली बात के लिए कमल की हत्या कर दी। आरोपियों ने बताया कि दो-तीन महीने पहले कमल ने अभिषेक को अपमानित किया था। अपमान का बदला लेने के लिए अभिषेक ने सुनीत के साथ मिलकर कमल की हत्या करने की प्लान बनाई। पुलिस ने दोनों को गिरफ्तार कर लिया है।

गोवा में लड़कियों को वेश्यावृत्ति में धकेलने के आरोप में 2 गिरफ्तार

पणजी, एजेंसी। गोवा पुलिस ने शनिवार को तटीय राज्य में वेश्यावृत्ति के धंधे के सिलसिले में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया। कैलंगुट पुलिस ने बताया कि आरोपियों को पीड़ित लड़कियों को वेश्यावृत्ति के धंधे में धकेलने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने उनकी पहचान हैदराबाद के मोहम्मद शकील अहमद और मंजी सिंह के रूप में की है, जो पीड़ितों के साथ गोवा गए थे। पुलिस ने बताया कि मुख्य आरोपी अपनी पत?नी और पांच साल के बेटे के साथ पिछले डेढ़ साल से गोवा में रह रहा है। पुलिस ने कहा, उसने पंजाब से भुट्टा नाम के अपने दोस्त के जरिए लड़कियां खरीदी थीं।इससे पहले 6 जुलाई को पुलिस ने उत्तरी गोवा के वागाटोर से चार पीड़ित लड़कियों को बचाया था, जिन्हें वेश्यावृत्ति के धंधे में धकेल दिया गया था।पुलिस मामले की आगे की जांच कर रही है।

नव नियुक्त भाजपा प्रदेशाध्यक्ष सुनील जाखड़ की ताजपोशी 11 जुलाई को

चंडीगढ़, एजेंसी। भाजपा पंजाब के नव नियुक्त प्रदेशाध्यक्ष सुनील जाखड़ का ताजपोशी समारोह 11 जुलाई, 2023 को सुबह 11ः00 बजे पंजाब भाजपा कार्यालय सेक्टर 37ए चंडीगढ़ में किया जाएगा। पंजाब भाजपा के प्रदेश मीडिया संयुक्त सचिव हरदेव सिंह उभ्भा ने बताया कि इस प्रोग्राम में विजय रूपाणी, प्रभारी भाजपा पंजाब एवं पूर्व मुख्यमंत्री (गुजरात) नरेंद्र सिंह रैना, राष्ट्रीय सचिव एवं सह-प्रभारी भाजपा पंजाब सोम प्रकाश, राज्यमंत्री, भारत सरकार और पंजाब भाजपा का पूरा नेतृत्व उपस्थित रहेगा। उन्होने बताया कि नव नियुक्त प्रदेशाध्यक्ष के ताजपोशी समागम को लेकर भाजपा कार्यकर्ताओं में भारी उत्साह और गर्मजोशी है और इस आयोजन का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं।

हिमाचल में बारिश का कहर, ठियोग में मकान के मलबे में दबकर तीन मरे

शिमला, एजेंसी। जिले के ठियोग विधानसभा क्षेत्र के मधावनी पंचायत के पनेवली गांव में एक परिवार के तीन लोगों की मकान में दबकर मौत हो गई। स्थानीय विधायक कुलदीप राठौर ने इस घटना पर गहरा दुख जताया है। अपने शोक संदेश में उन्होंने कहा कि तीन लोगों की मृत्यु होने का दुखद समाचार प्राप्त हुआ। प्रभु दिवंगत आत्माओं को मोक्ष प्रदान करें व परिवारजनों को इस दुःख को सहने की शक्ति प्रदान करें। उल्लेखनीय है कि इन दिनों हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड समेत कई राज्यों में बारिश का कहर बरप रहा है। उत्तराखंड में तो अस्थाई तौर पर अमरनाथ यात्रा रोकनी पड़ी है। पर्यटकों को भी पहाड़ी इलाकों में नहीं जाने की सलाह दी गई है। क्योंकि इन दिनों लैंड स्लाइडिंग का खतरा बना हुआ है।

बिहार में जहरीली शराब पीने से 2 लोगों की मौत

पटना, एजेंसी। बिहार के पूर्वी चंपारण जिले में जहरीली शराब पीने से दो लोगों की मौत हो गई। मृतकों की पहचान घोगराहा बैरिया गांव के सेना के पूर्व जवान गौरी शंकर राम और धवाही गांव के मूल निवासी उमेश पटेल के रूप में की गई है। मृतक के एक रिश्तेदार ने कहा, गौरी शंकर मेरे चाचा थे। उन्होंने शुक्रवार की रात शराब पी। कुछ देर बाद उन्होंने पेट में दर्द और उल्टी की शिकायत की। हमने उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया, जहां उनकी मौत हो गई। उमेश पटेल ने भी शुक्रवार को शराब पी थी और उसे एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जहां उसने अंतिम सांस ली। मोतिहारी (पूर्वी चंपारण) के एसपी कांतेश कुमार मिश्रा ने कहा, हमें दो लोगों की मौत होने की जानकारी मिली है। हमने मामले की जांच के लिए एएसपी श्रीराज के नेतृत्व में एक टीम गठित की है।

पुरी मंदिर का रत्न भंडार बना चुनावी मुद्दा, हो रही सियासत

भुवनेश्वर, एजेंसी।
पुरी जगन्नाथ मंदिर का खजाना रत्न भंडार लोगों के लिए रहस्य बना हुआ है। इसमें संदेह है कि क्या भगवान के बहुमूल्य आभूषण बरकरार हैं या समय के साथ गायब हो गए हैं। ओडिशा विधानसभा और लोकसभा चुनाव नजदीक आने के साथ, भाजपा ने रत्न भंडार को फिर से खोलने का मुद्दा सामने ला दिया है। विधानसभा में ओडिशा सरकार द्वारा दिए गए एक बयान के अनुसार, रत्न भंडार आखिरी बार 1985 में खोला गया था लेकिन क़ीमती सामानों की नवीनतम सूची 1978 में बनाई गई थी।

1985 तक दो हिस्सों में बंटे रत्न भंडार के अंदरूनी कक्ष को किसी ने नहीं देखा था। बाहरी कक्ष नियमित रूप से खोला जाता है और त्योहारों पर पुजारियों द्वारा आभूषण निकाले जाते हैं। उड़ीसा हाईकोर्ट के एक आदेश के अनुसार, 4 अप्रैल 2018 को रत्न भंडार के आंतरिक कक्ष को खोलने का प्रयास किया गया था। लेकिन मंदिर प्रशासन को चाबियां नहीं मिल पाने के कारण इसे नहीं खोला जा सका। रत्न भंडार के अंदर गए अधिकारियों, सेवकों और विशेषज्ञों को बाहरी कक्ष से वापस लौटना पड़ा।

लेकिन रत्न भंडार को खोलने की कोशिश के दो दिन बाद प्रबंध समिति की बैठक में मामला उठने तक प्रशासन ने चाबी गायब होने की बात सार्वजनिक नहीं की। दिलचस्प बात यह है कि कुछ दिनों के हंगामे के बाद अचानक पुरी जिला प्रशासन ने दावा किया कि रत्न भंडार की डुप्लीकेट चाबी उपलब्ध है। डुप्लीकेट कहां से आया और मूल चाबी कहां गयी? इससे देश भर में भगवान जगन्नाथ के भक्तों के बीच बहुत भ्रम पैदा हो गया।

बाद में, रत्न भंडार पर न्यायमूर्ति रघुबीर दास जांच आयोग का गठन किया गया और न्यायमूर्ति दास ने नवंबर, 2018 में राज्य सरकार को अंतिम रिपोर्ट सौंपी थी। आयोग की रिपोर्ट अभी तक विधानसभा में नहीं रखी गई है। इसी पृष्ठभूमि में लंबे समय से रत्न भंडार को दोबारा खोलने की मांग की जा रही है। पिछले साल दिसंबर में अपने ओडिशा दौरे के दौरान बीजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने इस मुद्दे को उठाया था और बीजेडी सरकार पर निशाना साधा था। उन्होंने जगन्नाथ मंदिर के रत्न भंडार की चाबियां गायब होने के बारे में पूछा था। भाजपा प्रमुख ने यह भी आरोप लगाया कि बीजद सरकार महाप्रभु जगन्नाथ के बहुमूल्य रत्नों और संपत्तियों की रक्षा करने में विफल रही है। अलग-अलग अवसरों पर, पार्टी ने रत्न भंडार को फिर से खोलने की मांग की है, जिसे कथित तौर पर कुछ मरम्मत की भी आवश्यकता है। केवल भाजपा ही नहीं, कांग्रेस सहित कई विपक्षी दलों, पुरी के राजा गजपति दिव्यसिंघा देब और पुरी मंदिर के कई वरिष्ठ सेवकों ने भी ओडिशा सरकार से रत्न भंडार को फिर से खोलने और भगवान जगन्नाथ के कीमती सामानों की मरम्मत और सूची बनाने का आग्रह किया है।

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल विश्वभूषण हरिचंदन ने भी मंदिर के खजाने को दोबारा खोलने की मांग की है। हालांकि, राज्य सरकार ने मांग पर कोई ध्यान नहीं दिया। हाथ में कोई विकल्प न होने पर, भाजपा ने हाल ही में उड़ीसा उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाया। ओडिशा बीजेपी के पूर्व अध्यक्ष समीर मोहंती की याचिका को स्वीकार करते हुए हाई कोर्ट ने 5 जुलाई को श्रीजगन्नाथ मंदिर के रत्न भंडार के उद्घाटन पर चार लोगों को नोटिस दिया था।

मोहंती ने आरोप लगाया, 45 साल बीत जाने के बावजूद सरकार ने रत्न भंडार को दोबारा नहीं खोला। जब पुरी के राजा और दुनिया भर के जगन्नाथ भक्त यह जानने का इंतजार कर रहे हैं कि रत्न भंडार में जगन्नाथ की कीमती वस्तुएं सुरक्षित हैं या नहीं, तो सरकार गहरी नींद में है। भाजपा नेता ने कहा कि उन्होंने उच्च न्यायालय का रुख किया है और अदालत ने इसे गंभीरता से लिया है। अगली सुनवाई 7 अगस्त को तय की गई है।

962 नर्सिंग कर्मियों को एक साल का सेवा विस्तार

नई दिल्ली, एजेंसी। दिल्ली सरकार के अस्पतालों में अनुबंध पर काम कर रहे 962 नर्सिंग कर्मियों की सेवा को उपराज्यपाल वीके सक्सेना ने एक साल के लिए बढ़ा दिया है। उन्होंने इस प्रस्ताव को मंजूरी देने के साथ स्वास्थ्य विभाग को इन पदों पर स्थायी कर्मियों की भर्ती के निर्देश दिए हैं। उपराज्यपाल ने हाल में 777 पैरामेडिकल स्टाफ और 476 पार्ट टाइम वोकेशनल शिक्षकों की सेवा के विस्तार को भी मंजूरी दी थी। स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग ने उपराज्यपाल को प्रस्ताव भेजकर इन कर्मियों की सेवाओं को 30 जून 2024 तक बढ़ाने का अनुरोध किया था। उपराज्यपाल ने इस प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग और डीएसएसएसबी को निर्देश दिया कि इन पदों को खाली दिखाकर परीक्षा आयोजित कर स्थाई कर्मियों की नियुक्ति की जाए। उन्होंने तीन माह में इसे लेकर किए गए काम की रिपोर्ट भी मांगी है।

उपराज्यपाल सचिवालय ने बताया कि बीते वर्ष भी उपराज्यपाल ने इन कर्मियों को सेवा विस्तार देते समय नियमित भर्ती के निर्देश दिए थे, लेकिन स्वास्थ्य विभाग ऐसा नहीं कर सका। इसके बावजूद उपराज्यपाल ने इन कर्मियों के सेवा विस्तार को इसलिए मंजूरी दी, क्योंकि इनके काम की प्रकृति आकस्मिक है। आपात स्थिति में उनकी आवश्यकता पड़ सकती है।

किरोड़ी को सदस्य बनाए जाने के सियासी मायने

जयपुर, एजेंसी।
राजस्थान विधानसभा चुनाव से पहले बीजेपी सांसद किरोड़ी लाल मीना और पूर्व प्रदेश अध्यक्ष सतीश पूनिया को बड़ी जिम्मेदारी दी गई है। दोनों को राष्ट्रीय कार्यसमिति का सदस्य बनाया गया है। जेपी नड्डा ने विधासनभा चुनाव से पहले जिम्मेदारी देकर निए सियासी संकेत दिए है। बता दें राजस्थान में 2023 के अंत में विधानसभा चुनाव होने हैं। ऐसे में माना जा रहा है कि किरोड़ी लाल नाराज न हो, इसलिए राष्ट्रीय कार्यसमिति सदस्य बनाया गया है। सियासी जानकार किरोड़ी लाल मीना को कार्यसमिति की सदस्य बनाए जाने के अलग-अलग मायने निकाल रहे हैं। सियासी जानकारों का कहना है कि मोदी कैबिनेट की फेरबदल चर्चाएं है। किरोड़ी लाल की नियुक्ति से माना जा रहा है कि वह केंद्रीय मंत्री बनने की रेस से बाहर हो गए है। इससे पहले राजस्थान बीजेपी की टीम में विधानसभा चुनाव नहीं लड़ने वाले नेताओं को जगह मिली थी। सियासी जानकारों का कहना है कि ऐसे में माना जा रहा है कि किरोड़ी की मोदी कैबिनेट में एंट्री बंद हो सकती है। चर्चा है कि राजस्थान से किरोड़ी लाल मीना, दिया कुमारी और रंजीता कोली मोदी कैबिनेट में शामिल हो सकती है। चुनाव से पहले बीजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष सतीश पूनिया को नई जिम्मेदारी देकर पार्टी आलाकमान ने उनकी नाराजगी दूर करने की कोशिश की है। दरअसल, प्रदेश अध्यक्ष पद से हटाने के बाद सतीश पूनिया अक्सर सीपी जोशी के कार्यक्रमों से दूर रहते हैं। राजधानी जयपुर में सीपी जोशी के नेतृत्व में धरना-प्रदर्शन हुए,लेकिन पूनिया दूर ही रहें। हालांकि, सतीश पूनिया से जुड़े समर्थकों का कहना है कि पहले से तय कार्यक्रम होने के कारण शामिल नहीं पाए। नाराजगी जैसी कोई बात नहीं है। सियासी जानकारों का कहना है कि बीजेपी सतीश पूनिया के जरिए जाटों का साधना चाहती है।

मणिपुर हाईकोर्ट ने सरकार को इंटरनेट से आंशिक प्रतिबंध हटाने का निर्देश दिया

इंफाल, एजेंसी।
मणिपुर उच्च न्यायालय ने राज्य सरकार को यह सुनिश्चित करने के बाद कि सभी हितधारकों ने विशेषज्ञ समिति द्वारा दिए गए सुरक्षा उपायों का अनुपालन किया है, राज्य भर में इंटरनेट लीज लाइन (आईएलएल) के माध्यम से इंटरनेट प्रदान करने पर प्रतिबंध हटाने का निर्देश दिया है। अदालत के सूत्रों ने शनिवार को कहा कि पहले गठित किया गया था। चूंकि मणिपुर में हिंसा की छिटपुट घटनाएं जारी रहीं, राज्य सरकार ने 5 जुलाई को इंटरनेट सेवाओं के निलंबन को 13वीं बार 10 जुलाई तक बढ़ा दिया, ताकि अफवाहों और वीडियो, फोटो और संदेशों के प्रसार को रोका जा सके, जिससे कानून व्यवस्था बिगड़ सकती है। परिस्थिति। न्यायमूर्ति अहानथेम बिमोल सिंह और न्यायमूर्ति ए. गुणेश्वर शर्मा की खंडपीठ ने शुक्रवार को अपने आदेश में राज्य सरकार को जनता के लिए इंटरनेट सेवाओं तक सीमित पहुंच की सुविधा के लिए राज्य भर में आईएलएल के माध्यम से इंटरनेट प्रदान करने पर प्रतिबंध हटाने और फाइबर पर विचार करने का निर्देश दिया। घरेलू कनेक्शन (एफटीएच) मामले-दर-मामले के आधार पर, बशर्ते विशेषज्ञ समिति द्वारा रिकॉर्ड पर रखे गए सुरक्षा उपायों का अनुपालन किया जाता है। इंटरनेट पहुंच बहाल करने के लिए विशेषज्ञ समिति द्वारा निर्धारित कुछ सुरक्षा उपायों में गति को 10 एमबीपीएस तक सीमित करना, इच्छित उपयोगकर्ताओं से वचन लेना कि वे कुछ भी अवैध नहीं करेंगे, और उपयोगकर्ताओं को संबंधित प्राधिकारी/अधिकारियों द्वारा भौतिक निगरानी के अधीन करना शामिल है। उच्च न्यायालय के निर्देश मणिपुर में इंटरनेट सेवाओं की बहाली की मांग को लेकर पहले दायर की गई एक जनहित याचिका के बाद आए, जहां 3 मई से गैर-आदिवासी मैतेई और आदिवासी कुकी समुदायों के बीच जातीय हिंसा फैलने के बाद इंटरनेट निलंबन जारी रहा।वोडाफोन, आइडिया, जियो, बीएसएनएल और एयरटेल के सेवा प्रदाताओं, राज्य सरकार, विशेषज्ञ समिति के सदस्यों, साथ ही आयुक्त (गृह) और निदेशक (सूचना प्रौद्योगिकी), मणिपुर को सुनने के बाद, अदालत ने अपने आदेश में कहा कि मणिपुर में कार्यरत सभी सेवा प्रदाताओं द्वारा सीमित संख्या में विशेष रूप से पहचाने गए और श्वेतसूची वाले मोबाइल नंबरों पर इंटरनेट सेवा प्रदान की जा सकती है, यदि ऐसे मोबाइल नंबरों की पहचान मणिपुर सरकार के गृह विभाग द्वारा की जाती है और उन्हें प्रस्तुत किया जाता है।सेवा प्रदाताओं के सभी अधिकारियों द्वारा यह भी कहा गया है।

भारतीय समुदाय का खालिस्तानियों को करारा जवाब, प्रदर्शनकारियों के सामने शान से लहराया तिरंगा

टोरंटो, एजेंसी।
कनाडा के ओंटेरियो राज्य की राजधानी टोरंटो में खालिस्तान समर्थकों ने शनिवार (8 जुलाई) को भारतीय वाणिज्य दूतावास के बाहर बड़ी संख्या में पहुंचकर प्रदर्शन किया है। इसके जवाब में भारतवंशियों ने हाथों में तिरंगा लहराकर उन्हें मुंहतोड़ जवाब दिया है। आतंकी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या के बाद खालिस्तानी समर्थकों की तरफ से 8 जुलाई को विदेशों में किल भारत रैली आयोजित की गई थी जो पूरी तरह से विफल हो गई है। लंदन में भी भारतीय उच्चायोग के बाहर 30-40 खालिस्तान समर्थकों के इकट्ठा होने की खबरें आई थी। यूके और ऑस्ट्रेलिया में भारतीय दूतावासों के बाहर भीड़ एकत्रित ही नहीं हो पाई। समाचार एजेंसी एएनआई द्वारा पोस्ट एक वीडियो में दिख रहा है कि टोरंटो में खालिस्तान समर्थक हाथों में पीला झंडा लिए हुए भारतीय वाणिज्य दूतावास के बाहर नारे लगा रहे हैं और प्रदर्शन कर रहे हैं तो सड़क के दूसरी तरफ भारतीय समुदाय हाथों में तिरंगा लहराते हुए उनका विरोध कर रहे हैं और कड़ा संदेश देने की कोशिश कर रहे हैं। उधर, खालिस्तान समर्थकों के विरोध प्रदर्शन की आशंका में, संयुक्त राज्य अमेरिका की राजधानी वाशिंगटन डीसी में भारतीय दूतावास के पास सुरक्षा बढ़ा दी गई थी। हालांकि, वहां कोई बड़ी घटना सामने नहीं आई। भारतीय राजदूत तरणजीत सिंह संधू ने भारतीय दूतावास का निरीक्षण किया और पाया कि तनाव के बीच सब कुछ शांत रहा।

इससे पहले 2 जुलाई को खालिस्तान समर्थकों ने सैन फ्रांसिस्को और कैलिफोर्निया में भारतीय वाणिज्य दूतावास को निशाना बनाया था। उस दौरान खालिस्तान समर्थकों की बर्बरता और आगजनी की कोशिश की खबरें सामने आई थीं, क्योंकि खालिस्तान आंदोलन से जुड़े लोगों ने कथित तौर पर वाणिज्य दूतावास की इमारत में आग लगा दी थी। अमेरिका ने इस बर्बरता की निंदा करते हुए आगजनी के प्रयास को एक गंभीर अपराध बताया था। अमेरिकी विदेश विभाग के प्रवक्ता मैथ्यू मिलर ने एक ट्वीट के माध्यम से खालिस्तानी समर्थकों के कदम की कड़ी निंदा की और कथित बर्बरता और आगजनी के प्रयास को एक आपराधिक अपराध करार दिया। संयुक्त राज्य अमेरिका ने राजनयिक परिसरों की सुरक्षा और पवित्रता बनाए रखने के लिए अपनी प्रतिबद्धता दोहराई है। बता दें कि कुछ दिनों पहले भी कनाडा में खालिस्तानी समर्थकों ने भारत विरोधी पोस्टर चिपकाए थे और भारतीय राजनयिको को धमकी दी थी।

आस्ट्रेलिया के बाद ब्रिटेन में भी खालिस्तान समर्थकों का विरोध प्रदर्शन फ्लाप

लंदन, एजेंसी। आस्ट्रेलिया के बाद ब्रिटेन की राजधानी लंदन में भी भारतीय उच्चायोग के बाहर शनिवार को खालिस्तान समर्थकों का विरोध प्रदर्शन फ्लाप साबित हुआ। कनाडा में हरदीप सिंह निज्जर की हत्या के विरोध में किए गए इस प्रदर्शन में बहुत कम लोग शामिल हुए। रैली में भारतीय उच्चायुक्त विक्रम दुरईस्वामी और बर्मिंघम में भारत के महावाणिज्य दूत डॉ. शशांक विक्रम की तस्वीरों के साथ हिंसा के लिए उकसाने वाले विवादास्पद पोस्टरों का इस्तेमाल किया गया। विरोध प्रदर्शन के दौरान बड़ी संख्या में पुलिसकर्मी मौजूद थे जिस कारण प्रदर्शन काफी जल्द खत्म हो गया।

इस सप्ताह की शुरुआत में खालिस्तानी चरमपंथियों द्वारा भारत विरोधी पोस्टर सोशल मीडिया पर सार्वजनिक किए जाने के बाद ब्रिटेन सरकार ने घोषणा की थी।

गाड़ी में रखे गैस सिलेंडर से लीक हुई गैस, हुआ जबरदस्त धमाका; बच्चों समेत 7 की मौत और 14 घायल

सरगोधा, एजेंसी।
पाकिस्तान में पंजाब के सरगोधा जिले में शनिवार को एक गाड़ी में गैस सिलेंडर फट गया। इस हादसे में 7 लोगों की मौत हो गई और 14 अन्य घायल हो गए। रेस्क्यू 1122 कंट्रोल रूम के हवाले से बताया गया कि सात लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि 14 अन्य घायल हैं। घायलों में से सात को गंभीर चोटें आई हैं और उन्हें इलाज के लिए भलवाल तहसील मुख्यालय (टीएचक्यू) अस्पताल में भर्ती कराया गया है। शवों को भी उसी अस्पताल में ले जाया गया, जिनमें से 5 की पहचान अभी तक नहीं हो सकी है। रिपोर्ट के मुताबिक, घायलों में 4 साल और 12 साल के दो बच्चे और 50 साल के दो आदमी भी शामिल हैं। रेस्क्यू 1122 ने कहा कि उन्हें सुबह 8:35 बजे (स्थानीय समयानुसार) घटना के बारे में कॉल अलर्ट आया। इसके तुरंत बाद मौके पर 9 एम्बुलेंस, 3 अग्निशमन वाहन और एक बचाव वाहन को भेजा गया। रेस्क्यू टीम ने कहा कि एलपीजी गैस सिलेंडर से गैस रिसाव के कारण वाहन में आग लगने की उन्हें सूचना मिली। वहीं, पंजाब के कार्यवाहक मुख्यमंत्री मोहसिन नकवी ने घटना पर शोक जताया है और घायलों को बेहतर इलाज मुहैया कराने की बात कही है। एआरवाई न्यूज की रिपोर्ट के अनुसार, वैन में आग लगने की घटना की जांच के आदेश दिए गए हैं। कमिश्नर और आरपीओ (क्षेत्रीय पुलिस अधिकारी) सरगोधा की ओर से इसे लेकर विस्तृत रिपोर्ट मांगी गई है। मोहसिन नकवी ने संबंधित अधिकारियों को घायलों को बेहतर मेडिकल ट्रीटमेंट मुहैया कराने का निर्देश दिया है। गौरतलब है कि इससे पहले जून में पाकिस्तान में तीन अलग-अलग गैस सिलेंडर विस्फोटों में 3 बच्चों सहित 5 लोगों की मौत हो गई थी और 7 अन्य घायल हो गए थे। कुछ दिनों से मूसलाधार बारिश के कारण कई आवासीय संपत्ति को नुकसान पहुंचा। बरसात से जुड़ी घटनाओं में 50 लोगों की मौत हो गई और 87 अन्य घायल हुए हैं। जून के आखिरी सप्ताह में मानसून पूर्व बारिश की शुरुआत हुई थी, जो नियमित अंतराल पर समूचे देश में जारी है। लगातार बारिश से बलूचिस्तान प्रांत में बाढ़ आ गई और राजमार्गों पर यातायात प्रभावित हुआ है। बारिश के कारण देश का सबसे बड़ा प्रांत पंजाब बुरी तरह प्रभावित हुआ है, जहां वर्षा जनित घटनाओं के कारण 34 लोगों की जान गई है। वर्षा संबंधी घटनाओं के कारण खैबर-पख्तूनख्वा में 10 लोगों की, बलूचिस्तान में 5 और पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में एक व्यक्ति की मृत्यु हुई है।

पीरियड्स चेक करने को उतरवाए महिलाओं के कपड़े, गलत डस्टबिन में पैड फेंकने से मैनेजर गुस्सा-एफआईआर

नैरोवी (केन्या), एजेंसी। केन्या में एक 'ब्राउन फूड कंपनी' में पीरियड्स चेक करने के लिए महिला कर्मचारियों के कपड़े उतरवा दिए गए। गलती बस इतनी थी कि किसी महिला कर्मचारी ने यूज किया हुआ सैनिटरी नैपकिन गलत कूड़ेदान में फेंक दिया था।

इससे गुस्साई मैनेजर ने सभी कर्मचारियों को बुलाकर पूछा कि यह काम किसने किया है। जवाब न मिलने पर उसने गलत डस्टबिन में सैनिटरी नैपकिन फेंकने वाली कर्मचारी का पता लगाने के लिए सबसे कपड़े उतारने को कहा।घटना ब्राउन्स फूड की एक चीज फैक्ट्री की है। पीरियड्स शेमिंग की घटना मानकर दुनिया भर में इसका विरोध किया जा रहा है। पीरियड्स शेमिंग में मेन्सट्रुअल साइकल या पीरियड से जुड़ी चीजों को लेकर महिला को कमतर दिखाना या उसके साथ गैरबराबरी का बर्ताव करना आता है। केन्या में एशियाई देशों की तरह पीरियड्स शेमिंग की घटनाएं देखने को मिलती हैं।सीनेटर ने फेसबुक वीडियो शेयर कर घटना के बारे में बताया 'पीरियड शेमिंग' के खिलाफ मुखर सीनेटर ग्लोरिया ओर्वोबा ने इस घटना के बारे में फेसबुक पर एक वीडियो शेयर किया। सीनेटर ने कहा कि उन्होंने इस मामले में हस्तक्षेप करने का प्रयास भी किया लेकिन कंपनी इस मुद्दे को नहीं सुलझा सकी।

आरोपों के बाद कार्रवाई करते हुए ब्राउन्स फूड कंपनी ने मामले की जांच होने तक आरोपी मैनेजर को निलंबित कर दिया है। पुलिस ने इस मामले में कंपनी के तीन कर्मचारियों को गिरफ्तार किया है। मामला बढ़ने पर ब्राउन्स फूड कंपनी ने अपनी वेबसाइट पर एक बयान जारी कर इस घटना पर दुख जाहिर किया। कंपनी ने कहा कि हमारा काम करने का तरीका ऐसा नहीं है। हम इस तरह की घटनाओं को रोकने के लिए अपने स्टाफ को संवेदनशील और जागरूक कर रहे हैं।कंपनी ने भरोसा दिलाया है कि दोबारा ऐसा कुछ न हो इसके लिए वे अपनी टीम में महिला हेल्थ एक्सपर्ट को भी शामिल करेंगे। वहीं, पुलिस ने कहा है कि उन्होंने सभी पीड़िताओं से बातचीत की है। मामले की जांच जारी है और शुरुआती एक्शन के तहत प्रमुख आरोपियों को पकड़ लिया गया है। महिलाओं से इस तरह की बदसलूकी की यह पहली घटना नहीं है। देश-विदेश में कई दफा ऐसी घटनाएं हुईं, जहां महिलाओं को अलग-अलग वजहों से कपड़े उतारने के लिए मजबूर किया गया है।

मुद्रक तथा प्रकाशक रंजीत राय द्वारा स्वामी आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड, प्लॉट नं. सी-16 एवं 17, रोड नं. 9, पाटलिपुत्रा इंडस्ट्रीयल एरिया, पटना-800013 के पक्ष में आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड प्रेस से मुद्रित एवं सी-20, एस.के. पुरी, नियर बसावन पार्क, पटना, बिहार-800013 से प्रकाशित संपादक- देवन प्रसाद
(नोटः प्रकाशित सभी लेखों आदि से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं और किसी भी कानूनी वाद-विवाद का निपटारा पटना न्यायालय में ही किया जाएगा।) RNI. No. BIHHIN/2013/49676, Email: news@pratahkiran.com, patna@pratahkiran.com, 9212228045, 8130691216, 9971557129